
शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं 09 अक्टूबर 2024 बुधवार
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





शहरी विकास के तहत मेट्रो, ठोस कचरा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी पर जोर 2



# उमर अब्दुल्ला होंगे जम्मू-कश्मीर के नए सीएम, बोले फारुक... पावर शेयरिंग कोई मुद्दा नहीं

♦ जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस को 42, बीजेपी को 29 और कांग्रेस को छह सीटों पर मिली है जीत

**एजेंसी/ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव रिजल्ट की तस्वीर साफ हो गई है। 10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है। एनसी ने यहां 42 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस को छह सीटों पर जीत मिली। दोनों ही दलों की सीटें मिलाकर यह 48 हो जाती है, जो सरकार बनाने के आंकड़ों से दो सीट ज्यादा है। बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर में 29 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को तीन, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, सीपीआई (एम) को एक-एक सीट मिली है। 7 निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी यहां परचम लहराया है। बीजेपी ने सभी 29 सीटें जम्मू रीजन में जीती है। वहीं एनसी ने ज्यादातर सीटें कश्मीर रीजन में जीती हैं। फारूर अब्दुल्ला ने जीत के बाद कहा कि उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे।



## आर्टिकल 370 खत्म करने से जनता नहीं थी खुश : उमर

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट फारूक अब्दुल्ला ने ऐलान कर दिया है कि उनके बेट उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के सीएम होंगे। इस चुनाव में उमर अब्दुल्ला ने इस चुनाव में बडगाम और गांदरबल दो सीटों से नामांकन भरा था। वह दोनों ही जगहों से जीते हैं। जानकारी के मुताबिक नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 8 सीटों पर चुनाव जीत लिया है जबकि इसकी सहयोगी कांग्रेस ने भी एक सीट जीत ली है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन विधानसभा चुनाव में उन्होंने शानदार जीत की है। बडगाम से नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर 18 हजार से ज्यादा वोटों से जीते हैं। जबकि गांदरबल से भी वह 6 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने दोनों सीटों पर मिली बड़ी जीत के बाद जनता का शुक्रिया अदा किया। इधर, विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर शुक्रिया अदा करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता ने बता दिया है कि वह आर्टिकल 370 खत्म किए जाने के फैसले से खुश नहीं है। मैं सिर झुकाकर विनम्रता के साथ जनता के फैसले को स्वीकार करता हूं। हमारे लोगों ने उम्मीद से बढ़कर नवाजा है। उमर के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री फारूक अब्दुल्ला ने भी कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर जनता ने भरोसा दिखाया है।

## नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां होंगी : फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को घोषित किए जाएंगे। इससे पहले घाटी में सियासी हलचल तेज हो गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आने वाली सरकार के लिए बेशुमार दुश्वारियां मुंह बाए खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में जो भी नई सरकार बनेगी, उसे एक या दो नहीं, बल्कि बेशुमार दुश्वारियों का सामना करना होगा, क्योंकि यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर अधर में पहुंच गया है। प्रदेश के चुनौतियों के ग्राफ में इजाफा हुआ है।

## पीएम मोदी ने कश्मीरी हिन्दुओं पर श्वेत पत्र बनाने का किया वादा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव प्रचार के दौरान एक श्वेत पत्र जारी करने का वादा किया है। पीएम ने कहा कि हम कश्मीरी हिंदुओं पर एक श्वेत पत्र बनाएंगे। भाजपा कश्मीर कश्मीरी हिंदुओं को घाटी में वापस लाने का प्रयास कर रही है। यह बदलाव मोदी द्वारा नहीं लाया गया है। यह बदलाव आपलोगों लेकर आए है। हम हमेशा आपके साथ रहेंगे। जम्मू-कश्मीर को कभी भी पीछे नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा।

## खबरें फटाफट

### दशहरा में एमपी व यूपी की कई ट्रेनें रद्द

**नई दिल्ली।** देश में त्योहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। इस बीच बस, ट्रेन और विमानों में यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। एक तरफ जहां फ्लाइट का किराया बढ़ा हुआ है। जबकि बसों में टिकट नहीं मिल रही है। वहीं ट्रेनों में भी टिकटों की मारामारी शुरू हो गई है। इसी बीच रेलवे महानवमी और दशहरे पर घर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है।दरअसल, रेलवे ने पिछले कुछ समय से कई ट्रेनों को कैंसिल किया है।

### कुल्हाड़ी-फावड़े से काट कर दो भाइयों की हत्या

**आगरा।** आगरा के थाना खंदौली के गांव गुड़ा में मंगलवार को खेत से ट्रैक्टर निकालने के विवाद में एक ही खानदान के दो परिवारों में खूनी संघर्ष हुआ। चचेरे भाई और उसके बेटों ने लाठी-डंडों, फावड़े और कुल्हाड़ी से हमला कर दो भाइयों की काटकर हत्या कर दी। बचाने आई परिवार की महिला और बेटे को भी गंभीर घायल कर दिया। वारदात के बाद हमलावर भाग निकले। सूचना पर दो घंटे बाद पुलिस पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**कांग्रेस ने अपनी हार का ठिकरा हमेशा की तरह ईवीएम पर फोड़ा, भाजपा ने जनता को किया नमन**

# हरियाणा में फिर बीजेपी की सरकार 48 सीटों के साथ लगाई जीत की हैट्रिक

**केटी न्यूज/चड़ीगढ़**

बीजेपी ने हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस के खाते में 37 सीटें आई हैं। इसके अलावा इंडियन नेशनल लोकदल को 2 सीटों पर जीत मिली है। उधर 3 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। बीजेपी हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाएगी। हरियाणा में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगाकर कांग्रेस और अन्य दलों को चौंका दिया है। दरअसल एग्जिट पोल के नतीजों में कांग्रेस को भारी सीटों के साथ सरकार बनाने की स्थिति में दिखाया गया था। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। हरियाणा में भगवा रंग फिर चढ़ गया है। उधर हरियाणा में बीजेपी की जीत के साथ ही देश का सियासी पारा हाई हो गया है। कांग्रेस अपनी हार की ठींकरा हमेशा की तरह ईवीएम पर ही फोड़ रही हैं।

**बीजेपी ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की:** हरियाणा में बीजेपी ने जीत की हैट्रिक लगाई है। हरियाणा में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। 48 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस के खाते में 37 सीटें आई हैं। इसके अलावा इंडियन नेशनल लोक दल को 2 सीटों पर जीत मिली है। वहीं 3 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। हरियाणा जीत ने बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं का जोश एक बार फिर हाई कर दिया है। किरण चौधरी तीन बार हरियाणा के मुख्यमंत्री तीन बार सांसद और 7 बार विधायक रहे चौधरी बंसी लाल की बहु हैं और उनका हरियाणा के जाट वोटरों में अच्छा खासा आधार है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा खुद जाट नेता होने के कारण किसी अन्य जाट नेता को राज्य में उभरने नहीं देना चाहते थे लिहाजा कांग्रेस में किरण चौधरी के लिए हालत ऐसे बना दिए गए कि उन्हें पार्टी से अलविदा कहना पड़ा। इस से पहले अगस्त 2022 में कुलदीप बिश्नोई और उनकी पत्नी रेणुका ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा का दामन थाम लिया था। कुलदीप बिश्नोई पूर्व मुख्य मंत्री भजन लाल के बेटे हैं और उनका अपना राजनीतिक आधार है लेकिन हुड्डा के प्रभाव के कारण ही कांग्रेस में उन्हें सम्मान नहीं मिला लिहाजा वह भाजपा में चले गए।



## बोले पीएम मोदी... हरियाणा को हृदय से आभार

हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद पीएम मोदी ने किया कि बीजेपी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है। इसी का नतीजा है कि भाजपा को हरियाणा में यह ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है।

| पार्टी | आगे | जीते | कुल (+/-) | 2019 |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 0 | 48 | 48(7) | 41 |
| कांग्रेस+ | 1 | 36 | 37(6) | 31 |
| जजपा+ | 0 | 0 | 0(-10) | 10 |
| इनेलो+ | 0 | 2 | 2(1) | 1 |
| अन्य | 0 | 3 | 3(-4) | 7 |

## भूपेंद्र हुड्डा का पार्टी पर आधिपत्य जमाना पड़ गया कांग्रेस को भारी

**चड़ीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस में आधिपत्य स्थापित करने के चक्कर में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन तमाम बड़े नेताओं को कांग्रेस से निकलवा दिया जिनका राजनीतिक आधार था। कांग्रेस को ताजा झटका इस चुनाव से पहले ही किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के पार्टी छोड़ने के कारण लगा। किरण चौधरी ने पार्टी छोड़ते समय अपने ट्विटर पर लिखा कि मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। हरियाणा के जनक चौ.बंसीलाल के संस्कारों व विचारधारा को हरियाणा में प्रसारित करना और क्षेत्र एवं प्रदेश का ईमानदारी से विकास करना मेरी हमेशा प्राथमिकता रहेगी।

## झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बनाई रणनीति

**केटी न्यूज/रांची**

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक की। इस दौरान चुनाव के लिए रणनीति और उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में उन उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई, जिन्हें पार्टी राज्य विधानसभा चुनाव में उतार सकती है। भाजपा की झारखंड इकाई संभावित उम्मीदवारों की सूची लेकर यहां आई थी, जिसमें प्रत्येक विधानसभा सीट के लिए कम से कम तीन नाम सुझाए गए हैं। इसके अलावा, बैठक में सहयोगी दलों के साथ पार्टी के सीट बंटवारे के फॉमूर्ले पर भी चर्चा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और शिवराज सिंह चौहान तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा शामिल हुए। चौहान, पार्टी के झारखंड प्रभारी हैं और शर्मा सह-प्रभारी हैं। भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य से पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित थे।झारखंड में भाजपा, जद (यू) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के साथ गठबंधन में विधानसभा चुनाव लड़ने वाली है।



साथ ही, भाजपा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ भी चुनाव पूर्व गठबंधन करने पर विचार कर सकती है।पासवान ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है और इस बारे में जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि वह भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत चुनाव लड़ेगी या फिर अपने बूते चुनाव मैदान में उतरेगी।लोजपा (रामविलास) के प्रमुख ने यहां उद्योग मंडल 'फिक्की' के एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, 'मैंने कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हमने देश के मौजूदा राजनीतिक हालात और आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा की। झारखंड पर भी चर्चा हुई।'झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।

## जीएसटी घोटाले में पत्रकार गिरफ्तार फर्जी दस्तावेज बनाने का लगा आरोप

**एजेंसी/अहमदाबाद**

जीएसटी घोटाले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने गुजरात के एक वरिष्ठ पत्रकार को गिरफ्तार किया है। पत्रकार पर फर्जी दस्तावेजों के जरिये पत्नी और पिता के नाम पर बोगस फर्म बनाने और संदिग्ध लेन-देन का आरोप है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अजीत राजियन ने कहा कि पूछताछ के बाद पत्रकार महेश लंगा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया। डीसीपी ने कहा कि केंद्रीय जीसएटी विभाग ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके महेश लंगा की पत्नी और पिता के नाम पर बनाई गई फर्जी फर्मों में कुछ संदिग्ध लेन-देन पाया था। क्राइम ब्रांच ने बताया कि केंद्रीय जीएसटी से शिकायत मिलने के बाद फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाकर सरकार को धोखा देने के इरादे से चल रही फर्जी फर्मों और कई व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। क्राइम ब्रांच ने गुजरात की आर्थिक अपराध शाखा के साथ मिलकर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा और भावनगर समेत राज्य भर में 14 जगहों पर छापेमारी की। क्राइम ब्रांच ने कहा कि फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाकर सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए देश भर में 200 से अधिक फर्जी फर्में बनाई गईं थीं।

## केस पेंडिंग है, जमानत से इनकार का यह आधार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर आरोपी के खिलाफ कोई और केस पेंडिंग है तो जमानत से इनकार करने का यह आधार नहीं हो सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि आरोपी तब तक निर्देष माना जाता है जब तक कि वह दोषी करार नहीं दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने आरोपी को राहत प्रदान की है। आरोपी को मर्डर केस में दोषी करार दिया जा चुका है, लेकिन हाई कोर्ट ने सजा सस्पेंड करने से मना कर दिया था।आरोपी ने दोषी करार दिए जाने के बाद सजा सस्पेंड करने की गुहार लगाते हुए कहा था कि अन्य दोषियों को राहत मिल चुकी है और आधार पर उसे भी राहत दी जानी चाहिए। इस दौरान आरोपी की सजा सस्पेंड करने की गुहार का यूपी सरकार की ओर से पेश वकील ने विरोध किया था और कहा था कि आरोपी के खिलाफ एक अन्य क्रिमिनल केस भी पेंडिंग है। इलाहाबाद हाई कोर्ट से आरोपी को राहत नहीं मिली तब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोषी के खिलाफ कोई अन्य क्रिमिनल केस के पेंडिंग होने से उसकी सजा सस्पेंड करने की अर्जी को नकारा नहीं जा सकता है और दोषी करार दिए जा चुके नरेंद्र सिंह की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने सस्पेंड कर दिया दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया और दोषी की सजा सस्पेंड करने की अर्जी को स्वीकार कर लिया।

**भुवनेश्वर के भरतपुर पुलिस थाने में हुई घटना के बाद गृह विभाग ने उठाया कदम**

# थानों में उचित व्यवहार के लिए जल्द तैयार होगी मानक संचालन प्रक्रिया

**एजेंसी/भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार ने मंगलवार को उच्च न्यायालय को बताया कि राज्य का गृह विभाग जल्द ही थानों में उचित व्यवहार के लिए पुलिसकर्मियो के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगा। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी दयाल गंगवार ने एक हलफनामे के जरिए उड़ीसा उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय ने इसके लिए आदेश जारी किया था। यह कदम भुवनेश्वर के भरतपुर पुलिस थाने में हुई हालिया घटना का बाद उठाया गया है, जहां सेना के एक अधिकारी और उनकी महिला मित्र के साथ पुलिस कर्मचारियों ने कथित तौर पर मारपीट की थी। यह घटना सितंबर के शुरुआत में हुई थी। सड़क पर झगड़े की शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे सेना अधिकारी उनकी मित्री के साथ कथित मारपीट के बाद जनता में आक्रोश पैदा हो गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निदेर्शों के उल्लंघन पर जताई। थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए किए जा रहे उपाय गंगवार ने अदालत से कहा कि राज्यभर के सभी पुलिस थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए उपाय किए जा रहे हैं और यह काम 15 दिनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।



## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के कदमों पर जताया संतोष

दयाल गंगवार बताया कि राज्य सरकार दो नई वीडियो प्रबंधन प्रणालियों (वीएमएस) पर काम कर रही है, जिससे डीजीपी और सभी 32 जिला पुलिस पुलिस प्रमुख सीसीटीवी फुटेज की निगरानी कर सकेंगे। हाई कोर्ट ने सेना अधिकारी से जुड़े मामले में राज्य सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर संतोष जताया। मामले पर अगले महीने फिर सुनवाई होगी। इस बीच, राज्य सरकार ने घटना की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। पुलिस की जांच को अपराध शाखा को सौंप दिया गया है और मामले में शामिल पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि इस घटना के बाद जनता के बीच आक्रोश उभरकर सामने आ गया था।



# नवरात्रि पर अपनी 'महिला शक्ति' को नौ रूपों में दिखा रही बिहार पुलिस

♦ बिहार पुलिस का यह प्रयास समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनकी सुरक्षा तैयारियों को प्रदर्शित हो सके

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार पुलिस ने इस नवरात्रि के मौके पर एक खास सोशल मीडिया कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है वोशक्ति है। इस कैंपेन के जरिए पुलिस अपनी महिला कर्मियों की भूमिका को दुर्गा के नौ रूपों से जोड़कर प्रस्तुत कर रही है। बिहार पुलिस का यह प्रयास समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनकी सुरक्षा तैयारियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

**महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ती भागीदारी:** बिहार पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इसी को ध्यान में रखते हुए, पुलिस ने जीआरपी, एसटीएफ, एटीएस, ट्रैफिक, एसडीआर और इआर-एसएस जैसी इकाइयों में काम कर रही महिला कर्मियों को इस कैंपेन के तहत लोगों के सामने प्रस्तुत किया है। इन वीडियो के जरिए दिखाया जा रहा है कि किस तरह ये महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में कुशलता से काम कर रही हैं। चाहे वह आतंकी विरोधी अभियान



हो, यातायात व्यवस्था हो या आपातकालीन सेवाएं प्रदान करना हो। अभियान के तहत बिहार पुलिस ने हाल के दिनों में सोशल मीडिया को जागरूकता फैलाने का एक प्रमुख साधन बनाया है। ट्रैफिक नियमों, साइबर अपराधों और त्योहारों के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर जनता को सतर्क करने के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान

बिहार पुलिस ने हाल के दिनों में सोशल मीडिया को जागरूकता फैलाने का एक प्रमुख साधन बनाया है। ट्रैफिक नियमों, साइबर अपराधों और त्योहारों के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर जनता को सतर्क करने के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर के एसपी विशाल शर्मा ने एक वीडियो शेयर करते हुए महिला कर्मियों की बहादुरी को सराहा और उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक बताया। उनकी बहादूर और साहस के बारे में बताया जा रहा है।

### लोगों की आ रही सकारात्मक प्रतिक्रिया

बिहार पुलिस द्वारा जारी किए गए इन वीडियो पर लोगों की तारीफें मिल रही हैं। खासकर नवरात्र के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की शक्ति और सेवा को दिखाकर पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है।लोगों का कहना है कि इस तरह की सकारात्मक कहानियों से समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। अब तक दुर्गा के छह रूपों को दिखाया गया है और लोग बाकी वीडियो का भी इंतजार कर रहे हैं। इससे लोगों की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी मिल रही है।

# साध्वी की वेष में गया स्टेशन से पकड़ी गई 50 हजार की इनामी लेडी डॉन

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी पुलिस, एसओजी और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लेडी डॉन को गया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लेडी डॉन पर 50 हजार का इनाम सरकार ने घोषित किया था। गिरफ्तार लेडी डॉन पर एक दर्जन से अधिक हत्या, हत्या का प्रयास सहित आपराधिक मामला दर्ज है। गिरफ्तार महिला प्रतिबंधित संगठन से जुड़ी बताई जा रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हत्या और लूट मामले में 50 हजार की इनामी अपराधी को मोतिहारी पुलिस ने गया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। महिला अपराधी पर दर्जनों संगीन मामले दर्ज हैं। पकड़ी दयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार, पुअनि संजय कुमार के साथ पताही थाना ने इसको गया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। यह पुलिस से बचने हेतु आर्ट ऑफ लिविंग में साध्वी का वेष बनाकर छुपकर रह रही थी। बताया जाता है कि पति की हत्या के बाद रीता सिंह का खौफ इतना बढ़ गया कि लोग उसे लेडीज डॉन कहते थे। पताही प्रखंड के वेतौना के चर्चित मुखिया स्वर्गीय जितेंद्र सिंह की यह पत्नी है। जितेंद्र सिंह की नक्सलियों ने स निर्मम तरीके से हत्या कर दिया था।

## बिहार में शहरी विकास को गति देने के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा

# शहरी विकास के तहत मेट्रो, ठोस कचरा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी पर जोर

**केटी न्यूज/पटना**

नगर विकास एवं आवास विभाग ने मंगलवार को पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार में शहरी विकास को गति देने के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा की। माननीय मंत्री नितिन नवीन ने इस मौके पर बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत कुल 74 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं। जबकि 55 योजनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण किया जा चुका है। यह जानकारी नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह के साथ साझा की गई।

**ठोस कचरा प्रबंधन पर जोर**

मंत्री ने ठोस कचरा प्रबंधन को सरकार की प्राथमिकताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन के लिए जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ प्रबंधन की नई पहलें की जा रही हैं। भागलपुर में ग्रीन फ्यूनरल सिस्टम की शुरूआत की गई है और इसे हर जिले में लागू करने की योजना है। पटना में 100 टन प्रतिदिन की क्षमता वाले कचरा प्रसंस्करण संयंत्र और उपयोग किए गए जल के प्रबंधन के लिए आधुनिक प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। ताकि आम जनता को सहूलियत मिल सके।



### पटना मेट्रो रेल परियोजना

पटना मेट्रो रेल परियोजना जो कि 32.5 किलोमीटर लंबी होगी, के अंतर्गत 25 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इसकी कुल लागत ?13,365.77 करोड़ है। इसके तहत दो मुख्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जो शहर के प्रमुख स्थलों को जोड़ेंगे। सरकार ने नगर विकास एवं आवास विभाग में अगले एक वर्ष में 3,956 पदों पर नियमित नियुक्ति की योजना बनाई है। सहायक अभियंता और नगर कार्यपालक पदाधिकारियों के पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसके अलावा, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 272 सहायक लोक स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### स्मार्ट सिटी मिशन

मंत्री नितिन नवीन ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए आईसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) की स्थापना की गई है। चार स्मार्ट सिटी पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और बिहारशरीफ के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक को 100 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है। ताकि इसका विकास

### मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना

इस योजना के तहत, राज्य के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से ?500 करोड़ की राशि आवंटित की जाएगी। मंत्री ने बताया कि इस योजना में जल निकासी, सड़कों का निर्माण और पार्कों के विकास को शामिल किया जाएगा।

### पेयजल आपूर्ति योजनाएं

मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना के तहत राज्य के सभी 261 नगर निकायों में हर परिवार को नल का शुद्ध जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस योजना के अंतर्गत लगभग 26,66,277 घरों में जल आपूर्ति की जा चुकी है। आने वाले समय में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की योजना है। नमामि गंगे कार्यक्रम गंगा नदी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 37 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से कई सीवरेज परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। बिहार के 27 शहरों में गंगा और उसकी सहायक नदियों के तटों पर कार्य चल रहा है। ताकि आम जनता का साफ व स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके। इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# सहरसा में तटबंध व सड़कों पर ही मनेगा बाढ़ पीड़ितों का दशहरा



**केटी न्यूज/सहरसा**

सहरसा जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए इस साल का दशहरा बेहद दर्दनाक और फीका साबित हो रहा है। पश्चिमी कोसी तटबंध के टूटने से आई विनाशकारी बाढ़ ने सैकड़ों परिवारों को अपने गांव छोड़कर तटबंध और सड़कों के किनारे शरण लेने पर मजबूर कर दिया। गंडौल, ब्रह्मपुर, मोहनपुर, रही टोल, पुनाछ, जलई, मनोवर, खोरा बर्तन, शंकरथुआ और घोंघेपुर जैसे कई गांव अब भी बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं, जिससे लोग अपने घरों में दुर्गापूजा का पारंपरिक आयोजन नहीं कर सके।

**प्रकृति की मार से फीका पड़ा दशहरा उत्सव:** जानकारी के मुताबिक, 28 सितंबर की रात पश्चिमी कोसी तटबंध के टूटने से जो बाढ़ आई, उसने इन गांवों के दशहरे की खुशियों को बहा दिया। घरों में कलश स्थापना, दुर्गासप्तशती का पाठ और देवी के समक्ष पूजा-अर्चना करने जैसी परंपराओं को निभाने में असमर्थ रहे बाढ़ पीड़ित इस बार सड़कों और तटबंधों पर शरण लिए हुए हैं। उनके गांवों में अब तक पानी भरा हुआ है और अगर बारिश न हुई तो भी इस पानी के सूखने में कम से कम 15 दिन और लगेंगे। पुनाछ गांव के सड़क किनारे ही दुर्गापूजा का आयोजन किया गया है, जहां देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। महिलाएं और पुजारी नियमित रूप से पूजा कर रहे हैं, लेकिन चेहरों पर बाढ़ का दर्द साफ झलक रहा है। बच्चों के लिए इस बार न तो नए कपड़े हैं और न ही मेले का उत्साह है। वे देवी की प्रतिमा देखकर उदास हैं, क्योंकि इस बार उनका दशहरा फीका हो गया है।

**धार्मिक परंपराओं में आई बाधा**

बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि वे हर साल दशहरा के दौरान कलश स्थापना करते थे, नियमपूर्वक पूजा-अर्चना करते थे। लेकिन इस बार सभी परंपराएं टूट गईं। मोहनपुर अमाही की सावित्री देवी ने कहा कि हमारे घर के गोंसाई (गृहदेवता) भी बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। हर साल कलश स्थापना कर पूजा करती थी, लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी नहीं हो सका। बाढ़ पीड़ितों को राहत शिविरों में मिलने वाले भोजन के साथ समझौता करना पड़ रहा है। शंकरथुआ की वंदना कुमारी ने कहा कि दशहरा के दौरान नौ दिनों तक मैं बिना लहसुन-प्याज के भोजन करती थी।

## एक नजर

# गोपालगंज के तीन मैरिज हॉल में छापामारी, 40 लड़के-लड़कियां आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार



**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के थावे मंदिर के पास मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस में मंगलवार को पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने तीन अलग-अलग मैरिज हॉल से 40 लड़के और लड़कियों को आपत्तिजनक हालत में हिरासत में लिया है। वहीं, पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में तीनों मैरिज हॉल को सील कर दिया है। वहीं, प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है। प्रशासन का कहना है कि आपत्तिजनक हालत में लड़के और लड़कियां पाए गए हैं। वहीं, फरार संचालकों पर भी पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है।जानकारी के मुताबिक, थावे स्थित मैरिज हॉल में सीओ रवि भूषण गौरव और थावे थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में छापामारी करते हुए 20 प्रेमी युगल को गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी के दौरान तीनों मैरिज हॉल से कई संदिग्ध सामान, दर्जनों मोबाइल और बाइक बरामद की गई।वहीं, इस मामले में सीओ रवि भूषण गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि थावे मंदिर स्थित गौरी शंकर मैरेज हॉल, न्यू गौरी शंकर मैरिज हॉल और शुभम मैरिज हॉल में संचालकों द्वारा पिछले कई महीनों से कमरे बुक कर अवैध धंधा कराया जा रहा है। इसको लेकर तीनों मैरिज हाल में एक साथ छापामारी की गई। छापामारी के दौरान कुछ लड़कों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सख्ती से भाग नहीं सके। सभी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ करने में जुट गई है। उन्होंने बताया कि तीनों मैरिज हॉल को सील कर दिया गया है। मैरिज हॉल संचालकों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### अपहरण के दोषी को सात साल की जेल

**मधेपुरा।** कोसी प्रमंडल के अंतर्गत मधेपुरा जिले की एक अदालत ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में दोषी पाए गए आरोपी को सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने दोषी पर 10,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अगर आरोपी यह जुमार्ना अदा नहीं करता है, तो उसे तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# मोतिहारी में ट्रक की टक्कर से क्रेन चालक व उपचालक की मौत, एनएच-27 रहा जाम

♦ जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के एनएच-27 पर हुआ भीषण हादसा

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी जिले के कोटवा थानाक्षेत्र में ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के एनएच-27 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की जान चली गई। मंगलवार सुबह बंगरा चौक के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने क्रेन (किरान) चालक और उपचालक को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान पीपराकोठी निवासी इरबाज आलम (25) और पंडितपुर निवासी पृथ्वीनाथ साह (30) के



रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई जब दूध से लदा एक पिकअप वाहन एनएच-27 के बेलवा चौक के पास पलट गया था। इसे हटाने के लिए पीपराकोठी से एक किरान (क्रेन) को बुलाया गया, जिसका संचालन पृथ्वीनाथ साह और इरबाज आलम कर रहे थे। जब बंगरा चौक पर किरान में तकनीकी खराबी आ गई, तो चालक और उपचालक उसे ठीक करने के लिए नीचे उतरे। उसी समय, पीछे से तेज गति में आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद, आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों के साथ मिलकर मुआवजे की मांग करते हुए एनएच 27 को जाम कर दिया। तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिनमें पीपराकोठी के मुखिया हेमंत कुमार और कोटवा गोपी छपरा के मुखिया प्रतिनिधि उमाकांत सिंह शामिल थे, ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया।बताया जा रहा है कि इरबाज आलम अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और अविवाहित था।

### वंदे भारत ट्रेन का बख्तियारपुर स्टेशन पर होगा ठहराव


**दानापुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर मंडल के बख्तियारपुर, दनियावां हाल्ट एवं पावापुरी रोड स्टेशनों पर एक-एक जोड़ी ट्रेनों का प्रायौगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है, जिनका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी सं. 22348/47 पटना-हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहराव-दिनांक 13.10.2024 से गाड़ी सं. 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 08.37 बजे बख्तियारपुर पहुंचेगी और 08.39 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 13.10.2024 से गाड़ी सं. 22347 हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 21.32 बजे बख्तियारपुर पहुंचेगी और 21.34 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## विधायक ने पत्र में किया उल्लेख, मैथिली भाषा का इतिहास 14वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है

# भाजपा विधायक ने पीएम मोदी को लिखा पत्र मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा की मांग की

**केटी न्यूज/ पटना**

दरभंगा के केवटी से भाजपा विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मैथिली भाषा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विरासत के कारण शास्त्रीय भाषा के सभी मापदंडों को पूरा करती है। भाजपा विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मैथिली भाषा का इतिहास 14वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है और यह भाषा न केवल भारत बल्कि नेपाल के भी बड़े हिस्सों में बोली जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि मैथिली से कई अन्य भाषाओं का उद्भव हुआ है, जो इसकी पुरातनता और प्रभाव को दशार्ता है। अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में मैथिली



को भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल किया गया था। लेकिन इसे बीपीएससी परीक्षाओं से बाद में हटा दिया गया, जिससे भाषा प्रेमियों में निराशा फैल गई थी।

**शास्त्रीय भाषा का दर्जा क्यों जरूरी**

मुरारी मोहन झा ने तर्क दिया कि मैथिली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से न केवल इसके भाषाई और सांस्कृतिक संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि शिक्षा और अनुसंधान में भी वृद्धि होगी। शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से शिक्षा और मीडिया जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे, जिससे क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम मैथिली भाषा के लिए सम्मान और गौरव का प्रतीक होगा और इससे इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिलेगी।

**सरकार से कार्रवाई की अपील**

विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने बताया कि केंद्र सरकार को पहले ही मैथिली को शास्त्रीय दर्जा देने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने बिहार सरकार से अपील की कि भाषा और साहित्य के विकास को लेकर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मैथिली का गौरव और सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित रह सके।



# आज से विजयादशमी तक शहर में वर्जित रहेगा भारी वाहनों का प्रवेश, तय हुआ रूट चार्ट

- दशहरा मेला को ले जिला प्रशासन ने जारी किया यातायात एडवाइजरी
- शहर के बाहरी सीमा पर ही रोक लिए जाएंगे भारी वाहन

**केटी न्यूज/बक्सर**



दशहरा मेला को शांतिपूर्ण निपटाने तथा मेला घूमने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात एडवाइजरी जारी की है। ताकी मेला के भीड़ में श्रद्धालुओं को खास परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। वही, पुलिस प्रशासन के लिए भी विधि व्यवस्था का संधारण आसान हो जाएगा। डीएम के निर्देश पर जारी की गई यह एडवाइजरी 9 से 12 अक्टूबर ( सप्तमी से दशहरा तक ) तक जारी रहेगी। सभी वाहन चालकों को इस एडवाइजरी का पालन करने का निर्देश दिया गया है। वही, इसका उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सीमा पर ही रोक लिए जाएंगे भारी वाहन

जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि दशहरा मेला के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया जाएगा। सुबह दस बजे से अगले दिन के सुबह तीन बजे तक यह रोक जारी रहेगी। वही ट्रक, ट्राली, ट्रैक्टर तथा अन्य मालवाहक वाहनों को शहर की सीमा के बाहर ही रोका जाएगा। गाइड लाइन में बताया गया है कि इस दरम्यान भारी वाहनों को बक्सर चौसा मार्ग पर दानी कुटिया, बक्सर डुमरांव मार्ग पर अहिरौली मोड़ तथा बक्सर इटाढ़ी मार्ग पर हुकहां के पास रोका जाएगा। ये तीनों प्वांइट शहर के बाहरी सीमा पर स्थित है।

### शाम पांच के बाद बाइक का परिचालन नहीं होगा

यातायाता गाइड लाइन में निर्देश दिया गया है कि सप्तमी से दशहरा तक शहर में मोटरसाईकिल का परिचालन शाम पांच बजे के बाद बंद रहेगा। श्रद्धालु तथा मेला घुमने वाले सिर्फ पैदल ही शहर में घुम सकेंगे। यह निर्णय मेला के दौरान भीड़ नियंत्रित करने के उदेश्य से किया गया है। बता दें कि सप्तमी से दशमी तक मेला के दौरान बक्सर शहर की सभी सड़कों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है तथा पैदल चलना भी मुश्किल रहता है। भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने शहर के अंदर बाइक चलाने पर रोक लगा दिया है।

### इन मार्गो पर पूर्णत: वर्जित रहेगा परिचालन

दशहरा मेला के दौरान चार दिनों तक ज्योति चौक से नगर थाना चौक की तरफ सभी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। इसके अलावे ज्योति चौक से खलासी मोहल्ला मार्ग, नाथ बाबा पुल से नगर थाना चौक तक, नगर थाना चौक से नाथ बाबा पुल तक, नगर थाना चौक से रामरेखा घाट से पीपी रोड होते हुए मठिया मुहल्ला पुल तक, सारिमपुर पुल से मठिया मुहल्ला होते हुए शहर की ओर जाने वाले मार्ग, मुनीम चौक से जमुना चौक, ठठेरी बाजार से थाना चौक तक, सिंडिकेट से शहर की ओर तथा मठिया मोड़ से पाण्डेयपट्टी गुमटी तक सभी तरह के वाहनों का परिचालन ठप रहेगा। इस दौरान इमरजेंसी वाहन पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

**दशहरा मेला के दौरान गाड़ियों का रूट चार्ट:** मेला के दौरान चार पहिया एवं अन्य वाहन गोलंबर से बाईपास होते हुए ज्योति चौक, आईटीआई रोड, मठिया मोड, दानी कुटिया, गोलम्बर से बाईपास होते हुए ज्योति चौक, अम्बेडकर चौक, पाण्डेय पट्टी आदि मार्गो से गुजरेंगे। जबकि ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा गोलम्बर से बाईपास होते हुए ज्योति चौक से रेलवे स्टेशन तक जाएंगे। वही दूसरा रूट ज्योति चौक से आईटीआई रोड होते हुए नाथ बाबा वाले नहर के रास्ते ज्योति चौक जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी रूटों पर ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा।

**इन जगहों पर होगी पार्किंग की व्यवस्था:** वाहन चालकों की सुविधा तथा ट्रैफिक व्यवस्था के मद्देनजर सिंडिकेट के पास, ज्योति चौक से अंबेडकर चौक के बीच रोड के दोनों तरफ, आईटीआई मैदान, रेलवे स्टेशन के बगल में समाहरणालय से रेलवे पटरियों की ओर जाने वाली रोड में दाहिनें ओर वाहनों चार पहिया वाहनों का पार्किंग कराया जाएगा। जबकि वीआईपी पार्किंग किला मैदान के पीछे एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय के आगे मजार के पास किया जाएगा। इसके अलावे ज्योति चौक से थाना चौक के बीच रोड के दोनों ओर दोपहिया वाहनों की पार्किंग होगी।

## खबरें फटाफट

### सात गांजा तस्करों को मिली 15-15 साल की सजा

**बक्सर।** उड़ीसा से गांजा की खेप लेकर बिहार आने वाले सात तस्करों को मंगलवार को कोर्ट ने 15-15 वर्षों की सजा के साथ ही डेढ़-डेढ़ लाख का अर्थदंड भी लगाया है। यह सजा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 11 सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस रघुवीर प्रसाद की अदालत ने सुनाया है। मामला मुफस्सिल थाना कांड संख्या 384/2022 का है। अर्थदंड नहीं देने वाले अभियुक्तों की एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतना होगा। विशेष लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मुफस्सिल पुलिस ने 2 सितंबर 2022 को चौसा के पास से एक बोलेरो से 121.407 किलो गांजा बरामद करने के साथ ही बोलेरो में मौजूद सात तस्करों को गिरफ्तार किया था। गांजा की यह खेप उड़ीसा से तस्करी कर लाई जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में रवि कुमार, कमल किशोर सिंह, अशोक कुमार पाल, राजकुमार शर्मा, अरूण कुमार सिंह, संतोष कमकर एवं अजय कुमार सिंह शामिल थे। सुनवाई के दौरान कुल 6 गवाहों ने गवाही दी। कोर्ट ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर सभी को दोषी पाया।

### भीम आर्मी ने किया थाने का घेराव

**डुमरांव।** सिकरौल थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग के साथ हुई छेड़खानी के मामले में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के सदस्यों ने सिकरौल थाना का घेराव किया और धरना प्रदर्शन किया। मामले में पोक्सो समेत गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताई। भीम आर्मी के नेता शशि भास्कर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, यह पुलिस की कर्तव्य के प्रति लापरवाही को दशार्ता है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने थानाध्यक्ष से मुलाकात की, जिसके बाद आश्वासन मिला कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कई नेता और पदाधिकारी शामिल थे।

## डीएम-एसपी ने पूजा पंडालों व किला मैदान का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा-निर्देश

# किला मैदान में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जाली सहित बैरिकेडिंग लगाएं: डीएम





**केटी न्यूज/डुमरांव**

दुर्गा पूजा के मद्देनजर मंगलवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से बक्सर शहर के पूजा पंडालों एवं विजयादशमी के अवसर पर किला मैदान में आयोजित होने वाले रावण वध स्थल का सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से निरीक्षण किया। किला मैदान का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार मिश्र एवं डीएसपी धीरज कुमार को रावण दहन कार्यक्रम से पूर्व रामलीला समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर मिनट टु मिनट कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। ताकि रावण वध देखने आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो व सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रहें।

### डीएम-एसपी ने समिति के सदस्यों से सुरक्षा संबंधित ली जानकारी

नगर क्षेत्र अंतर्गत पूजा पंडालों के निरीक्षण के क्रम में संबंधित आयोजनकताओं एवं पूजा समिति के अध्यक्ष तथा सचिव से डीएम एसपी ने बात कर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किए जा रहे तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा उन्हें कई आवश्यक निर्देश भी दिए। ताकि मेला के दौरान किसी भी दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। पूजा समितियों के अध्यक्ष व सचिव को अपने पंडाल के आस पास ज्यादा से ज्यादा वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति एवं पंडाल की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे डीएम एसपी ने पूजा समितियों से पंडाल में अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार बनाने का निर्देश दिया, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए आने-जाने में कोई परेशानी न हो।

डीएम ने रावण दहन के समय भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जाली सहित मजबूत बैरिकेडिंग व वॉच टावर के निर्माण के लिए कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर को आवश्यक निर्देश दिया। जबकि नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी को किला मैदान की पर्याप्त साफ सफाई, रोशनी की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वार बनाने के साथ नियंत्रण कक्ष पर फ्लैक्स व बैनर लगाने का निर्देश दिया गया। नजारत उप समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि किला मैदान में चिन्हित कंट्रोल रूम में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाना सुनिश्चित करेंगे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नजारत उप समाहर्ता से समन्वय स्थापित कर रावण वध कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करना सुनिश्चित करेंगे।

वही, सुरक्षा की दृष्टि से जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किला मैदान में पर्याप्त संख्या में अग्निशामन वाहनों के साथ अग्निको की प्रतिनियुक्ति करेंगे। जबकि सिविल सर्जन को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए किला मैदान में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ तैयार हालत में एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर, विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### राजपुर फ्लॉर मिल चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन, सामान के साथ चार चोर गिरफ्तार



**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के कजरिया गांव स्थित फ्लॉर मिल में चोरी मामला का पुलिस द्वारा उद्भेदन कर दिया गया। इस मामले में राजपुर थाना क्षेत्र के चार को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से चोरी के समान भी बरामद की है। साथ ही पकड़े गए चोरों ने इसकी संलिप्तता भी की है। हालांकि, इस मामले में अन्य दो भी शामिल है जिसके गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसकी जानकारी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार द्वारा प्रेसवार्ता कर दी गई। उन्होंने बताया विगत शुक्रवार को कजरिया निवासी दिग्विजय पांडेय द्वारा राजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि गुरुवार की रात्रि कुछ अज्ञात चोर दीवार फांद उनके फ्लावर मिल बैटरी, अनाज समेत डेढ़ लाख से ऊपर के समान की चोरी कर ली गई है। इस घटना की प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस जांच में जुट गई। जहा पुलिस द्वारा इसमें गुप्त सूचना और पूर्व कांड में अपराधी रहे लोगो के यहां छापेमारी की गई। इस दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमे राजपुर के टमाटर मुसहर, ध्रुव राम, मंजीत कुमार, उमेश कुमार शामिल है। जिसने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। वही, पकड़े गए चोरों के यहा से चोरी का सामान भी बरामद की गई है। पुलिस पकड़े गए चोरों का आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है। उन्होंने बताया टमाटर मुसहर पहले भी शराब मामले में जेल जा चुका है। पकड़े गए अन्य का रिकॉर्ड ढूंढा जा रहा है। उन्होंने बताया कि ध्रुव कुमार चोरी की गई सामानों को ले जाने में टेम्पो का उपयोग किया था। जिसे पुलिस द्वारा जब्त की कार्रवाई की गई है। वही, उन्होंने बताया कि पकड़े गए चोरों ने दो अन्य लोगों की भी चोरी में संलिप्तता की जानकारी दी। जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव मोदी की नीतियों की जीत: मिथिलेश तिवारी

**बक्सर।** हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की शानदार जीत पर चाहुओर पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं में खुशी का माहौल रहा। बैकुंठपुर के पूर्व विधायक सह बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं बक्सर लोकसभा से भाजपा के एनडीए उम्मीदवार रहे श्री मिथिलेश तिवारी ने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि इस जीत से प्रेरणा लेकर बिहार में भी पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि ष्यह जीत हमें और अधिक परिश्रम करने और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहीं है, और यह पूरे भाजपा परिवार के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है। इसके साथ ही, जम्मू-कश्मीर में भाजपा सबसे अधिक वोट शेयर हासिल करने वाली पार्टी बनकर उभरी है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में आज जो चुनावी नतीजे सामने आए हैं, उसने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर जनता का विश्वास अटूट है। ष्सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास के मंत्र को हरियाणा की जनता ने पूर्ण रूप से सिद्ध कर दिया है। इन नतीजों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व ने जनता के दिलों में अपनी जगह बना ली है। राहुल गांधी के हिन्दू धर्म को जातियों में बांटने की कोशिश को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लालू यादव जी के दामाद और तेजस्वी-तेजप्रताप के बहनोई चिरंजीवी राव, जो रेवाड़ी से चुनाव लड़ रहे थे, भाजपा के लक्ष्मण यादव से 20,000 से अधिक वोटों से चुनाव हारे हैं। लालू जी के बेटे भी प्रचार में उतरे थे, लेकिन जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया। ठीक इसी प्रकार, बिहार की जनता भी राजद-कांग्रेस और इंडी गठबंधन को सत्ता से दूर रखने का मन बना चुकी है। भारतीय जनता पार्टी जिला बक्सर के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह भोला सिंह ने कहा की जम्मू-कश्मीर में भाजपा का सबसे अधिक वोट शेयर हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि धारा 370 हटाने, आतंकवाद पर भाजपा सरकार के सख्त रुख और प्रधानमंत्री मोदी जी के बढ़ते जनाधार ने जनता का दिल जीत लिया है। वहीं हरियाणा चुनाव में मोदी की नीतियों जीत बताते हुए भाजपा युवा मोर्चा के सह संयोजक दीपक यादव ने हरियाणा चुनाव में बीजेपी की शानदार तीसरी बार सत्ता में वापसी पर खुशी जाहिर की है।

## धावा दल ने गोलंबर के पास से बाल श्रमिक को कराया मुक्त



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को श्रम संसाधन विभाग द्वारा धावा दल का गठन कर बक्सर जिला अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच किया गया। श्रम परिवर्तन पदाधिकारी बक्सर, इटाढ़ी, राजपुर एवं चौसा के संयुक्त धावा दल द्वारा बक्सर प्रखंड के गोलंबर स्थित प्रतिष्ठान बालाजी स्वीट्स से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। जिसे बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थापित कर बाल गृह बक्सर में भेज दिया गया है। धावा दल में पुलिस बल, एनजीओ के सदस्य एवं जिला प्रशासन के सदस्य सम्मिलित थे।

धावा दल की इस कार्रवाई से बाल श्रमिकों से मजदूरी कराने वाले मिठाई व अन्य तरह के दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदार तो छापेमारी होता देख अपना शटर बंद कर दिए। गौरतलब हो कि जिले के नाश्ता पानी के दुकानों सहित कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बड़े पैमाने में बाल श्रमिकों से काम कराया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि बाल श्रमिक कम मजदूरी पर मिल जाते है। जिस कारण व्यवसायी बाल श्रमिकों से धड़ल्ले से मजदूरी करा श्रम कानूनों का उल्लंघन करते हैं।

## झांसा में लेकर बक्सर में विदेशी व्यापारी से चार करोड़ रुपए की ठगी, केस दर्ज

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में एक विदेशी व्यापारी से चार करोड़ की ठगी के साथ मारपीट व धमकी देने का मामला प्रकाश में आया। जिसमे व्यापारी ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जहा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्यांमार के व्यापारी नवराज वाग्ले, जो विग्नेश ब्रदर्स कंपनी लिमिटेड के कर्मचारी हैं और भारत में सुपारी, लौंग व मसाले का कारोबार देखते हैं, बताया कि उनका पुराना व्यवसायिक संबंध बक्सर के व्यापारी हरेराम साह के साथ था। हाल ही में दिल्ली में उनकी मुलाकात एक अन्य व्यापारी पंकज से हुई, जहां वे अपनी कंपनी के ढाई करोड़ रुपये लेने आए थे। वहां से उन्हें एक करोड़ रुपये की टोकन मनी मिली, जिसे कंपनी के खाते में ट्रांसफर किया जाना था। लेकिन हरेराम साह ने नवराज को सुझाव दिया कि टोकन मनी उन्हें दे दी जाए, क्योंकि हरेराम को भी डेढ़ करोड़ रुपये नवराज को देने थे और वह सारे पैसे एक साथ ट्रांसफर कर देंगे।

पुराने व्यवसायिक संबंधों के कारण नवराज ने उन पर भरोसा किया और यह रकम उन्हें सौंप दी। कुछ दिनों बाद हरेराम साह ने नवराज को ढाई करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का दावा करते हुए फर्जी कागजात भेजे। जब नवराज ने अपने खाते की जांच की, तो पता चला कि कोई राशि उनके खाते में नहीं आई थी। इस पर जब उन्होंने हरेराम से संपर्क किया, तो उन्हें तकनीकी गड़बड़ी का हवाला दिया गया और सिंगापुर के खाते का नंबर मांगा गया। नवराज ने अपनी कंपनी से बात करके सिंगापुर का खाता नंबर हरेराम साह और उनके बेटे अशोक साह को भेजा। इस बीच, हरेराम ने दिल्ली के व्यापारी पंकज से भी डेढ़ करोड़ रुपये मंगा लिए, जिससे कुल चार करोड़ रुपये हो गए। हरेराम साह ने फिर से फर्जी बैंक ट्रांसफर के कागजात भेजकर दावा किया कि चार करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं, लेकिन वह राशि भी कंपनी के खाते में नहीं पहुंची। जब नवराज वाग्ले को एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है, तो उन्होंने हरेराम साह से बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन उठना बंद हो गया। इस पर नवराज बक्सर आए और हरेराम से मिले, जहां हरेराम और उनके साथियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। नवराज ने बताया कि वे भारत में वर्षों से कंपनी के लेन-देन का काम देख रहे हैं, लेकिन अब तक उनके साथ कभी इस प्रकार का धोखा नहीं हुआ था।

नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि एसडीपीओ धीरज कुमार के निर्देश पर विदेशी व्यवसायी नवराज वाग्ले के आवेदन पर नगर के हरेराम साह, उनके पुत्र अशोक साह और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है। जल्द ही आरोपियों को हिरासत ले लिया जाएगा और मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

## बक्सर किला मैदान में 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव: सुग्रीव मित्रता, बाली वध व श्याम सगाई लीला का हुआ दिव्य मंचन

# राधा का रूप देख खुशी से खिल उठता है मैय्या यशोदा का चेहरा, पक्की हो जाती है कान्हा की सगाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के चौदहवें दिन मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्रीराधा माधव रासलीला एवं रामलीला संस्थान द्वारा दिन में कृष्ण लीला के दौरान श्याम सगाई नामक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि श्रीकृष्ण खेलते-खेलते नंदगांव के बाहर चले जाते हैं। वहां एक वृक्ष के नीचे वह राधा रानी को देखकर मोहित हो जाते हैं। वह उनके समीप में जाकर उसका



नाम और पता पूछते हैं व दोनों एक दूसरे से परिचय करते हैं। फिर वह मिलकर गेंद खेलते हैं।

गेंद खेलने के बाद राधा अपने गांव को लौटती हैं। श्रीकृष्ण राधा को नंद गांव आने का निमंत्रण देते हुए अपने घर लौट आते हैं। कुछ समय बाद राधा अपनी सखियों को साथ लेकर नंदगांव खेलने के लिए पहुंचती हैं, जहां श्रीकृष्ण राधा को अपने घर लेकर आते हैं और अपनी मैया से मिलाते हैं। मैया राधा की दिव्य छवि को देखकर प्रसन्न होती हैं। राधा उन्हें अपना परिचय देते हुए बताती है कि मैं राजा वृषभान की पुत्री हूं और मेरी माता का नाम कीरत है। यह सुनकर मैया प्रसन्न हो जाती हैं और राधा का सुंदर श्रृंगार करके उनके आंचल में गोद भर देती हैं। वहीं कन्हैया की सगाई पक्की हो जाती है। इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित हो श्रीकृष्ण की जयकार लगाते हैं।

दूसरी तरफ देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान राम की सुग्रीव से मित्रता व बाली वध के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि माता शबरी श्रीराम, लक्ष्मण से बताती है कि यहां से कुछ दूरी पर ऋष्यमूक नामक पर्वत है, जहां पर महाराज सुग्रीव और उनकी सेना रहती है, जो सीता का पता लगाने के लिए अवश्य ही आपकी मदद करेंगे। किष्किंधा का पता चलने के बाद भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण मार्ग में आगे बढ़ते हैं और ऋष्यिमूक पर्वत पर पहुंचते हैं। इधर सुग्रीव अपने शुभचिंतकों सहित पर्वत के शिखर पर विराजमान होते हैं और दूर से ही तपस्वियों को आते देख हनुमान जी को उनका पता लगाने के लिए भेजते है, हनुमान ब्राह्मण के वेश में श्रीराम व लक्ष्मण के समीप पहुंचते हैं और उनका परिचय जानते हैं। जानकारी मिलने पर वह काफी प्रसन्न होते हैं तथा अपने असली रूप में आते हुए श्रीराम लक्ष्मण से क्षमा याचना करते हैं। हनुमान जी दोनों भाईयों को अपने कंधों पर बैठाकर महाराज सुग्रीव के पास ले जाते है, जहां पर भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता होती है। दोनों एक-दूसरे को अपने कष्ट बताते हैं। सुग्रीव श्रीराम से बाली के अत्याचार की बात कहते हैं इसके बाद श्रीराम मित्रता का संकल्प लेते हैं और बाली का वध करके सुग्रीव को किष्किंधा का साम्राज्य सौंप देते हैं। इधर राज्य मिलने के बाद सुग्रीव श्रीराम की सूध लेना भूल जाते हैं। तो लक्ष्मण जी किष्किन्धा जाकर क्रोध करते हैं। तब जाकर सुग्रीव सीता का पता लगाने बन्दर, भालुओं को भेजते हैं। सीता जी की खोज करते सभी बंदर, भालू समुद्र के करीब पहुंच जाते हैं। इस प्रसंग को देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते है और पूरा पांडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठता हैं। इस दौरान पुरा रामलीला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था।

# अविश्वास प्रस्ताव के पारित होते खिसक गई प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख की कुर्सी

- प्रमुख के अविश्वास के समर्थन में पड़े 15 मत तो उप प्रमुख पर 17 सदस्यों ने दिया वोट
- बैठक में प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह दोनों नहीं हुए उपस्थित



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय प्रखंड के प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्ण सिंह के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव वोटिंग के आधार पर पारित हो गया। अविश्वास प्रस्ताव पारित होते ही प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख अपनी कुर्सी से बेदखल हो गए।

अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को पंचायत समिति की विशेष बैठक बुलाई गई थी। प्रखंड सभागार में हुई विशेष बैठक की अध्यक्षता चिलहरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य त्रिभुवन गोड़ ने किया। विशेष बैठक के लिए प्रखंड कार्यालय सभागार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। बैठक में प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी तथा उप प्रमुख कृष्णा सिंह दोनों ही उपस्थित नहीं हुए। प्रखंड के 21 में से 18 सदस्यों की उपस्थिति विशेष बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे के संचालन में शुरू हुई। अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन का प्रस्ताव लाया गया। 18 में से 15 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख अनुपा देवी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में मतदान कर अपनी नाराजगी जाहिर किया। दो पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान कर प्रखंड प्रमुख का समर्थन किया। जबकि एक मत रद्द घोषित हुआ। उसके बाद उप प्रमुख कृष्णा सिंह के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन हुआ। जिसमें 17 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। एक मत उप प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ था।

बैठक में डीएम द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष पदाधिकारी के रूप में डीसीएलआर सैयद शहजाद हुसैन उपस्थित थे। उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशन में विशेष बैठक की कार्रवाई संपन्न कराई गई। विशेष बैठक की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए अंचल पदाधिकारी शमन प्रकाश पुलिस बल के साथ प्रखंड सभागार के बाहर डटे थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रखंड प्रमुख सविता देवी के नेतृत्व में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 17 पंचायत समिति सदस्यों का हस्ताक्षर था। प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे ने बताया कि प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। इसकी जानकारी जिला पदाधिकारी बक्सर को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा तिथि निर्धारित करने के बाद प्रखंड प्रमुख तथा उप प्रमुख का चुनाव कराया जाएगा।

## ब्रह्मपुर पुलिस को एनएच 922 पर मिली सफलता, एक गिरफ्तार

# कुरकुरे की आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़, करोड़ों की शराब बरामद

- पंजाब से मुजफ्फरपुर जा रही थी शराब की खेप
- कंटेनर से विभिन्न कंपनियों की 599 पेटियों शराब जब्त

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर पुलिस ने करोड़ों रुपए मूल्य की शराब लदी एक कंटेनर को जब्त किया है, पुलिस ने चालक सह तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। ब्रह्मपुर पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना पर मंगलवार की सुबह एनएच 922 पर निमेज पुल के पास से मिली है। कंटेनर पर कुरकुरे की आड़ में शराब की पेटियां छिपाई गई थी। कंटेनर से ब्लू इंपीरियर ब्रांड के विभिन्न वजन के की कुल 599 पेटियों में 5319 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने ब्रह्मपुर थाने में प्रेस वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब लदी एक कंटेनर बक्सर से ब्रह्मपुर की तरफ आ रही है। इसकी जानकारी एसपी शुभम आर्य को दी गई। एसपी ने तत्काल ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया।

एसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने निमेज पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान बक्सर की तरफ से हरियाणा नंबर की एक कंटेनर जिसका नंबर एचआर 67 बी 6859 था, आती दिखाई पड़ी। पुलिस ने उक्त कंटेनर को रुकवा जब चालक से पूछताछ की तो पहले तो वह कुरकुरे लदे होने की बात कही। लेकिन जब पुलिस ने कंटेनर खोल दिखाने को कहा तो वह आनाकानी करने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें शराब की पेटियां नजर आई। इसके बाद पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर कंटेनर को लेकर थाना पहुंची।

डीएसपी ने बताया कि कंटेनर में 180 एमएल की 200 पेटी, 375 एमएल की 199 तथा 750 एमएल की 200 पेटियां समेत कुल 599 पेटियों में 5319 लीटर शराब मिला है, जिसकी कीमत लाखों रूपए है। डीएसपी ने बताया कि शराब की उक्त खेप को पंजाब से मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था। तस्कर की पहचान यूपी के सहारनपुर निवासी मुजीबुर रहमान के रूप में की गई है। पुलिस उससे पूछताछ कर मास्टर माइंड की तलाश में जुट गई है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस का खुफिया तंत्र शराब तस्करों पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस शराब तस्करों पर पूरी तरह से नकेल कस रही है। जिससे उनका नेटवर्क टूटते जा रहा है।



### पुरस्कृत होंगे शराब की खेप को पकड़नेवाले पुलिसकर्मी

डीएसपी ने बताया कि शराब लदी कंटेनर को पकड़ने में ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष के साथ ही पीएसआई धीरज कुमार व इंद्रजीत के साथ पुलिस बल शामिल थी। डीएसपी ने कहा कि शराब की खेप को सफलता पूर्वक पकड़ने के लिए इसमें शामिल पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी रोकना पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है।

**बड़ा सवाल, क्या पकड़ा जाएगा मास्टर माइंड :** ब्रह्मपुर में शराब लदी कंटेनर पकड़े जाने के बाद अब लोगों में इस बात को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है कि क्या इस बार शराब तस्करी का मास्टर माइंड पकड़ा जाएगा। बता दें कि पूर्व में भी ब्रह्मपुर व नया भोजपुर ओपी में शराब लदी कई कंटेनर पकड़ी जा चुकी है। लेकिन, पुलिस द्वारा किसी भी मामले में मास्टर माइंड को नहीं दबोचा जा सका है। सिर्फ वाहन चालक ही पुलिस की गिरफ्त में आते है। जबकि लाखों रूपए के शराब की तस्करी करने वाले मास्टरमाइंड पुलिस की पकड़ से दूर रहते है। जिससे शराब तस्करी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# स्थायी समिति की बैठक में पांच वाहनों की खरीद को मिली मंजूरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार का दिन नगरवासियों के लिए सशक्त स्थायी समिति ने पांच फैसला लेकर मंगलमय कर दिया। बैठक में समिति ने पांच वाहनों की खरीद की मंजूरी दे दी है। ये पांच वाहनों में 2 एम्बुलेंस, 1 शव वाहन और 2 शव रखने के लिए रेफ्रीजेरेटर वाहन खरीदें जाएंगे। इसकी जानकारी चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि नगरवासियों के परिवार के सहायता के लिए पांचों वाहन चौबीस घंटे तैयार मिलेंगे। कोई बीमार पड़ता है और उसे बक्सर, पटना, बनारस जब रेफर कर दिया जाता है तो गरीब परिवारों के लिए मुसीबत खड़ी हो जाती है। वहीं इलाज के दौरान कोई मर गया तो शव लाने और ले जाने के लिए भाड़े की गाड़ी करनी पड़ती है। ऐसे में मरे हुए का शव लाने और ले जाने के लिए भी लोगों को काफी भागदौड़ करनी पड़ती है। इस मुसीबत से छूटकारा दिलाने के लिए एक शव वाहन की खरीद की जाएगी। परिवार में कोई मर जाता है तो बाहर में रह रहे परिजनों को शव का अंतिम दर्शन के लिए रखा जाता है। इसमें काफी समय लग जाता है तो शव खराब होने लगता है। लोगों की परेशानियों को देखते हुए स्थायी समिति ने शव रेफ्रीजेरेटर वाहन खरीदने का स्वीकृति प्रदान कर दी है। सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों में चेयरमैन के अलावे उप चेयरमैन विकास ठाकुर, बिजय कुमार, धनजी, शाहीना परवीन मौजूद रही।

# मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने से कड़की में मनेगा डीलरों का दशहरा

**डुमरांव।** मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने से पूरे जिले के डीलर दशहरा के पावन मौके पर आर्थिक तंगी के शिकार हैं। गरीबों का पेट भरने वाले डीलर इस दशहरा भूखे पेट रहने को मजबूर हैं। वजह डीलरों द्वारा वितरित किए गए खाद्यान्न के एवज में मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने को लेकर है। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के अनुमंडल अध्यक्ष भूटेश्वर सिंह का कहना है कि राज्य खाद्य निगम द्वारा अगस्त तथा सितंबर माह का खाद्यान्न वितरण के एवज में होने वाले मार्जिन मनी का भुगतान अब तक नहीं किया है। जिस चलते डीलर बेहद गरीबी के शिकार हैं। चक्की प्रखंड अध्यक्ष रमेश यादव के अलावे डीलर पारस सिंह, बसंत राय, वीरेंद्र लाल श्रीवास्तव आदि का कहना है कि डीलरों का एकमात्र सहारा मार्जिन मनी है। जिससे उनके परिवार की जीविका चलती है। प्रशासन की उदासीन रवैया से हर बार मार्जिन मनी का भुगतान समय से नहीं हो पाता है।

## एक नजर

### मोबाइल फोन छीन भाग रहे झपट्टा मार गिरोह के दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने झपट्टा मार गिरोह के दो शातिर चोरों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक युवक से छिनी गई मोबाईल भी बरामद हुई है। पुलिस ने उनकी बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार चोरों की पहचान मुरार थाना क्षेत्र के वैदा गांव निवासी बलिराम सिंह के पुत्र अमित कुमार सिंह व सोहराई यादव के पुत्र परमेश्वर कुमार उर्फ पिंटू के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वासुदेवा थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी विजयशंकर राय अपने एक अन्य दोस्त के साथ साइकिल से कोरानसराय आया था। लौटने के दौरान वह साइकिल पर पीछे बैठा था, जबकि उसका दोस्त साइकिल चला रहा था। जैसे ही वे लोग कोरानसराय थाना से करीब 500 मीटर आगे बढ़े कि पीछे से तेज गति से बाइक से आए दो उचक्कों ने विजय का मोबाईल झपट भागने लगे, लेकिन साइकिल चला रहे युवक ने अपने मोबाईल से उनकी बाइक की फोटो खींच ली तथा तत्काल कोरानसराय पुलिस को इसकी जानकारी दी। पहले से ही चोर उचक्कों की करतूतों से परेशान कोरानसराय पुलिस को उचक्कों के बाइक नंबर के रूप में एक अहम सुराग हाथ लग गया। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर जब पड़ताल की तो वह बाइक वैदा के अमित की निकली। तत्काल मुरार पुलिस के सहयोग से उनके घर छापेमारी करवाई गई, लेकिन दोनों घर से फरार थे। इधर कोरानसराय पुलिस को अपने मुखबीरों से सूचना मिली कि उक्त बाइक नंबर डुमरांव राजवाहा मार्ग में देखी गई है। इसके बाद पुलिस की एक टीम राजवाहा मार्ग में उन्हें पकड़ने के लिए निकल गई तथा डुमरांव के पास से दोनों को पकड़ लिया।

### ब्रह्मपुर की नई प्रखंड प्रमुख को मिला प्रमाण पत्र

**डुमरांव।** पटना हाई कोर्ट के निर्देश पर मंगलवार को डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में ब्रह्मपुर प्रखंड की नई प्रमुख तथा गायघाट पंचायत की बीडीसी मंगरी देवी को प्रमाण पत्र सौंपा तथा उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही पिछले कुछ महीनों से ब्रह्मपुर प्रखंड प्रमुख के पद पर चल रही खींचतान पर विराम लग गया है। बता दें कि पूर्व प्रमुख उषा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद 26 सितंबर को नये प्रमुख का चुनाव कराया गया था, जिसमें मंगरी देवी निर्विरोध रही थी। लेकिन, हाई कोर्ट के निर्देश पर उस दिन इसका परिणाम नहीं घोषित किया गया था।

### केसठ प्रखंड में मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती

**केसठ।** जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रखंड के नया बाजार, पुराना बाजार, कतिकनार समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा शांति पूर्ण तरीके से करने तथा विसर्जन करने को लेकरे मजिस्ट्रेटे व पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी प्रकार की कोई अशांति ,तनाव व अनहोनी को लेकर सतर्क रहने को कहा गया है। वहीं विसर्जन के दौरान जुलुस में आपसी सौहार्दपूर्ण बनाये रखने को लेकर पूजा समितियों को निर्देश दिया गया है।विधि व्यवस्था संधारण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल एवं एसपी शुभम आर्या के निर्देश परे मजिस्ट्रेटे एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। शांति व्यवस्था को लेकर केसठ पुराना बाजार में मनरेगा के कनीय अभियंता रविन्द्र सिंह व नावानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार यादव, केसठ नया बाजार में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम व नावानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार यादव एवं कतिकनार में राजस्व कर्मचारी सुदर्शन सिंह व नावानगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह की तैनाती की गई है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा, नावानगर थानाध्यक्ष नंदु कुमार एवं वासुदेवा थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने शांतिपूर्ण तरीके से पूजा करने को लेकर पूजा समिति के सदस्यों,भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है।




## विधि-व्यवस्था को लेकर 163 लोगों पर 107 की हुई कार्रवाई

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र में दशहरा पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस ने 163 लोगों पर 107 के तहत कार्रवाई की हैं। थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत ने बताया कि दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में हैं। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर लगने वाले मेला एवं पूजा-पंडालों के आसपास पुलिस के जवान लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहेंगे। साथ ही आम लोगों से भी अपील किया गया हैं कि दशहरा पर्व उत्साह एवं उमंग के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाये। असामाजिक व शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

# फ्लैग मार्चः प्रशासन ने सौहार्दपूण दशहरा मनाने का दिया संदेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दशहरा पर्व के मद्देनजर मंगलवार की शाम पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाल शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में दशहरा का त्योहार मनाने का संदेश दिया गया। यह फ्लैग मार्च डुमरांव थाना परिसर से निकला, जिसका नेतृत्व एसडीएम राकेश कुमार व डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में महिला व पुरूष जवान शामिल हुए थे। फ्लैग मार्च स्टेशन रोड, राजगोला रोड, चौक रोड, राजगढ़ चौक, जंगल बाजार, नया तालाब रोड आदि से भ्रमण करते हुए पुनः थाना परिसर पहुंच संपन्न हुआ।

पुलिस द्वारा किये गये फ्लैग मार्च में उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों में भय का माहौल कायम हो गया हैं और लहरिया कट बाइक चलाने वाले युवकों में भी दहशत बना हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम राकेश ने लोगों से भयमुक्त माहौल में तथा आपसी सौहार्द के वातावरण में दशहरा का त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम ने पूजा समिति के सदस्यों से गाइड लाइन का पालन करने की नसीहत दी और कहा कि पूजा व विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजाना है। वही, डीएसपी अफाक ने बताया कि मेला के दौरान विधि-व्यवस्था व शांति व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया हैं। उन्होंने कहा कि मेला में उपद्रव मचाने वाले असामाजिक तत्वों व शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान सादे वर्दी में भी महिला व पुरूष जवान मुश्तैद किए जाएंगे। इस फ्लैग मार्च से असमाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। फ्लैग मार्च में बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, सीओ शमन प्रकाश, थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत सहित समेत भारी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।



## शारदीय नवरात्रिः शहर के पूजा पंडालों में विराजेंगी मां दुर्गा, माता रानी का दिव्य रूप देखने को आतुर हैं श्रद्धालु

# शंख, ढोल के साथ आज खुलेगा पट, दर्शन को उमड़ेगी भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शारदीय नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में नवरात्र की षष्ठी पर विधि विधान से मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की गयी। बुधवार को मां का पट खुलेगा। पट खुलने के साथ माता रानी के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी। मां कात्यायनी के पूजन के दौरान लोगों ने भक्तिभाव से पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामनाएं की। दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं के गीत हर जगह गूंज रहे हैं। इससे उल्लास का वातावरण बन गया है। शिक्षण संस्थानों में छुट्टी हो चुकी है। परदेस में रहने वाले लोग अपने घर लौट रहे हैं। लोग अपने परिवार के साथ दुर्गा पूजा उत्साहपूर्वक मनाने की तैयारी में जुट गये हैं। क्षेत्र में चहुंओर भक्ति का माहौल बना हुआ है। वहीं दुर्गा पूजा की तिथि जैसे जैसे ही नजदीक आते जा रहा है तैयारी भी अब अंतिम चरण में पहुंचने लगी है। मां दुर्गा सहित अन्य देवी देवता की प्रतिमा की सजावट का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। प्रतिमा निर्माण कर रहे मूर्तिकारों ने बताया कि मां की प्रतिमा निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रतिमा की सजावट कर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।





**दीप जलाने के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़ः** नवरात्र के षष्ठी पूजन के दिन मां के दरबार में दीप जलाने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम ढलते ही शहर के रेलवे स्टेशन दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, भगवती मंदिर, डुमरेजनी मंदिर सहित विभिन्न दुर्गा मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हो रहे हैं। खासकर महिला भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मंदिरों में लगातार मां के भजनों का प्रसारण किया जा रहा था। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में दीप जलाये व आरती कर अपने सुखद भविष्य की कामना की।

**पंडालों की सजावट लोगों को कर रहा आकर्षितः** शहर के विभिन्न पूजा-पंडालों सहित सड़को पर रंग-बिरंगे बल्ब से विद्युत सज्जा का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। पूजा पंडालों की सजावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है। शाम ढलते ही दुर्गा मंदिर व पूजा पंडाल के आसपास का इलाका रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठता है। शाम ढलने के बाद पूजा पंडालों में मेले का नजारा दिखने लगा है।



# निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों को प्रतिमाह मिलेंगे 1000 रुपए

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने 500 से बढ़ाकर 1000 रुपए किया निक्षय पोषण राशि
- अब तक टीबी मरीजों को इलाज के दौरान मिलते थे 500 रुपये

**केटी न्यूज/छपरा**

जिले में टीबी के मरीजों को अब 500 रुपए के जगह 1000 रुपए निक्षय पोषण योजना की राशि दी जायेगी। इसको लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बड़ा निर्णय लिया है। टीबी के उपचार में पोषण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे देखते हुए टीबी योद्धाओं को बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई में मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उपचार की अवधि के दौरान सभी टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक पोषण सहायता को मौजूदा 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। अब टीबी रोगियों के सभी घरेलू संपर्कों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कवर किया जाएगा और समुदाय से सामाजिक सहायता प्राप्त करने के पात्र होंगे। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक, आराधना पटनायक ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।

**टीबी रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना योजना का उद्देश्य:** निक्षय पोषण योजना का उद्देश्य तपेदिक के खिलाफ भारत सरकार की लड़ाई में योगदान देना है। इसके पीछे मंशा टीबी रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना भी है। सरकार चाहती है कि योजना के जरिये तपेदिक के बोझ को कम किया जाए।

### इलाज की सफलता दर को बढ़ाने में निक्षय पोषण योजना मददगार

निक्षय पोषण योजना भारत सरकार की एक योजना है। इसका उद्देश्य तपेदिक (टीबी) रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत टीबी के मरीजों को उपचार पूरा होने तक हर महीने 500 रुपये की वित्तीय प्रोत्साहन राशि दी जाती रही है। यह राशि रोगियों को उनके पोषण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। उपचार के दौरान उनकी ताकत बनाए रखने में सहायता करती है। जिसे अब बढ़ाकर 1000 रुपए कर दिया गया है। यह योजना टीबी के मरीजों के पोषण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। यह टीबी के इलाज की सफलता दर को बढ़ाने में मदद करती है। सभी टीबी रोगी जो निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत हैं और उपचार कर रहे हैं, इस योजना के लिए पात्र हैं।

## खबरें फटाफट

### नदी में स्नान करने गए व्यक्ति को चाकू घोंप किया घायल

**छपरा।** जिले के गड़खा थाना क्षेत्र अंतर्गत नदी पर स्नान करने गए एक व्यक्ति को बदमाशों ने चाकू घोंपकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया ।जख्मी हालत में वह व्यक्ति किसी तरह घर पहुंचा तो घरवालों के द्वारा उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जख्मी व्यक्ति जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव निवासी स्वर्गीय शिव भरोसा पांडे का 65 वर्षीय पुत्र बृजभूषण पांडे बताया है। चाकू उसके पेट में और बाएं हाथ में लगी है। इस घटना के संबंध में उसकी पत्नी ने बताया कि वह प्रतिदिन स्नान करने के लिए नदी पर जाते हैं। मंगलवार को भी नदी पर गए थे, जहां से पेट पकड़कर वह घर लौटे। उनके पेट से आंत बाहर निकल रहा था,आनन-फानन में वे लोग उसे लेकर छपरा सदर अस्पताल लाए, जहां उपचार चल रहा है।

### सांप के डंसने से बालक की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव स्थित बगीचे में सोमवार की दोपहर विषैले सांप के डसने से कबाड़ी चुनने गए बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव वार्ड नंबर 3 निवासी शिव मोहन का 8 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार है। इधर मृत बालक के पिता शिव मोहन मुसहर ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर सकड्डी गांव स्थित बगीचे में कबाड़ी चुनने के लिए गया था। जहां पर उसे विषैले सांप ने डस लिया। इसके बाद उसने अपने माता-पिता को बताया कि उसे सांप ने डस लिया है। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। इसके बाद पर परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृत बालक अपने दो भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर था ।उसके परिवार में मां लालमति देवी व तीन बहन सरिता,मिन्ता,सुशील एवं एक भाई किशन है।

### छपरा के लाभुकों को हंस्तांतरित की गई योजनाओं की राशि

**छपरा।** सारण जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 74 19 लाभुकों को प्रथम किश्त के रुप में 29 .67 करोड़ , व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु 6613 लाभुकों को 7 .93 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया गया ।जीविका के 350 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 4 .55 करोड़, 850 स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण (उउछ) के रूप में 51 करोड़ रुपये तथा सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत 519 लाभार्थियों को आजीविका संवर्धन के लिए 2 .14 करोड़ रुपये राशि प्रदान की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी पटना में आयोजित किया गया।

## स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में निभानी होगी अहम भूमिका: सीएस

- नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग की पहली प्राथमिकताओं में शामिल

**केटी न्यूज/सिवान**



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने और उन्हें बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) के माध्यम से अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या, दवाओं की उपलब्धता और उपचार की गुणवत्ता का डेटा आसानी से संकलित किया जा सकता है। वहीं प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) कार्यक्रमों की प्रगति और उसके कार्यान्वयन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। क्योंकि मातृ और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना आरसीएच कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने स्थानीय सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक के दौरान कही।

उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में सुधार, डेटा प्रबंधन की गुणवत्ता को बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। विभागीय स्तर पर जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों और बीएचएम को बैठक के दौरान सकारात्मक परिणामों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाने पड़ेगी। इसके लिए हम सभी को मिलकर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले में हाइड्रोसिल का ऑपरेशन कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद, डीपीएम विशाल कुमार, सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह, एनसीडीओ डॉ एएच खान, डीआईओ डॉ अरविंद कुमार, डैम अजय कुमार श्रीवास्तव, डीएमएंडइओ रवि शेखर, डीपीसी इमामुल होदा, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमजद अली, पीरामल स्वास्थ्य के कुंदन कुमार और सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी के अलावा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, लेखापाल, बीसीएम और बीएमएनई उपस्थित थे।

### एचएमआईएस और आरसीएच सहित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा

जिला स्वास्थ्य समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंधक विशाल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) एक डिजिटलीकृत सूचना प्रणाली है, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न डेटा संग्रहण, विश्लेषण और प्रबंधन में मदद करती है। इस प्रणाली के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन को आसानी से ट्रैक किया जाता है, जिससे वास्तविक समय में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को जाना जा सकता है। बैठक में एचएमआईएस के उपयोग की मौजूदा स्थिति पर समीक्षा की गई और इस प्रणाली के तहत आवश्यक सुधारों की चर्चा की गई। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसव के साथ ही सी सेक्शन, सदर अस्पताल स्थित एनआरसी, टीबी मुक्त पंचायत, डीवीडीएमएस, एफपीएलएमआईएस, भव्या, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), एनसीडी स्क्रीनिंग, टेली कंसल्टेंसी, संपूर्ण टीकाकरण सहित कई अन्य कार्यक्रमों और आयोजनों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा करने के बाद उस समस्या का समाधान अविलंब कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिले में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अभी भी सुधार की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बच्चों और महिलाओं की सेहत के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही है। जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा, टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच का दायरा बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

# दादी के साथ लकड़ी चुनने जा रही पोती को ट्रक ने रौंदा, मौत

**केटी न्यूज/आरा**

सकड्डी-नासरीगंज मुख मार्ग पर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव के समीप सोमवार की दोपहर अनियंत्रित ट्रक ने दादी के साथ जलावन चुनने जा रही पोती को रौंद दिया। हादसे से उसकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रविवार के देर रात उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।

जानकारी के अनुसार मृत बालिका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव निवासी लाल बाबू मुसहर की 8 वषीर्या पुत्री अंजोरिया कुमारी है। इधर मृत बालिका की बड़ी मां हिराझरी देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर में अपनी दादी के साथ जलावन चुनने के लिए अपने गांव से चांदी गांव जा रही थी। उसी दौरान चांदी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचेम जहां इलाज के दौरान रविवार के देर रात उसने दम तोड़ दियाम इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी सूचना चांदी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर चांदी थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत बालिका अपने छह भाई व दो बहन में पांचवें स्थान पर थी। उसके परिवार में मां लीलावती देवी, छह भाई महावीर,जीतन, हलचलिया, लक्ष्मण, निरहू ,जोधा एवं एक बहन झलकी देवी है। घटना के बाद मृत बालिका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत बालिका की मां लीलावती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आज से 14 अक्टूबर तक बिक्रमगंज शहर में भारी मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**



बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने नवरात्र दुर्गा पूजा को देखते हुए अनुमंडल क्षेत्र में भारी मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य दशहरा पूजा की भीड़ भाड़ में भारी वाहनों द्वारा दुर्घटना की कोई अप्रिय घटना श्रद्धालुओं के साथ न घटे। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एसडीएम अनिल बसाक ने पूरे अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के विभागीय प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किया है।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि इस वर्ष की दुर्गा पूजा भक्तों द्वारा 3 से 13 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसका समापन 14 अक्टूबर को मां की प्रतिमा मूर्ति विसर्जन के साथ संभावित है। जिस त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में भारी वाहनों के परिचालन से आये दिन हो रही बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम के कारण कार्य कराने में बाधा उत्पन्न होने एवं दुर्घटना की संभावना को देखते हुए भारी वाहनों के दिन में परिचालन पर रोक लगाने हेतु पूजा समितियों द्वारा शांति समिति की बैठक में अनुरोध किया गया था। जिनकी बातों पर विचारोपरान्त 9 से 14 अक्टूबर तक सुबह 10:00 बजे पूर्वाहन से रात्रि 01:00 बजे पूर्वाहन तक की समयावधि में नगर परिषद् बिक्रमगंज सहित अनुमंडल क्षेत्र में भी सभी प्रकार के भारी वाहनों यथा-ट्रक, डम्फर, ट्रैक्टर आदि के परिचालन पर रोक लगाई जाती है। लेकिन इस दौरान खास जनहित पैक्स खाद्यान्न, पीडीएस खाद्यान्न, दूध, पेट्रोल-डीजल टैंकर, इंडियन पोस्ट की गाड़ी एवं आवश्यक वस्तुओं के परिवहन वाले वाहनों पर कोई रोक नहीं रहेगा। एसडीएम ने बताया कि इस दरम्यान भारी वाहनों के परिचालन हेतु चालकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग का भी दिशा निर्देश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत नासरीगंज से आरा-बक्सर-मलियाबाग-जगदीशपुर-पीरो के तरफ जाने वाले भारी वाहन बडिहां मोड़ से बिहटा पीरो होकर जायेंगे। साथ ही नासरीगंज से सासाराम जाने वाले वाहन नासरीगंज से आयरकोठा-अकोढ़ीगोला होकर सासाराम जायेंगे। इस संदर्भ में बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित दुर्गा पूजा के दौरान प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को निर्धारित समयावधि के दौरान सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश भी जारी कर दिया गया है।

## रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला मंचन का छठवा दिन

# मां सीता की विदाई का दृश्य देख लोगों की भर आई आंखें

**केटी न्यूज/आरा**



400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के तत्वावधान में मंगलवार को छठवें दिन राम सीता के विवाह का गवाह बने दर्शक गण। राजा जनक द्वारा सीता की विदाई पर भर आई आंखें और मंथरा द्वारा कैकई को भड़काने और राजा दशरथ से अपने वरदान के फलस्वरुप राम को वनवास देने की मांग कैकई द्वारा की गई। पुत्र को वनवास की आज्ञा देने पर मजबूर हुए दशरथ को वियोगित होते देखा गया यह सारा दृश्य वृंदावन के मंडली द्वारा दर्शाया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष अतिथियों के साथ समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष सोनू राय ने कहा कि पुत्र मोह और अयोध्या के लालच में कैकई ने राम को वनवास कराया। आज के लोग भी पुत्र मोह और संपत्ति के लालच में परिवार से अलग हो जा रहे हैं जिससे परिवार के साथ-साथ समाज का भी बिखराव हो रहा है। हमें एक दूसरे को जोड़ने की जरूरत है ताकि हमारा घर हमारा समाज हमारा संस्कृति बची रहे और उन्होंने हर पुत्र को अपने पिता की बात सुनने और समझने की भी बात कही ताकि राम के आदर्शों का पालन हो सके। संरक्षक मंडल के हकीम प्रसाद जी ने आए हुए अतिथियों का अभिवादन एवं आभार व्यक्त किय , रोटी बैंक के कार्यकताओं द्वारा भगवान राम के प्रसाद का भोग लगाने और उसके बाद प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। मुख्य अतिथि में डॉ विजय सिंह सर्जन, डॉक्टर अंकित सिंह दंत चिकित्सक, यशवंत सिंह, प्रिंसिपल विमल यादव ,संरक्षक श्री लाल दास राय, श्री श्री 1008 अयोध्या नाथ जी महंत बड़ी मठिया, समिति के मुख्य सदस्यों में उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता। सनी शाहबादी, विजय भारती, गौतम उर्फ. राजा, मदन प्रसाद ,शंभूनाथ केसरी संरक्षक मंडल के हकीम प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद ,शत्रुघ्न प्रसाद और भी लोग मौजूद थे।

### जलभरी शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल प्रशासन की देखरेख में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां की शोभायात्रा निकाली गई। श्री श्री दुगार्पूजा समिति आस्कामिनी नगर धारूपुर बिक्रमगंज की शोभायात्रा पूजा पंडाल से पूजा समिति के सदस्यों एवं पुलिस प्रशासन की सहयोग से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्य तेंदुनी चौक से होते हुए शहर का भ्रमण कर शांतिपूर्ण काशी घाट पहुंची। जहां पर विद्वतजनों द्वारा काशी घाट पहुंच मां गंगा का आह्वान करते हुए कलश पूजन किया गया। तत्पश्चात कलश में जल भरकर मुख्य यजमान अपने दाहिने कांधे व सभी श्रद्धालु कलश का जल अपने माथे पर रख मुख्य पथ से होते हुए पूजा पंडाल पहुंचे । उसके बाद सभी जल को मां के पूजा पंडाल समीप रखा गया। कुछ देर के लिए मानों धरातल पर आकर ब्रम्हांड से सभी देवी-देवता सहित गंधर्व शोभायात्रा को अपनी आंखों से निहार रहे थे। उक्त दौरान शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली।

## एक नजर

### किशोर न्याय परिषद ने पटना सिविल सर्जन पर लगाया पांच हजार रुपये का हर्जाना

**जहानाबाद।** अरवल जिले के कुर्था थाना से जुड़े एक मामले में विधि विवादित बालक और उसके भाई के उम्र निर्धारण में पटना के सिविल सर्जन द्वारा बरती गई लापरवाही व बार-बार शो कॉज नोटिस के बाद भी बोर्ड के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर किशोर न्याय परिषद जहानाबाद ने पटना के सिविल सर्जन पर पांच हजार रुपये का हजार्ना लगाया है। पटना सिविल सर्जन को उक्त राशि जहानाबाद डीएलएसए के विक्टिम कंपनसेशन फण्ड में 19 अक्टूबर 2024 के पहले जमा करने का आदेश दिया गया है। निर्धारित समय के पहले राशि जमा नहीं करने पर बोर्ड ने उक्त राशि की रिकवरी के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू करने की हिदायत भी दी है।

### सोनपुर की सृष्टि का पंजाब नेशनल बैंक में स्पेशलिस्ट अधिकारी के रूप में चयन



**छपरा।** सोनपुर प्रखण्ड के पहाड़ीचक निवासी शिक्षक सुबोध सिंह की पुत्री कुमारी सृष्टि सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक में स्पेशलिस्ट अधिकारी के रूप में चयनित हो सोनपुर एवं बिहार का नाम रौशन किया है। इन्होंने पूरे भारत में 1025 पदों में अपना स्थान बनाया है। सृष्टि की प्रारंभिक शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय सोनपुर से प्रारंभ हुई। सेंट कैरेंस पटना से आइ.कॉम एवं एस. एन. एस. कालेज हाजीपुर से बीकॉम करने के उपरांत कैट को क्वालीफाई कर एल.बी.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नई दिल्ली से एमबीए कर एक प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कंपनी में सिनियर एनालिस्ट के रूप में कार्य करते हुए सृष्टि ने यह सफलता अर्जित की। सृष्टि ने अपनी सफलता का क्षेत्र सच्ची लगन एवं परिवार के सहयोग को दिया।

### पान महासंघ ने हांको रथ, हम पान हैं... अभियान को मजबूत करने पर की चर्चा



**छपरा।** पान समाज द्वारा आंदोलन की तैयारी के लिए मंगलवार को छपरा में अखिल भारतीय पान महासंघ के बैनर तले बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता अनुरंजन कुमार पान और संचालन अनुज कुमार ने की। बैठक में छपरा, बेतिया, गोपालगंज व सिवाना के क्लस्टर जिला मोतिहारी में 27 अक्टूबर और 23 मार्च 2025 को पटना में होने वाले रैली के लिए पान समाज को एक जुट होकर तैयारी की बात कही गई। बैठक में पान समाज के बीच जाकर लोगों को जागरूक करने की बात पर चर्चा की गई। पटना के रैली को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आईपी गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों जैसे आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर , डॉक्टर, राजमिस्त्री, शिक्षक, छात्र, महिलाओं, मानपुर के आईआईटीएन से समाज की लड़ाई लड़ 'हांको रथ, हम पान हैं' से जुड़ने की अपील की। साथ ही, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष हीरामणि ताती, प्रदेश अध्यक्ष राम सकल दास, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश दास, पंचायती राज प्रदेश अध्यक्ष राजेश प्रसाद, पप्पू, कन्हैया, हिमालय राज, घनश्याम, प्रभु एवं वहां उपस्थित हजारों लोगों ने एक साथ रैली को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आईपी गुप्ता को वचन दिया।

### संजीवनी संस्कार स्कूल में डांडिया नृत्य कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी प्रस्तुति



**छपरा।** शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान संजीवनी संस्कार स्कूल में नवरात्र के अवसर पर डांडिया नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उदघाटन स्कूल के प्राचार्य रणजीत भगत, शिक्षिका ऋतू ठाकुर, ज्योति सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का का शुरूआत देवी गीत के साथ शुरू हुआ। नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने मां दुर्गा, हनुमान जी, भगवन श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण के रुप धारण कर सभी के मन मोह रहे थे। छात्र छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र छात्राओं के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षक सिक्षिकाए भी डांडिया नृत्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल के प्रचार्य रणजीत भगत ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार डांडिया मां दुर्गा और महिषासुर के बीच हुए युद्ध को प्रदर्शित करता है। डांडिया में उपयोग होने वाली रंगीन डंडियां मां दुर्गा की तलवार मानी जाती है और इसलिए इसे तलवार नृत्य भी कहा जाता है। गरबा और डांडिया के जरिए भक्तजन मां दुर्गा को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं।

### नवरात्रि उत्सव के बीच डांडिया की धूम



**छपरा।** इनर व्हील क्लब सारण एवं रोटरी क्लब सारण द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय जन्नत पैलेस में आयोजित नवरस में गरबा की धुन पर नृत्य, डांडिया की प्रस्तुति और सब की सहभागिता सचमुच देखने लायक दृश्य था। कार्यक्रम की शुरूआत देवी दुर्गा की पूजा और आरती से हुई। इस कार्यक्रम ने सभी सदस्यों को एक मनोरंजन और उल्लासपूर्ण तरीके से नवरात्रि के शुभ दिनों को मनाने के लिए एक साथ एकत्रित किया। डांडिया के धुनों पर सभी सदस्यों और अतिथियों ने पूरे हर्षोउल्लास के साथ नृत्य किया, न केवल सदस्यों और बच्चों, बल्कि शहर भर के प्रेस व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने जीवंत-जातीय पोशाकों में सजे-धजे इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसकी जानकारी क्लब एडिटर रचना कुमारी ने दी ।

### पूजा पंडालों में विद्युत कनेक्शन लेना जरूरी

**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत दुर्गा पूजा पंडालों के लिए बिजली विभाग अस्थाई बिजली कनेक्शन दे रहा है। कनेक्शन लेना जरूरी है, नहीं लेने पर कार्रवाई की जाएगी। पूजा समितियों को एक किलोवाट कनेक्शन के लिए 2049 रुपए देने होंगे। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि बिजली कंपनी के कर्मियों को फीडर,एलटी लाइन और ट्रांसफार्मरों की पूरी तरह जांच कर मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है,ताकि पूजा के दौरान तार टूटने से न सप्लाई बंद हो।

# राशन के चावल में प्लास्टिक के चावल की फैली अफवाह, मची हलचल

**केटी न्यूज/बांसडीह**

- क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक ने बोले, फोर्टिफाइड चावल है
- चावल पूरी तरह स्वास्थ्य मानकों पर खरा है

क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में सोमवार सुबह सरकारी राशन की दुकान पर कार्डधारकों को चावल मिलने के बाद उनके दानों में कुछ अलग तरह के चावलों के दाने दिखाई दिये। जिसके कुछ देर में ही पूरे गांव में यह हलचल मच गयी। चावल के दानों में प्लास्टिक के चावलों के दाने भी मिलाये गये हैं। इसके बाद इस खबर के फैलते ही ग्रामीण काफी सशंकित हो उठे। सभी अपने अपने हिस्से में मिले चावलों की छानबीन करने लगे। पूरे गांव में फैल गयी कि राशन की दुकान से मिलने वाले चावल में प्लास्टिक के चावलों का मिश्रण है। जिसे खाने के बाद लोगों की तबियत बिगड़ सकती है।

इस दौरान कई लोगों ने चावलों के उन दानों की फोटो भी खींच ली और सोशल साइट्स पर यह कहकर डालने लगे कि हमारे गांव में राशन की दुकान से मिले चावलों में प्लास्टिक के चावलों के दाने मिले हुए है। देर तक चली बहसबाजी के बाद इस संबंध में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक दिलीप सिंह से इसकी शिकायत की गयी। जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि यह फोर्टिफाइड चावल है। जो विटामिन से भरपूर व स्वास्थ्य के लिए काफी बेहतर है। इसमें प्लास्टिक जैसा कोई तत्व नही हैं और यह चावल पूरी तरह स्वास्थ्य मानकों पर खरा है। पूर्ति निरीक्षक के बातों को कोटेदारों द्वारा ग्रामीणों को बताया गया। तब जाकर ग्रामीण कुछ शांत हुए लेकिन अभी भी चावल के उन दानों को ग्रामीणों शंका भरी नजरों देख रहें हैं। फोटीफाईड चावल बनाने के लिए सबसे पहले सामान्य चावल का पाउडर बनाया जाता है। उसमें सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे विटामिन एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार मिलाए जाते हैं।

एक्सट्रेडर मशीन से चावल के दानों या एफआरके के एक दाने को सामान्य चावल के 100 दानों के अनुपात में मिलाया जाता है। यह लोगों की खुराक में आवश्यक पौष्टिक तत्वों की पूर्ति के साथ ही कुपोषण के नियंत्रण में काफी मददगार है।



## खबरें फटाफट

### बाइको की टक्कर में एक युवक की गयी जान

**रतसर।** गडवार थाना अन्तर्गत स्थानीय नगर क्षेत्र के नहर मार्ग पर मंगलवार की शाम करीब साढ़े छः बजे सुहेलदेव प्रतिमा के सामने दो बाइको की आमने–सामने टक्कर हो गयी। जिसमे नगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलेम धनौती निवासी 35 वर्षीय विकास गोंड ऊर्फ सुनील की घटना स्थल पर मौत हो गयी। लोगों ने घायलों को अपने निजी साधन से सीएचसी पहुंचाया। जहां विकास गोंड को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरा बाइक सवार फरार हो गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौंकी प्रभारी अवधेश कुमार बाईक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### पंडाल में सो रहे युवक पर पड़ोस के युवक ने चाकू से किया हमला

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला में सोमवार की देर रात सोते समय एक युवक पर पड़ोस के ही एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की चीख सुनकर सभी लोग जग गये। इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल ले गई। जानकारी के अनुसार हल्दी थाने से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर हल्दी पश्चिम टोला गांव में बिट्टू यादव 22 वर्ष पुत्र गोरख यादव बगल में पंडाल स्थल पर रात में सोया हुआ था। इसी बीच रात करीब 11 बजे बगल के ही कुछ युवक वहां पहुंचे और सोते समय ही एक युवक ने चाकू से बिट्टू यादव पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बिट्टू ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। परिजनों ने रात में इलाज कराने उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छोड़ दिया गया। लेकिन उसका खून निरंतर गिरता रहा, मंगलवार को तड़के सुबह 112 नंबर को फोन करके सूचना दिया गया तो 112 पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई है। मौके पर इलाकाई पुलिस पहुंची है इस मामले में कुछ लोगों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया।

## बलिया डीएम ने त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए लोगों के साथ की बैठक

# त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वालों की खैर नहीं : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने आज आगामी त्यौहार दशहरा व दीपावली आदि को सकुशल संपन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं व सम्भ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।



जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं व सम्भ्रांत नागरिकों से उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। धर्म गुरुओं व सम्भ्रांत नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा। जनपद में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने दी जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने धर्मगुरुओं व सम्भ्रांत नागरिकों से कहा कि आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाया जाय। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट तथा ऐसा कृत्य न किया,जिससे जनपद का माहौल बिगड़े।

उन्होंने सभी से अपील की कि जनपद में शांति व कानून व्यवस्था व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। कोई समस्या या कोई बात संज्ञान में आती है तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराए। अगर कोई व्यक्ति जनपद का माहौल बिगड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं व सम्भ्रांत नागरिकों से कहा कि जनपद की अमन चैन कायम रहे। ऐसा कोई कार्य न होने पाए, जिससे जनपद का माहौल बिगड़े। बच्चों को सही दिशा दिया जाय।

किसी भी व्यक्ति द्वारा जाति, धर्म, संप्रदाय पर आपत्तिजनक पोस्ट न किया जाय। कोई भी समस्या/सूचना संज्ञान में आती है तो तत्काल अवगत कराए,प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल झा तथा नगर मजिस्ट्रेट श्री इंद्रकांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी तथा धर्मगुरू व सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहें।

### नवरात्र पर कर्रवाई: खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने खाद्य पदार्थ के पांच नमूने लिये

**बलिया।** नवरात्र पर आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके इसको लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने मंगलवार को भरौली, सुखपुरा व नरही के बाजारों में छापेमारी की। सचल दल ने कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थ की दुकानों से संदिग्ध प्रतीत होने पर वनस्पति, मूंगफली, भुना चना, सिंघाड़ा का आटा के पांच नमूने संग्रहित किए। सहायक आयुक्त द्वितीय वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि नवरात्र पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, और यह आगे भी चलेगा। संग्रहित किए गए सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोशाला भेजा जा रहा है, रिपोर्ट आने पर नियमानुसार करवाई होगी। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार, अखिलेश कुमार मौर्य, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार थे।

## प्रशासन के खिलाफ भाकपा-माले ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन




**केटी न्यूज/बलिया**

- जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एएसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- फर्जी मुकदमें में फंसे नेता को रिहा करने की मांग

सीतापुर जनपद के भाकपा-माले राज्य कमेटी के नेता एवं जिला पंचायत के सदस्य कामरेड अर्जुन लाल को सीतापुर प्रशासन द्वारा जिला बदर करने की कार्यवाही के खिलाफ प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी के जिला सचिव लाल साहब एवं लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एएसडीएम को सौंपा। जिसमें सीतापुर जनपद के माले नेता अर्जुन लाल को जिला बदर करने की कार्यवाही को रद्द करने तथा लखीमपुर खीरी में फर्जी मुकदमें में गिरफ्तार पार्टी नेता रामदरस को रिहा करने की मांग की गयी। इस अवसर पर बसन्त सिंह, वशिष्ठ राजभर, भागवत बिन्द, लक्ष्मण यादव, राधेश्याम चौहान, रेखा पासवान, लीलावती देवी, पार्वती देवी, मु0 युसूफ, रमेश बिन्द, राजेश गोंड, रामानन्द, विनय खरवार, नागेन्द्र प्रसाद, रविन्द्र गुप्ता, सुधीर पासवान, जमाल अंसारी, संतोष साहनी, छितेश्वर पासवान, मीना पासवान, अजय खरवार, योगेन्द्र राम, राजमुनी, सहित सैकड़ों लोग शामिल रहें।

## पूर्व प्रधान और सचिव से लागत धन की होगी वसूली

**लालगंज।** ग्राम पंचायत दलकी के सामुदायिक शौचालय में अनियमित के कारण पूर्व प्रधान और सचिव से लागत धन की वसूली की जाएगी। उल्लेखनीय की उपनिदेशक ने पंचायत में बनने वाले सामुदायिक शौचालय जानकारी मांगा। जिस पर ग्राम पंचायत में सचिव ने बताया की सामुदायिक शौचालय निजी जमीन में बना है मानदेय न मिलने के कारण संचालिका द्वारा ताला मारा गया है। कोई अभिलेख नहीं है और सामुदायिक शौचालय में ताला बंद है जिस पर उपनिदेशक ने कड़ा एक्शन लेते हुए निर्देशित किया गया सामुदायिक शौचालय सरकारी जमीन में बनाना है न कि किसी निजी के जमीन में इसके निर्माण में अनियमितता की गई है तत्कालीन प्रधान व सचिव से इसकी वसूली की जाए। इस संबंध दिग्विजय नाथ तिवारी एडीओ पंचायत ने बताया कि सत्यापन के लिए मैं गया था। जहां ताला लगा हुआ था। सचिव से अभिलेख की मांग की गई तो सचिव ने बताया कि अभिलेख ब्लॉक में नहीं भगवान के पास है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है।

## आईएमए अध्यक्ष बने डा. एससी तिवारी सचिव डा. कंचन लता



**केटी न्यूज/मऊ**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मऊ का वर्ष 2024-2025 की नई कार्यकारिणी का चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह नवनिर्मित आईएमए भवन में गरिमामयी तरीके से संपन्न हुआ। सत्र 2024-2025 के लिए संरक्षक के पद पर डॉक्टर बदरे आलम, अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर एस सी तिवारी का निर्विरोध चुनाव हुआ।

उपाध्यक्ष पुरुष के पद पर डॉ पवन कुमार मद्धेशिया, उपाध्यक्ष महिला के पद पर डॉक्टर प्रतिमा सिंह, जनरल सेक्रेटरी के पद पर डॉ कंचन लता आजाद, ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर डॉक्टर अनिल कुमार, क्लीनिकल सेक्रेटरी के पद पर डॉक्टर ओपी सिंह, कल्चरल सेक्रेट्री के पद पर डॉक्टर आकांक्षा गुप्ता, कोषाध्यक्ष के पद पर डॉक्टर एके रंजन तथा स्पोर्ट्स सेक्रेट्री के पद पर डॉक्टर आर एन अग्रवाल, का निर्विरोध चुनाव हुआ।

डॉ इकबाल अहमद, डॉ एन के सिंह तथा डॉक्टर गंगासागर सिंह का निर्विरोध चयन रिप्रेजेंटेटिव सेंट्रल आईएमए के लिए किया गया। जबकि डॉक्टर जेड आई उस्मानी, डॉक्टर एच एन सिंह, डॉ आर के अग्रवाल, डॉ पवन कुमार गुप्ता तथा डॉ राजकुमार सिंह का चयन रिप्रेजेंटेटिव स्टेट आई एम ए के तौर पर किया गया। चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामयी तरीके से संपन्न हुआ। अध्यक्ष डॉ एस सी तिवारी ने अपने अभिभाषण में बताया कि विगत वर्ष की कार्यकारिणी ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं जिसके लिए उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर पी एल गुप्ता एवं पूर्व सेक्रेटरी डॉक्टर चंद्रशेखर साहनी का साधुवाद दिया और साथ ही अधूरे रह गए कार्यों को पूरा करने का वचन भी दिया।

## मां दुर्गा मंदिर सदियों से बना है आस्था का केंद्र, मां के दरबार में हाजिरी देने वालों का पूरे वर्ष लगा रहता है तांता

# राजा सूरथ ने स्थापित कराई थी मां दुर्गा की अष्ट धातु की मूर्ति

**केटी न्यूज/बलिया**

- जो सच्चे मन से देता है हाजिरी उसकी होती है मनोकामना पूरी

तहसील क्षेत्र के खरीद गांव में स्थित माँ दुर्गा मंदिर सदियों से लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। माँ के दरबार में हाजिरी देने वालों का पूरे वर्ष तांता लगा रहता है। नवरात्र के दिनों में तो यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व राज्यपाल रमेश भंडारी अनेको मंत्री, सांसद, बिधायक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के बड़े नेता एवं देश के वरिष्ठ अधिकारी माँ के दरबार में मत्था टेक चुके हैं।

मान्यता है कि मंदिर पर जो भी सच्चे मन वह मन्नत के साथ हाजिरी देता है उसकी मनोकामना निश्चित रूप से पूरी होती है। बुजुर्गों द्वारा बताया जाता है कि सदियों पूर्व खरीद गांव का इलाका जंगल से आच्छादित था। उसी जंगल में घाघरा नदी के तट पर मेघा ऋषि का आश्रम था। पड़ोसी राजा के आक्रमण और सत्ता खोने के बाद राजा सूरथ घोड़े पर सवार होकर जंगल की तरफ चल दिए। जंगल में भटकते हुए वह मेघा ऋषि के आश्रम तक पहुंच गए।

उस समय ऋषि को ध्यान में मग्न देख राजा सूरथ वहीं बैठ गए, ध्यान खत्म होने के बाद ऋषि ने उनसे आने का कारण पूछा जिस पर राजा ने अपनी पूरी आपबीती उनसे कह डाली। राजा की बातों को सुन ऋषि ने उनको देवी के उपासना की सलाह दिया। राजा के द्वारा दो वर्षों तक



लगातार उपासना के बाद एक दिन देवी राजा को साक्षात दर्शन और आशीर्वाद देकर अंतर्ध्यान हो गई। बाद में देवी के आशीर्वाद से राजा सूरथ को पुनः उनका राज पाट वापस मिल गया दोबारा राज पाट मिलने के बाद राजा ने खरीद में मां दुर्गा के अष्ट धातु की मूर्ति स्थापित करवाई, जो समय के प्रवाह के साथ जमीन में दब गई थी। एक सदी पूर्व खुदाई के समय पुनः मूर्ति मिली, जिसे विधिवत स्थापित कर खूबसूरत मंदिर का निर्माण कराया गया।

माँ के दरबार में सच्चे मन से जो भी भक्त हाजिरी देता है, उसकी मनोकामना निश्चित रूप से पूरी होती है. माँ की मूर्ति की, यह खासियत है कि सुबह से शाम तक तीन बार रूप बदलती है। तीनों रूप युवा,प्रौढ़ा व वृद्धा के होते हैं। पूरे वर्ष भक्तों का यहां आना जाना लगा रहता है। नवरात्र में रोजाना हजारों भक्त दर्शन देते हैं, जिसकी मनोकामना पूरी होती है। वह माँ का होकर रह जाता है और हमेशा मां के दरबार में आ कर मत्था टेकते हैं। अब तो माँ की मूर्ति का ऊपर एक भव्य मन्दिर निर्मित हो गया है। वैसे तो पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का मंदिर पर मत्था टेकने का कार्य जारी रहता है किन्तु वासन्तिक व शारदीय नवरात्रि में यह संख्या काफी बढ़ जाती है। लोग हजारों की संख्या में मां के दरबार में पहुंचकर माथा टेकते हैं।

### प्रतिमा सुबह से शाम तक तीन बार अपना रूप बदलती है

**बलिया।** सुबह मां तरुणा के रूप में नजर आती हैं, तो अपराह्न में प्रौढ़ रूप का दर्शन होता है। शाम के समय वृद्धा के रूप में दर्शन देती हैं। मां की शक्ति व चमत्कार का ही नतीजा है कि यहां श्रद्धालु अपनी अर्जी लगाने से नहीं चूकता। समय समय पर भवानी माई के दरबार में दिग्गजों ने भी मत्था टेका है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व राज्यपाल रोमेश भंडारी व मोतीलाल बोरा आदि नेता यहां आ चुके हैं।

### दो वर्षों की तपस्या के बाद देवी ने दिया था राजा को दर्शन

**बलिया।** दो वर्षों की तपस्या के बाद देवी ने दर्शन दिया तो राजा व वैश्य ने मनोवांछित सिद्धि के साथ यहां नित्य विराजमान हो कल्याण का वरदान मांगा था। अपना आशीष व अभीष्ट सिद्धि का वरदान दे मां अंतर्ध्यान हो गईं। मां के आशीर्वाद से राजा सूरथ व समाधि वैश्य को अभीष्ट की प्राप्ति हुई। राज्य मिलने के बाद राजा ने खरीद में ही तपस्या स्थल से 500 मीटर की दूरी पर वरदहस्ता भगवती की अष्टधातु की मूर्ति स्थापित करवाई, जो जमीन में दब गई थी।

## एक नजर

### हरियाणा की हैट्रिक पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जश्न



**बलिया।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा जिला मंत्री अरुण सिंह बंटू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत के सरकार बनना हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व की बात है। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है। जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है। भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केन्द्र में विद्यमान है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आलोक सिंह मोनू, गणेश गुप्ता, राणा कुणाल सिंह, मिथिलेश सिंह, सभासद प्रेरक गुप्ता, डा. अमित सिंह, अभिषेक गुप्ता सेतु ,छोटू उपाध्याय ,अभिषेक पांडे ,आशीष शर्मा,अंशु गुप्ता, आयुष पांडे ,अभय वर्मा , आशीष शाह, प्रमुख रहे।

### अध्यापक का आपत्तिजनक टिप्पणी करने का ऑडियो वायरल

**बिल्थरारोड।** स्थानीय नगर के डीएवी इन्टर कालेज के एक अध्यापक द्वारा दुर्गा जी, सीता जी और देश की लड़कियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसको लेकर लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। इस अध्यापक पर सम्बंधित अधिकारी से करवाई की मांग किया है।आपत्तिजनक जनक टिप्पणी करने वाला अध्यापक डीएवी इन्टर कालेज का मोहन राम बताया जा रहा है। जो वायरल आडियो में कक्षा में बच्चों को सीता जी और इण्डिया की लड़कियों को भागने वाली कहा जा रहा है। जो बेहद शर्मनाक बात है। ऐसे में राष्ट्रीय सहारा इस आडियो की पुष्टि नही करता है। जांच के बाद ही पता चलेगा। विद्यालय के प्रिंसिपल अमरनाथ मौर्य से इस सम्बंध में बात करने पर बताया कि टिप्पणी करने वाले अध्यापक के खिलाफ जांच कर कारवाई करने हेतु पत्र भेज दिया गया है।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**बिल्थरारोड।** उभांव इंस्पेक्टर विपिन सिंह व पुलिस टीम द्वारा मंगलवार के सुबह चेकिंग संदिग्ध वाहन/संदिग्ध व्यक्ति की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर पहुंचकर पड़सरा मोड़ से नाबालिक लड़की के अपहरणकर्ता पास्को अभियुक्त आकाश गोंड पुत्र रमेश गोंड निवासी शाहपुर अफगा थाना उभांव जनपद बलिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उभांव पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार नाबालिग पीड़िता की गुमशुदगी के साथ आरोपी के खिलाफ पाक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिसे मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

### भूमि पूजन व सुंदरकाण्ड पाठ रामलीला मंच पर संपन्न

**चिरैयाकोट (मऊ)।** स्थानीय नगर के श्री रामलीला रंगमंच पर मंगलवार को दिन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन का धार्मिक अनुष्ठान एवं सुंदर काण्ड का पाठ संपन्न हुआ। आयोजन में सर्वप्रथम पं० गिरिशचंद उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। तत्पश्चात हनुमान सेवा समिति के सदस्यों ऋषभ उपाध्याय, संतोष मद्धेशिया,संदीप मद्धेशिया,हर्ष वर्मा, रोहित गुप्ता,विशाल मद्धेशिया,रिशु मद्धेशिया,अनीश वर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ सस्वर किया गया। अंत में रामजी पाण्डेय, सुभाषचन्द्र जायसवाल, अशोक कुमार ' अश्क चिरैयाकोटी ' एडवोकेट व सोहनलाल द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ।इस अवसर पर प्रेमचंद मौर्य, मनोज द ग्रेट,रामकुमार जायसवाल, रामसागर पाण्डेय ,राजकुमार मौर्य,गनेश मद्धेशिया आदि लोग उपस्थित रहे।

### लौवासाथ में विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने की मांग को लेकर उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**मऊ।** जनपद के विकास खंड फतहपुर मंडाव के ग्राम पंचायत लौवासाथ तथा अन्य कई गांवों में ओवरलोड के चलते तीन दिनों से सोलह केवीए का ट्रार्सफार्मर जलने को लेकर उपभोक्ताओं ने मंगलवार को जले हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर प्रदर्शन और नारेबाजी किया।उपभोक्ताओं का कहना है ओवरलोड के चलते सोलह केवीए का ट्रार्सफार्मर बार बार जल जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से मांग किया है सोलह केवीए ट्रांसफार्मर को बदल कर पचीस या तिरसठ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाय। प्रदर्शन करने वालों में देवानंद यादव ,जग्गू यादव, नितेश ,लालू यादव ,पारस यादव, प्रभुनाथ यादव, मुन्ना यादव, लाला यादव, रविकांत यादव आदि उपभोक्ता शामिल रहे। परसिया जयराम गिरि और मैनपरवा में भी एक हफ्ता से पचीस केवीए का ट्रार्सफार्मर जला हुआ है। इस संबंध में जेई अजीत श्रीवास्तव उपकेंद्र मोलनापुर ने कहा कि परसिया मैनपरवा में ट्रांसफार्मर लग गया है और लौवासाथ में रविवार को जांच हुआ है वह भी लग जायेगा और सोलह केवीए से पचीस का लगाना है तो जब उपभोक्ता लिस्ट देंगे तो होगा।

### बैंक प्रबंधकों से 50 बड़े बकायेदारों की सूची तलब

**मऊ।** जनपद में राजस्व विभाग ने वसूली को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। घोसी एसडीएम राजेश अग्रवाल ने राजस्व अमीनों व बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक की। बैठक में बैंक प्रबंधकों व राजस्व अमीनों को ऋण वसूली में सहयोग करने के निर्देश दिए साथ ही बैंक प्रबंधकों को राजस्व वसूली में अमीनों को सहयोग करने की भी एसडीएम द्वारा अपील की गई। एसडीएम राजेश अग्रवाल ने समस्त प्रबंधकों से 50 बड़े बकायेदारों की सूची तलब की है ताकि एक अभियान चलाकर अक्टूबर माह में ?1 करोड़ की वसूली की जा सके। एसडीएम राजेश अग्रवाल ने प्रबंधकों को उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में त्वरित गति से निस्तारण करने का भी निर्देश दिया। एसडीएम राजेश अग्रवाल ने घोसी नगर और तहसील के सौंदर्यीकरण में भी बैंको की सहभागिता के लिए अनुरोध किया जिसपर सभी ने सहमति भी दी। बैठक में घोसी तहसीलदार डा. धर्मेंद्र पाण्डेय, नायब तहसीलदार निशांत मिश्र, सहायक राजस्व लेखाकार, समेत समस्त संग्रह अमीन मौजूद रहे।

### चकबंदी की मूल भावना से कराया अवगत

**मऊ।** चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश भानुचंद्र गोस्वामी के निर्देश पर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के पर्यवेक्षण में व मुख्य राजस्व अधिकारी लवकुश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रकौली में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में उपस्थित लोगों की समस्याओं को अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक सुना गया व निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी लवकुश त्रिपाठी ने लोगों को चकबंदी की मूल भावना से अवगत कराया तथा निष्पक्ष रूप से चकबंदी को पूर्ण करने का लोगों को भरोसा दिलाया। साथ लोगों से चकबंदी प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील किया। ग्रामीणों ने भी अधिकारियों से अपनी समस्याओं को अवगत कराया जिसको उप संचालक चकबंदी ने गंभीरता से लेते हुए चकबंदी अधिकारी राकेश सिंह को लोगों की समस्याओं को रजिस्टर में अंकित कर नियमानुसार निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक में उप संचालक चकबन्दी लवकुश कुमार त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी राकेश सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी, लेखपाल मनोज यादव, ग्राम प्रधान सुनीता यादव, रोजगार सेवक उमेश यादव, चकबंदी समिति के सदस्य अविनाश पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### सिकनी गांव में भक्ति जागरण का आयोजन

**रामगढ़, एजेंसी।** दुलमी प्रखंड के सिकनी गांव में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर शामिल हुए। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और सद्भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए और ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ना चाहिए। मौके पर उप मुखिया उमाशंकर महतो, बिक्की महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, सचिव छोटेलाल महतो, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, बालदेव ठाकुर, राजेश मुंडा, पुजारी जनार्दन महतो, कुलदीप साव, कृष्ण कुमार, रंजीत महतो, सुनीता देवी, रीना देवी, आशा देवी, आशा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, देवकीनंदन महतो, अमित जयसवाल, रामरंजन करमाली आदि मौजूद थे।

### रांची और धनबाद में ईडी की ताबड़तोड़ छापामारी, कई अधिकारियों पर कसा शिकंजा

**राज्य ब्यूरो, रांची।** ईडी को मैनेज करने के मामले में पंडरा थाना में दर्ज प्राथमिकी मामले में मंगलवार को रांची में आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी का छापा। यह छापेमारी मैनेज करने वाले कथित अधिवक्ता के साथ साथ तीन अंचलाधिकारियों व उनके सहयोगियों के ठिकानों पर जारी है। आरोपितों में जय कुमार राम, दिवाकर द्विवेदी, प्रभात भूषण, संजीव पांडे, रवि नामक व्यक्तियों के ठिकानों पर छापा मारा है।रांची की परवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनबाद के जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के झारुडीह स्थित फ्लैट में छापामारी की है। झारुडीह के देव विहार अपार्टमेंट के नौवें तल पर द्विवेदी का फ्लैट है। छापामारी के लिए ईडी की छह सदस्यीय टीम यहां पहुंची है।इसमें एक महिला अधिकारी भी हैं। टीम ने सुबह नौ बजे छापामारी शुरू की है।जानकारी के अनुसार ईडी पंडरा थाना में दर्ज एक मामले को लेकर परवर्तन निदेशालय को मैनेज करने का आरोप है। मैनेज करने को लेकर पांच करोड़ रुपये लेनदेन करने का मामला सामने आ रहा है। यह मामला जमीन घोटाला से जुड़ा हुआ है।बताया जाता है कि जमीन कारोबारी संजीव कुमार पांडेय ने पंडरा ओपी में वकील सुजीत कुमार के खिलाफ प्राथमिकी करायी थी। जिसमे बताया गया था कि ईडी की चार्जशीट से पांडेय का नाम हटाने के लिए अधिवक्ता सुजीत कुमार ने करोड़ों रुपये लिए थे, फिर भी नाम नहीं हटा पाया। जब पैसे वापस मांगा गया तो अधिवक्ता ने 54 चेक और अपनी कार दी। साथ ही अपहरण का भी प्रयास किया। चेक कैश नहीं होने पर प्राथमिकी कराई।

### सारंडा के सभी लोग पर्यावरण व वन्यप्राणियों को बचाने हेतु एम्बेसडर हैं - नीतीश कुमार

**चाईबासा, एजेंसी।** सारंडा वन प्रमंडल अन्तर्गत ससंगदा वन प्रक्षेत्र के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को मेघाहातुबुरु सामुदायिक भवन प्रांगण में 70वां वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सारंडा के संलग्न पदाधिकारी आईएफएस नीतीश कुमार, विशिष्ट अतिथि किरीबुरु के उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, मेघाहातुबुरु के सहायक महाप्रबंधक संदीप भारद्वाज, केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक पी सी पान, शिक्षक रोहित ने दीप प्रज्वलित कर किया। संलग्न पदाधिकारी आईएफएस नीतीश कुमार ने कहा कि आपको वन विभाग ने टोपी प्रदान कर वन्यप्राणियों को बचाने का एम्बेसडर बनाया है। अब आपको पर्यावरण व वन्यप्राणियों को बचाना है। वन जब नहीं रहेगा तो पानी की विकट समस्या उत्पन्न होगी। वन्यप्राणियों के लिये सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण बनायें, क्योंकि वह उस वातावरण में सुरक्षित रह सकें। सारंडा का मौसम, खूबसूरती व वातावरण को देखने के लिये पर्यटक पैसा देकर यहां आते हैं। लेकिन आप खुशनसीब हैं कि यहां रहते हैं। हम सभी को मिलकर जंगल को आग से बचाना है।उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि डायनासोर को आज हम किताबों में देखते हैं, क्या आप चाहेंगे की अन्य जानवर भी किताबों में हम देखें। वन व वन्यप्राणी एक-दूसरे के पूरक हैं। हमें दोनों को बचाना होगा। सहायक महाप्रबंधक संदीप भारद्वाज ने कहा कि सेल प्रबंधन खनन के अलावे वन विभाग के साथ मिलकर आगामी 10 वर्षों के लिये वन्यप्राणियों व जंगल को बचाने हेतु एक विशेष कार्य योजना बनाकर काम कर रहे हैं।

# मॉब लिंचिंग और उत्पाद सिपाही बहाली में मृतकों के परिजनों को मिली सहायता

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित/परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को एक लाख की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। इस क्रम में सीएम ने पीड़ित परिवारों के बीच कुल एक करोड़ 82 लाख रुपये का वितरण किया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**नौजवानों की मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार से आग्रह :** हेमंत सोरेन ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है। हमारी सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिख कर डॉक्टरों की एक बड़ी टीम से इन घटनाओं की विस्तृत जांच का आग्रह किया है। सीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में भी पुलिस बहाली एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। उस समय भी राज्य सरकार के लिए ऐसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेंगी।

**पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करेगी राज्य सरकार :** मुख्यमंत्री सोरेन ने सभागार में उपस्थित पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। इन घटनाओं में जो हमें छोड़ गए, उन्हें तो वापस लाया नहीं जा सकता, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सकें। किस प्रकार उनके जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

**सरकार संवेदनशील, जिम्मेदारियों का कर रही निर्वहन :** सीएम सोरेन ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा व मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों एवं ऐसे पीड़ित परिवारों के सुख-दुःख में हमेशा साथ हूं और आगे भी रहूंगा।

**नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाली :** सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी। राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। इस नौकरी की चाहत रखनेवाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई। यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही। इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिली है।

**मॉब लिंचिंग की घटनाएं दुःखदायी और दर्दनाक :** सीएम ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है। यह घटना भी काफी दुःखदाई और दर्दनाक है। हमारी सरकार सदैव पीड़ित परिवारों के आश्रितों के साथ खड़ी है। आज आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान करना, आपके प्रति राज्य सरकार की एक संवेदना मात्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पीड़ित परिवारों को कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

## रिनपास कार्य उपसमिति की बैठक संपन्न

**रांची, एजेंसी।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को रांची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) कार्य उपसमिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में समिति के सदस्य सचिव, सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य मौजूद थे। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा रिनपास के सभी भवनों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के निदेश के अनुपालन के प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा बैठक में कई निर्णय लिए गये।

- योजनाओं के प्रस्तावों के लिए एजेंसी द्वारा अनुमानित राशि की उपलब्ध कराई गई सूची एवं प्राक्कलन अनुमोदित किया गया।
- पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्य योजना के प्रस्तावों को भी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। इसमें रिनपास के महिला ओटी सेक्शन में टॉयलेट बनाना एवं कूलर के साथ आरओ प्यूरिफायर लगाया जाना है।
- समिति ने विद्युत कार्य की कार्य योजना को भी अनुमोदित किया। जिसमें रिनपास के पुरुष एवं महिला ओटी में इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन एवं इंस्टॉलेशन ऑफ लाइटेनिंग कंडक्टर्स इन रिनपास बिल्डिंग का कार्य शामिल है।
- इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल के कार्य योजना, जिसमें रिनपास में 500 केवीए के दो ट्रांसफॉर्मर और 1।5 किमी लंबी हाईटेंशन केबल एक्सेसरीज का कार्य शामिल है, इसके लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन देने का निर्देश दिया गया।

## मेरे खिलाफ झूठी खबर फैला रहा सरयू राय गैंग, यौन शोषण की फर्जी एफआईआर वायरल होने पर भड़के बन्ना गुप्ता का बड़ा आरोप

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उनके विरुद्ध यौन शोषण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने की झूठी खबर चलाने तथा फर्जी एफआइआर वायरल करने में पूर्व मंत्री सरयू राय और उनके गैंग का हाथ है।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय लगातार उनके विरुद्ध साजिश रच रहे हैं। इसमें वह गैंग ही सम्मिलित है, जिसने 23 अप्रैल 2023 को उनके विरुद्ध फर्जी वीडियो बनाकर प्रसारित किया था। फर्जी वीडियो बनाने के आरोप में जमशेदपुर में कुछ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई है, जिसका अनुसंधान चल रहा है। बन्ना ने रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन बुलाकर कहा कि चुनाव आ गया है तो इस तरह की साजिश सरयू राय द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए रची जा रही है। फर्जी एफआइआर पर भले ही सरयू ने अभी तक कुछ नहीं बोला हो, लेकिन इसमें उनके एक प्रिय पत्रकार, चिकित्सक और एक नेता सम्मिलित हैं। उनके प्रिय पत्रकार आनंद आहार पत्रिका घोटाले में भी आरोपी हैं। उन्होंने नेता और चिकित्सक का नाम नहीं बताया।



बन्ना ने कहा कि राजनीति कि कुंठित मानसिकता से ग्रसित सरयू कायर की तरह पीठ पर वार करते हैं और इस तरह की साजिश रचते हैं। वे चश्मा पहनकर देखें। उन्होंने कहा कि फर्जी एफआइआर मामले में रांची और जमशेदपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

रांची के सिटी एसपी ने भी कहा है कि इस तरह की कोई एफआइआर दर्ज नहीं हुई। उसमें एफआइआर दर्ज करानेवाले का न तो नाम है और न ही उसका आधार। थाना का भी नाम नहीं है।बन्ना ने कहा कि सरयू को जमशेदपुर पूर्वी से टिकट नहीं मिल रहा है तो वे जमशेदपुर पश्चिमी के लिए तिकड़म लगा रहे हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन ने सभी डीसी को दिया निर्देश, चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं

**रांची, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन के एक आदेश के बाद राज्य सरकार और भाजपा में ठन गई है। सीएम ने सोमवार को सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखा है कि सभी जिलों के डीसी संज्ञान लें और सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को चुनाव आयोग के नियमों को तोड़ने की आजादी नहीं है। सभी डीसी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही सुसंगत धाराओं में मुकदामा कायम करते हुए सूचना दें।

सीएम के इस निर्देश के बाद असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभाव में आती है। अधिसूचना जारी होने तक, प्रत्येक राजनीतिक दल को अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। जब तक हम किसी नियम या संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं, हमारी गतिविधियों में राज्य सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

**हेमंत ने एक्स पर क्या लिखा :** सभी उपायुक्त संज्ञान लें एवं सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को केंद्रीय चुनाव



आयोग के नियमों को तोड़ने की आज़ादी नहीं है। सभी उपायुक्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें एवं सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम करते हुए सूचना दें।

**झामुमो ने की भाजपा की शिकायत :** झामुमो ने भी भाजपा की शिकायत की है। झामुमो की ओर से ट्वीट कर कहा गया है कि भाजपा लगातार निर्वाचन आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है - और चुनाव आयोग सो रहा है। सवाल करते हुए लिखा है कि आख़िर भाजपा को नियम तोड़ने की विशेष छूट है क्या ? आख़िर इतनी छूट के बाद भी 240 ही क्यों ? चुनाव आयोग कहता है कि किसी भी तरह का फॉर्म नहीं भरवाया जा सकता है। पर भाजपा के नेता, दल बदलू लगातार इसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और केंद्रीय चुनाव आयोग शांत है। सीएम इस पर संज्ञान लें, नहीं तो इंडिया गठबंधन भी अब ऐसे हथकंडे अपनाएगा।

**ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से रहें सावधान :** उधर, इस संबंध में मीडिया में कुछ विज्ञापन आने के बाद सभी जिला प्रशासन सतर्क हो गए हैं। इी सिलसिले में गिरिडीह जिला प्रशासन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों के द्वारा गोगो दीदी योजना के नाम से 2100 रुपए प्रति महिलाओं को लाभ देने के लिए आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा के तहत गिरिडीह जिले में गोगो दीदी योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है। न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन प्रपत्र जारी किया गया है। आम लोगों से अनुरोध भी किया गया है कि कि ऐसे भ्रामकों विज्ञापन से सावधान रहें। सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक के हस्ताक्षर से यह विज्ञप्ति जारी की गई है।

## रांची में आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव, प्रांत प्रचारक बोले- संघ के कारण ही आज पूर्वोत्तर और कश्मीर भारत का अंग

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि आरएसएस के कारण ही आज कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत का अंग बना हुआ है। इसके लिए कई स्वयंसेवको और संघ के प्रचारकों ने बलिदान दिए। उन सभी में राष्ट्र के प्रति समर्पण का यह भाव संघ की शाखाओं से मिला।

कश्मीर से धारा 370 हटाने में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक वर्षों से प्रयासरत थे। 1960 में ही कश्मीर शोध संस्थान की स्थापना की गई।

पूर्वोत्तर भारत की स्थिति वर्षों पहले कैसी थी, सभी जानते हैं, परंतु संघ के प्रयास से वहां परिस्थितियां बदल गई है। देश में कई ऐसे उदाहरण हैं जो संघ की शाखाओं से निकले स्वयंसेवकों के कारण देखने को मिल रहे हैं।

शर्मा रविवार को आरएसएस के रांची महानगर की ओर से आयोजित



विजयादशमी उत्सव के अवसर पर स्वयंसेवकों व शहर के लोगों को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन चुटिया स्थित शास्त्री मैदान में शाम 6।30 बजे से किया गया था। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने चुटिया में पथ संचलन निकाला।

अपने संबोधन में प्रांत प्रचारक ने कहा कि अगले वर्ष संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा में कई परेशानियां आई। कई बार प्रतिबंध लगा।

1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी संघ को समाप्त करना चाहती थी। आपातकाल लगाया गया। द्वितीय सरसंघचालक श्रीगुरुजी को जेल में डाल दिया गया, परंतु संघ उस परिस्थिति से भी बाहर निकला।

गोपाल शर्मा ने कहा कि हिंदू समाज के बंटने के कारण आक्रांताओं ने हमारे मंदिरों को ध्वस्त कर दिया। विक्रमशिला, तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों को समाप्त कर दिया। देश भी बंटता चला गया। अफगानिस्तान, वर्मा, श्रीलंका, भूटान आदि भारत से अलग हो गए।

विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की। हिंदू समाज को संगठित करने का काम किया। हम बंटेंगे तो परिस्थितियां वैसी ही हो जाएगी। इसलिए हमें संगठित रहना है। संघ अपने शताब्दी वर्ष पर सभी मुहल्लों व खंडों में शाखा प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए सभी को सहयोग करने की जरूरत है। इसके साथ ही पंच प्रण के तहत संघ सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी के भाव को बढ़ावा देने पर जोर देगा।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के बाद बारिश शुरू हो गई। इस दौरान मैदान में सभी स्वयंसेवक बैठे रहे। बारिश में ही प्रांत प्रचारक ने अपना संबोधन शुरू किया। वैसे 15 मिनट के बाद वर्षा बंद हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति रमण कुमार झा थे। सभी लोगों ने प्रारंभ में शस्त्र पूजन किया।मंच पर क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन और महानगर संघचालक पवन मंत्री थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख लोग शामिल हुए। महिलाएं भी बड़ी संख्या में थी। 1000 से अधिक स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल हुए।

## 40 हजार रुपये महीना वेतन, यात्रियों को लूटना टास्क; पुलिस ने खौफनाक गिरोह से जुड़े तीन को दबोचा

**धनबाद, एजेंसी।** आरपीएफ ने सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन से एक महिला समेत नशाखुरानी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक भागने में सफल रहा। गिरोह में कुल छह सदस्य हैं, जिनमें से पांच बिहार के औरंगाबाद, जबकि छठा गया का रहने वाला है। सरगना औरंगाबाद के देव का अनिल सिंह है, जो पांचों आरोपितों को यात्रियों को लूटने के एवज में बतौर वेतन प्रति माह 40-40 हजार रुपये का भुगतान करता था।

गिरफ्तार आरोपितों में अनिल की पत्नी सुनैना देवी, औरंगाबाद के ही सुलैया का 45 वर्षीय वीरेंद्र सिंह व गया के खिजरसराय का 20 वर्षीय सूरज कुमार है। सुनैना का देवर सुनील पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। डेहरी आन सोन निवासी राजीव कुमार सिंह 12 सितंबर को धनबाद के प्लेटफार्म संख्या दो पर गंगा-सतलज एक्सप्रेस के आने का इंतजार कर रहे थे। वहां पीली साड़ी में एक महिला बैठी थी, जबकि एक व्यक्ति उसके पास टहल रहा था। कुछ देर बाद उसने राजीव से बातचीत शुरू कर दी।

थोड़ी देर में जब ट्रेन पहुंची तीनों एक ही बोगी में सवार हुए। इस बीच उसने राजीव को कोल्ड ड्रिंक और चिप्स लेने की जिद की तो न चाहते हुए भी उन्होंने एक-दो चिप्स के साथ कोल्ड ड्रिंक पी ली। इससे उन्हें नींद आने लगी। अर्द्ध बेहोशी की हालत में उसने महसूस किया कि उसकी सोने की अंगूठी, पास में पड़े 25 हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान कोई निकाल रहा है। इसी बीच वह बेहोश हो गया।

### . पेयजल घोटाला के विरोध में नोवामुंडी में धरना-प्रदर्शन

# रेलवे की ओर से नोवामुंडी से पदापहाड़-जामकुंडिया बाईपास लाइन बनाने का भी विरोध

**चाईबासा, एजेंसी।** सोमवार को पेयजल घोटाला और रेलवे विभाग द्वारा नोवामुंडी से पदापहाड़-जामकुंडिया डाउन लाइन की ओर बाईपास लाइन बनाने के विरोध में नोवामुंडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन से पूर्व आदिवासी एसोसिएशन नोवामुंडी से रैली निकाली गई। रैली में टीना बजाओ मधु-गीता कोड़ा हटाओ, पदापहाड़ रेलवे परियोजना बंद करो, पेयजल घोटाला की जांच हो, नारा लगाते हुए रैली नोवामुंडी बाजार भ्रमण करने के बाद नोवामुंडी प्रखंड कार्यालय पहुंची। यहां पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा और विधायक सोनाराम सिंकु के कार्यकाल में जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद और विधायक निधि से पेयजल आपूर्ति के नाम पर जो बोरिंग की गई है, उसमें घोटाला हुआ है। उस बोरिंग की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही डीएमएफटी से पेयजल के लिए बनाई गई जलमीनार की भी जांच होनी चाहिए। बोबोंगा ने कहा कि 24-25 वर्षों से जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और पूर्व सांसद गीता कोड़ा का एकछत्र राज है।

अभी जो कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु हैं वे मधु कोड़ा, गीता कोड़ा के ही डमी विधायक हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा अपना डमी विधायक सोनाराम सिंकु के सहारे गीता कोड़ा की नैया पार कराने का मंशा पाल रखे हैं। जगन्नाथपुर की जनता 2019 में यह खेल समझ चुकी है। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास का जो मॉडल है उसमें मूलभूत सुविधा का घोर अभाव है। मधु कोड़ा, गीता कोड़ा के गांव में डीएमएफटी से जो जलमीनार का निर्माण हुआ है उससे अब तक एक बूंद पानी की आपूर्ति गांव वालों को नसीब नहीं है। उनके गांव में अब तक आंगनबाड़ी केंद्र भवन भी नहीं बना है। रेल विभाग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में रेल को लाइन बिछाने के लिए पदापहाड़ के रैयतों से 119 प्लॉट कुल रकवा 21।42 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जानी है। इस संबंध में रेल विभाग द्वारा किसी भी तरह की



ग्रामसभा को कोई जानकारी नहीं दी गई है। रैयतों द्वारा ग्रामसभा कर रेलवे को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया गया है। रेल विभाग ग्रामसभा के नाम पर ग्रामीणों को राउरकेला बुला रही है, जो चिंता का विषय है। गरीब असहाय ग्रामीणों ने न तो राउरकेला देखा है और न ही जाने की स्थिति में है।

रेलवे इससे पहले भी जमीन ले चुकी है, कुछ लोगों को अभी तक न नौकरी मिली है और न ही मुआवजा। ऐसी स्थिति में रैयत जमीन क्यों देंगे। नोवामुंडी में रेल विभाग द्वारा तटरा हाटिंग में विगत 80 वर्षों से रह रहे लोगों को बिना पुनर्वास हटाना गलत है। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकु ने कहा कि जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास के नाम पर लूट से बचाने के लिए जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र बचाव अभियान समिति का गठन किया गया है।

इस सामाजिक संगठन में विभिन्न राजनीतिक दल के कई पूर्व प्रत्याशी एकत्रित हुए हैं। जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से डीएमएफटी में सबसे अधिक रुपया जमा होता है लेकिन जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफटी राशि की बंदरबांट हो रही है। इस बंदरबांट को रोकने की जिम्मेदारी इस विधानसभा क्षेत्र के नेताओं के साथ-साथ प्रबुद्ध नागरिक और ग्रामीणों का भी है। नवाज हुसैन उर्फ बिरसा ने कहा कि जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में मधु कोड़ा, गीता कोड़ा द्वारा एक ही व्यक्ति से विधायक और सांसद निधि से बोरिंग कराया गया है। जिस बोरिंग में कम से कम बोरिंग करके राशि का गबन किया गया है।इसे भी पढ़ें :

इसलिए जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद, विधायक निधि से किया गया बोरिंग का उच्च स्तरीय जांच करना सुनिश्चित हो। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र बचाव अभियान समिति के संयोजक राकेश राउत ने किया। धरना प्रदर्शन को जायारानी पाड़ेया, राजू लागुरी, सुरेश टूटी, लक्ष्मी नारायण लागुरी, राजू पान, अशोक पान, अमृत मांझी, मंजीत कोड़ा ने संबोधित किया। मौके पर गौतम लोहार, रवि लोहार, बिनीत लागुरी, विकास केराई, शैलेन्द्र सिंकु, अभिषेक सिरका, फिरोज अहमद, एरियस कुजूर, चाँदमनी बालमुचू, गौतम मिंज, साहू बालमुचू, बसंती बालमुचू, पदमानी बालमुचू, मुकेश चम्पीया, गोमा सुरेन, बुधराम बालमुचू, अभिषेक केराई, किशोर बालमुचू, गणेश जेराई, बापी करुवा, बीरु करुवा, राजेंद्र बालमुचू, कांडे बालमुचू, सुरेश बालमुचू सहित काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

## सुभाषितम्

कला प्रकृति की सहायता करती है और अनुभव कला की।

- टामस फुलर

## हरियाणा के आश्चर्यजनक विधानसभा चुनाव परिणामः चुनाव आयोग चचाओं में

**जम्मू कश्मीर और हरियाणा** विधानसभा चुनाव की मतगणना चल रही है। मतगड़ना के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर बवाल देखने को मिल रहा है। एग्जिट पोल के रुझान और शुरूआती मतगणना के रुझान के बाद जिस तरह से हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। उसके बाद तरह-तरह की आशंकाएं और संदेह सामने आते चले गए। लोग समझ ही नहीं पाए, कि ईवीएम में यह कैसा चमत्कार हुआ है। जिसके कारण अप्रत्याशित चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग का जो पोर्टल है, मतगणना केंद्रों मे सातवें चरण की मतगणना हो रही थी। चुनाव आयोग के पोर्टल में पहली और दूसरे चरण की मतगणना दिखाई जा रही थी। चुनाव आयोग का पोर्टल काफी विलंब से जानकारी दे रहा था। चुनाव आयोग का पोर्टल कई कई घंटे बाद अपग्रेड हो रहा था। चुनाव आयोग द्वारा मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी की गई। वह अपनी ओर से मतगणना की जानकारी को नहीं दिखाएं। मीडिया हाउस को बोला गया कि केवल चुनाव आयोग के पोर्टल की जानकारी को ही प्रसारित करें। ऊसके कारण आशंका और बवाल देखने को मिलने लगा। कांग्रेस पार्टी अपनी शिकायतों का पुलिंदा लेकर चुनाव आयोग के पास शिकायत करने के लिए पहुंच गई। चुनाव आयोग उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई करेगा। यह सभी को मालूम है। कांग्रेस कितनी भोली है, जो सब कुछ जानते हुए भी चुनाव आयोग के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंच गई। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर जिस तरह के दावे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने मतदान होने के पहले ही दावा कर दिया था, इस बार हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह सभी को आश्चर्यचकित करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं अन्य भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने मतदान के बाद और मतगणना के पहले इसी तरह के दावे किए थे। वह दावे अब चुनाव परिणाम में परिवर्तित होते हुए दिख रहे हैं। इस बार हरियाणा के चुनाव परिणाम सबको आश्चर्यचकित करेंगे। यदि यह दावा प्रधानमंत्री ने किया था,तो उसे सच साबित करके भी दिखाया है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जमीनी हकीकत को लेकर पिछले 15 दिनों में फील्ड पर आम जनता का जो रुझान देखने को मिल रहा था। उसको देखते हुए यह कहां जा रहा था कि यह चुनाव जनता लड़ रही है। हरियाणा की जनता जनता भारतीय जनता पार्टी को इस बार चुनाव हरा रही है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ मिल रहा है। 50 से लेकर 65 सीटों तक कांग्रेस को मिलने का दावा मतदान के बाद एग्जिट पोल में भी देखने को मिला। मंगलवार को जब मतगणना शुरू हुई। शुरूआती रुझान में एग्जिट पोल सही होते हुए दिखा। जैसे ही ईवीएम मशीन की गिनती शुरू हुई। उसके बाद हर चरण की गिनती के बाद भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ईवीएम में आंधी की तरह वोट गिरते हुए दिखे। हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा नेताओं को गांव में घुसने नहीं दिया जा रहा था जगह-जगह पर उनका विरोध हो रहा था। लगभग यह माना जा रहा था कि इस बार हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होंगे। इस बार 18 20 सीटों पर बीजेपी हरियाणा में सिमट कर रह जाएगी। हरियाणा मैं जिस तरह के चुनाव परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वह सचमुच सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जो जीता वही सिकंदर की तर्ज पर हरियाणा में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनना तय हो गई है। जम्मू कश्मीर में शायद भाजपा की सरकार नहीं बन पाए। लेकिन जम्मू कश्मीर में सारे अधिकार उपराज्यपाल के पास है। जम्मू कश्मीर में विपक्षी गठबंधन की यदि सरकार बनेगी। तो उसकी स्थिति भी दिल्ली सरकार की तरह ही होगी। वहां पर सरकार नहीं भी बनेगी,तो भी सरकार के सारे अधिकार उप राज्यपाल के पास हैं। कुछ ही महीनो में जम्मू कश्मीर में भाजपा को स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने मे कोई दिक्कत नहीं होगी। बहरहाल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से विपक्षी दलों ने आरोप लगाए थे। चुनाव परिणाम आने के बाद से विपक्षी दलों ने चुप्पी साध रखी थी। उससे इतना तो स्पष्ट है, विपक्षी दलों को चुनाव आयोग के ऊपर विश्वास है। या विपक्षी दलों की हैसियत चुनाव आयोग से लड़ने की नहीं है।

## चिंतन-मनन

### जीवन : परमात्मा का अनमोल उपहार

**जीवन परमात्मा का अनमोल उपहार है। यह** स्वयं ही इतना दिव्य, पवित्र और परिपूर्ण है कि संसार का कोई भी अभाव इसकी पूर्णता को खंडित करने में असमर्थ है। आवश्यकता यह है कि हम अपने मन की गहराई से अध्ययन कर उसे उत्कृष्टता की दिशा में उन्मुख करें। ईर्ष्या, द्वेष, लोभ एवं अहम के दोषों से मन को विकृत करने के बजाए अपनी जीवनशैली को बदल कर सेवा, सहकार, सौहार्द जैसे गुणों के सहारे मानसिक रोगों से बचा जा सकता है और मानसिक क्षमताओं को विकसित किया जा सकता है। इसीलिए कहा जाता है कि मनुष्य जीवन चार तरह की विशेषताएं लिए रहता है।

इस संबंध में एक श्लोक प्रस्तुत है -

बुद्धैय फलं तत्व विचारणंच/देहस्य सारं व्रतधारणं च/वित्तस्य सारं स्किलपात्र दानं/वाचः फलं प्रतिकरनाराणाम।


अर्थात्- बुद्धि का फल तभी सार्थक होगा, जब उसको पूर्ण विचार करके उस पर अमल करें। शरीर का सार सभी व्रतों को धारण करने से है।

धन तभी सार्थक होगा, जब वह सुपात्र को दान के रूप में मिले और बात या वचन उसी से करें, जब व्यक्ति उस पर अमल करें। इसी का बेहतर तालमेल जीवन में बिठाना होता है। जो बिठा लेता है, वह भवसागर से पार हो जाता है और जो नहीं बिठा पाता वह दुख में पड़ा गोता खाता रहता है। आप जब तक इस गहराई को नहीं समझेंगे, अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकते हैं। जानना यह भी जरूरी है कि हम अपनी हर धड़कन की रफ्तार को समझें।

# टैगोर से दूर जाता बांग्लादेश

**आरके सिन्हा**

**गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के** लिखे अपने ही राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन अब बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ ही है कि टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद कठमुल्ले चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर का लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को देश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक ही माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसले लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है। वैसे तो बांग्लादेश में, नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि बांग्लादेशी के राष्ट्रगान को बदलने की ₹कोई योजना नहीं₹ है। सरकार ₹ऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो।₹ हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगान₹आमार सोनार बांग्ला₹ ('मेरा स्वर्णिम बंगाल') की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के ₹अमी कोथाय पाबो तारे₹ से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी। दरअसल बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित सा ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलन की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आजमी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमाते ए इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तान सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया। इसे बदला जाना ही चाहिए। इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की 1975 में हुई हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। यह दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं। गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। बांग्लादेश में काजी नजरुल इस्लाम जैसे



महान बांग्ला कवि को भी खारिज किया जा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू देवी- देवताओं की स्तुति में लिखा है। बांग्लादेश में ऐसे गीत की मांग हो रही है जिसमें ₹दूसरी स्वतंत्रता₹ का उल्लेख हो। बांग्लादेश में यूएनआई न्यूज एजेंसी के संवाददाता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार और संपादक महेन्द्र वेद बताते हैं कि बांग्लादेश में राष्ट्रगान बदलने की मांग शेख मुजीब की अगस्त 1975 की हत्या के तुरंत भी बाद शुरू हुई थी। राष्ट्रपति खोंडकर मुश्ताक अहमद ने एक समिति का गठन किया जिसने राष्ट्रगान को काजी नजरुल इस्लाम या फारूख अहमद के लिखे गीतों से से बदलने का प्रस्ताव रखा था। हालाँकि, उस वर्ष नवंबर में खोंडकर के हटाए जाने के बाद यह पहल पूरी नहीं हुई। राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में, 'राष्ट्रवादियों' ने ₹एक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगान₹ को अपनाने की मांग की। 1979 में, कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधान मंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला ₹राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीत₹ है क्योंकि इसे ₹एक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थी₹। उन्होंने ₹प्रथम बांग्लादेश₹ का प्रस्ताव रखा। जिया के राष्ट्रपति पद के दौरान, राष्ट्रीय टेलीविजन और सरकारी कार्यक्रमों के दौरान ₹अमार सोनार बांग्ला₹ के बाद यह गीत बजाया जाता था। 1981 में जिया की हत्या के बाद यह बंद हो गया। यह गीत वर्तमान में जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का ₹पार्टी गीत₹ है। जिया की पत्नी बेगम खालिदा जिया 2002 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं जब बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेता मोतीउर रहमान निजामी ने ₹इस्लामी मूल्यों और भावना₹ को शामिल करने के लिए टैगोर के गीत में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि देश कि कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। बहरहाल,बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीब की मूर्तियाँ नष्ट कर दी गईं और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि मनाई गई। बहुत साफ है कि बांग्लादेश अब बदल रहा है। उस पर कठमुल्लों का असर बढ़ता जा रहा है। अब बांग्लादेश उस पाकिस्तान के करीब आ रहा है जिसकी सेना ने ईस्ट पाकिस्तान में भयंकर कत्लेआम किया था। बांग्लादेश में 1971 में हिन्दुओं पर पाकिस्तानी सेनाओं का कहर टूटा था। उस समय खुलना , खुस्तिया, इसर्दीह आदि स्थानों पर क्या नरसंहार हुआ , क्या तबाही का आलम था , एक युद्ध संवाददाता के रूप में उसका प्रत्यक्षदर्शी गवाह स्वयं मैं हूँ । न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी 29 जून, 1971 की एक लोमहर्षक रिपोर्ट में पूर्वी पाकिस्तान के शहर फरीदपुर में सेना के आतंक की कहानी बयां की थी। पाकिस्तानी सेना ने फरीदपुर में हिंदुओं की दुकानों पर बड़े पीले रंग से ह्यएचह्ण लिख दिया था जिन्हें सेना ने लूटना था। जाहिर है, ह्यएचह्ण का मतलब हिन्दुओं की दुकानों से था। फरीदपुर के दस हजार हिंदुओं में से अधिकतर की हत्या कर दी गई थी और बचे-खुचे भारत में जान बचा कर चले गए थे। दरअसल 1971 में पाकिस्तानी फौजों ने फरीदपुर ही नहीं, बल्कि सारे पूर्वी बंगाल में हिन्दुओं को मारा था। पाकिस्तानी सेना पूर्वी पाकिस्तान से हिन्दुओं का नामोनिशान मिटाने पर लगी हुई थी। अब ये सवाल नहीं है कि जब भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे या अधिक। यह सवाल भी नहीं हैं कि क्या बांग्लादेश हिन्दू-विहीन हो जाएगा और वहां से गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्र गीत को खत्म कर दिया जाएगा

## दुनिया में टूट-फूट का नया दौर

**राकेश अचल**

आइना टूटे या दिल ,पहाड़ टूटे या पेड़ सब अशुभ ही माना जाता है। इसीलिए एक हफ्ते से लगातार टूट रहे शेयर बाजार को भी हम अशुभ ही मानकर चल रहे है । शेयर बाजार का टूटना निवेशकों के लिए शुभ है और न कारोबारियों के लिए। सरकार के लिए तो टूटना बिलकुल शुभ नहीं है। शेयर बाजार के टूटने का सीधा-सीधा मतलब निकाला जाता है की कहीं न कहीं हमारी सरकार टूट रही है। शेयर बाजार के टूटने से 3 दिन में ही 22 लाख करोड़ का चूना लग गया निवेशकों को। हिंदुस्तान हो या पकिस्तान । दुनिया का कोई भी हिस्सा हो इस टूटन से अछूता नहीं है । बीमारी से आम आदमी का जिस्म टूटता। नेताओं की वादा-खिलाफी से मतदाता का दिल टूटता है । दिल नेता ही नहीं , प्रेमी-प्रेमिका भी एक-दूसरे का गाहे-बगाहे तोड़ते ही रहते हैं। वर्षा ऋतु में पहाड़ टूटते है। नदियों के तटबंध टूटते हैं। इसे कहर टूटना कहा जाता है। घर में किसी तस्वीर का फ्रेम हो,या कप-बसी टूटती है तो माँ इसे अशुभ मानती थी। मै तो उन लोगों में से हूँ जो टूट-फुट को शुभ या अशुभ नहीं बल्कि एक नैसर्गिक क्रिया मानते हैं।

आपको याद है की 1947 में जब भारत टूटा था और पाकिस्तान बना था ,तब असंख्य लोगों के दिल टूट गए थे । इस टूटन को हमारी सरकार और देश की ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी आज भी महसूस करती रहती है। इस टूटन के लिए महात्मा गाँधी को कोसने वालों की कमी नहीं है। आखिर टूटने का दोष किसी पर तो मढ़ा जाना है। इसके लिए महात्मा गाँधी से अच्छा कोई दूसरा नाम हो ही नहीं सकता। 1971 में पाकिस्तान को भी टूटना पड़ा, इसके लिए महात्मा गाँधी नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गाँधी को जिम्मेदार ठहराया गया।भारत ही नहीं दुनिया में तमाम देश टूटे हैं। कोरिया टूटा,जर्मनी टूटा रूस टूटा, चीन टूटा। टूटने वालों की एक लम्बी फेहरिस्त है। भारत में अतीत में हुई टूट-फूट से नाखुश लोगों ने अयोध्या में एक निर्जीव मकबरे को तोड़कर ही अपना गुस्सा ही नहीं निकाला बल्कि शहीदों में अपना नाम लिखवा लिया। इस इमारत के टूटने से भी करोड़ों के दिल टूटे थे लेकिन किसी ने इस टूटन की आवाज को सुना नहीं।

पिछले दस साल में देश में जितने राजनीतिक दल और गठबंधन टूटे उतने पहले कभी नहीं टूटे। राजनीतिक दलों में कांग्रेस न जाने कितनी बार टूटी । समाजवादी दल तो टूटने के लिए ही बना है। सत्तारूढ़ भाजपा भी बीच-बीच में टूटी रहती है लेकिन जल्द ही सम्हल भी जाती है । भाजपा ने तो जिस क्षेत्रीय दल को अपना बगलगीर बनाया उसे किसी न किसी मोड़पर टूटना ही पडा । हाल ही में एनसीपी और शिवसेना टूट कर दो खंड हो चुकी है। गठबंधन तो टूटने के लिए ही बनते है। जैसे भांवर पड़ने के बाद मौर को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है उसी तरह गठबंधनों को सरकार बनने के बाद तोड़ दिया जाता है।

सिनेमा वाले तो न जाने कितनों का दिल तोड़ते रहते है। सिनेमा में हीरो-हीरोइनें आपस में ही अपने दिलों की तोड़फोड़ नहीं करते बल्कि अपने चाहने वालों का दिल भी तोड़ देते हैं। दिल तोड़ने की पुरानी परिपाटी है । आप इसे सनातन भी कह सकते हैं। हमारे यहां त्रेता में राम ने परशुराम को प्रिय शिव का धनुष तोड़ दिया था । उन्हें इसके पुरस्कार में सीता मिल गयीं थीं ,किन्तु सबके भाग्य में तोड़-फोड़ करने पर इनाम -इकराम नहीं होता। दिलीप कुमार का दिल मधुबाला ने तोड़ा था तो अमिताभ बच्चन का दिल रेखा ने तोड़ दिया था। दिल तोड़ना हमारी फिल्मी दुनिया का एक रोग है। इसका दुनिया में कहीं ,कोई इलाज है नहीं।

देश -दुनिया में जब भी चुनाव होते हैं और उनके नतीजे आते हैं तो न जाने कितने दिलों को तोड़ देते है। किसी का सपना टूटता है ,तो किसी का अपना टूट जाता है। टूटने के बाद जोड़ना आसान नहीं है । जुड़ भी जाये तो टूटन के निशान हमेशा टूटने की याद दिलाते रहते हैं। इसलिए कोशिश की जाना चाहिए की कहीं, कोई टूट-फुट हो ही नहीं। बच्चों का दिल उनके खिलौनों में बसता है। कोई खिलौना टूटता है तो बच्चों का नाजुक दिल टूट जाता है। हमारे यहां तो गया जाता है -दिल का खिलौना है टूटगया, कोई लुटेरा आ के लूट गयाया - खिलौना जानकर तुम तो मेरा दिल तोड़ जाते हों टूटते तो रिश्त भी हैं ,भले ही वे खून के रिश्ते क्यों न हों आप टूटने से किसी भी चीज को बचा सकते हैं ,लेकिन इसका एकमात्र उपाय है सावधानी। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी।

टूटना इत्तफाक भी है और साजिश भी । मिसाल के तौर पर इस बार मुल्क में एक के बाद एक दर्जनों पुल टूट गये । ये पुल भ्ष्टाचार ने तोड़े। महंगाई बढ़ती है तो आम आदमी की कमर टूटी है लेकिन महंगाई बढ़ाने के लिए जिम्मेदार सरकार टूटी कमर पर अच्छे दिनों कीमराहम लगा देती है। आम आदमी कुछ देर के लिए कमर टूटने का दर्द भूल जाता है लेकिन जैसे ही दोबारा कसक होती है आम आदमी कमर तोड़ने वालों की कमर तोड़ देती है ,अपने वोट से। हमारा जिस्म तो टूटने के लिए ही बना है । बुखार से पूरा जिस्म टूटता है । लेकिन पुलिस आपकी पसलियां भी तोड़ सकती है और दांत भी। टूटने का कोई मुआवजा नहीं मिलता। ज्यादा से ज्यादा आप गाना गा सकते हैं - दिल का खिलौना है टूट गया ।

दरअसल टूटना या तोड़ना एक ललित कला है। सबको नहीं आती और जिसे आती है वो किसी को सिखाता नहीं है । लोग अपने आप ही सब कुछ सीखते है। टूटने वाली चीजों की फेहरिश्त बहुत लम्बी हो सकती है। आप इसे अपनी मर्जी से घटा -बढ़ा सकते हैं। अब जैसे मैंने टूटने वाली फेहरिश्त में करार को शामिल नहीं किया था । करार होते ही टूटने के लिए है। करार दो व्यक्तियों के बीच हो सकते हैं ,दो दलों के बीच हो सकते हैं, दो या दो से ज्यादा मुल्कों के बीच हो सकते हैं,बल्कि होते आये हैं और टूटते भी आये हैं।कीर्तिमान भी टूटते हैं और आदमी का घमंड भी।शादियां भी टूटीं हैं और जीवन की डोर भी यानि जोड़तोड़ का ये सिलसिला अनंत है। इसके ऊपर कोई पूर्ण विराम नहीं लगाया जा सकता। लगाया भी नहीं जाना चाहिये । आज आप जब ये टूट-फुट गाथा पढ़ रहे होंगे तब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता न जाने कितने नेताओं का दिल तोड़ चुकी होगी।

बाहर हाल - शीशा हो या दिल हो ,टूट जाता है इसलिए जितना मुमकिन है टूटने वाली चीजों को सम्हालकर रखिये ।

## हरियाणा-जम्मू-कश्मीरः परिणाम अप्रत्याशित नहीं....

**ओमप्रकाश मेहता**

**देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के** बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है। यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम्‌ है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया।

यहां इस राजनीतिक माहौल में कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को भी भुलाया नही जा सकता, जिनकी वजह से अतीत में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का परचम लहराया करता था, किंतु अब वे कांग्रेस से नाराज होकर अपने स्वयं द्वारा गठित नए राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा है, यद्यपि उनकी अपनी पार्टी का राज्य में फिलहाल कोई विशेष अस्तित्व नही है, किंतु वे एक जाने-पहचाने राष्ट्रीय नेता अवश्य है। उनकी अपनी इन चुनावों में क्या भूमिका रही यह अभी तक स्पष्ट नही हो पाया है किंतु उनकी मुख्य पहचान जम्मू-कश्मीर से ही हैं।

अब राजनीतिक पंडितों का इन चुनाव परिणामों को लेकर मुख्य चिंतन यह है कि इन दोनों राज्यों हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के परिणामों का इस वर्ष के अंत तक होने वाले दो राज्यों व अगले वर्ष के प्रारंभ में दिल्ली तथा उसके साथ होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों पर क्या होगा भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेता इसी चिंतन में व्यस्त है।

आज की एक और परिपाटी बन गई है वह यह कि जब चुनाव आते है तो वहां राजनीति केंद्रित हो जाती है और परिणामों के असर जैसे कई भविष्यवादी मुद्दों पर चिंतन करती है और फिर ह्यकुर्सीह्ण मिल जाने के बाद सब कुछ भुला देती है। यह सोच देश के राजनीतिक भविष्य के लिए कितनी सही है, इस पर निष्पक्ष चिंतन जरूरी है और इन चुनाव परिणामों के भावी असर पर सोच-विचार भी निष्पक्षता की परिधि में जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष** काफी परेशानी और तनाव वाला रहेगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**तुला** आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**वृषभ** सम्मान से भरा होगा। ऑफिस में हर तरह की रुकावटें आप अपने ही बूते पर खत्म कर लेंगे।

**वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

**मिथुन** सफलता से भरा होगा। आपको कुछ दिनों पहले खोई हुई कोई खास चीज मिल सकती है।

**धनु** ऑफिस के माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है।

**कर्क** कई रंग बदलेगा। पहले आपको अपने काम में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** आज दिन काफी मिलाजुला रहेगा और दिन आपके लिए परीक्षा जैसा रहेगा।

**सिंह** मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे।

**कुंभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा और किसी मामले में आपका दिन बेचैनी से भरा होगा।

**कन्या** आपका दिन चुस्ती से भरा होगा और कई रुके कार्य बन जाने से आपको खुशी होगी।

**मीन** आज दिन सामान्य रहेगा। आप किसी सौदे या लेन देन के दौरान टेंशन न लें।

## राजकाज

### राहुल गांधी अब पक्के नेता बन गए हैं

**हरियाणा विधानसभा के** चुनाव में 2 दिन राहुल गांधी की जनसंपर्क यात्रा थी। उसे जिसने भी देखा, उसने कहा, अब राहुल गांधी सही मायने में पक्के नेता बन गए हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में उन्होंने हवा को आंधी में बदल दिया है। भारतीय जनता पार्टी की जिस तरह से उन्होंने हवा निकली है। जिस तरह से उन्होंने अपनी बिछाई गई बिसात में भाजपा को घेरा है। उसके बाद अब वह पप्पू से राहुल गांधी बन गए हैं। इसमें कोई शक नहीं रहा।

### भाजपा शासित राज्य भी केंद्र से नाराज

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के** बाद से सभी राज्यों के पर कतरना शुरू कर दिए थे विपक्षी दलों के साथ-साथ भाजपा शासित राज्य भी इसके शिकार हुए हैं भारत सरकार ने केंद्रीय राजस्व की हिस्सेदारी 32 से बढाकर 41 की थी जिसके कारण बड़ी वाहवाही हुई लेकिन उसके बाद केंद्र सरकार ने सरकार और सेस लगाकर हजारों करोड़ों रुपए की अतिरिक्त कमाई की इसमें राज्यों को कोई हिस्सा नहीं दिया केंद्रीय सरकार की जो योजनाएं राज्यों के लिए चल रही थी उसमें से बहुत सारी योजनाओं को बंद कर दिया गया जो योजनाएं चल रही थी उसमें केंद्र की हिस्सेदारी घटा दी पहले केंद्र 80 फीसदी सहायता दे रहा था उसे केंद्र ने घटाकर 60:40 कर दिया। केंद्र सरकार के इस कदम से भारत के सभी राज्यों को 41 फीसदी हिस्सा होने के बाद जो लाभ मिलना था उससे ज्यादा केंद्र सरकार ने कटौती कर ली जिस तरह से मार्केटिंग कंपनियां अपने उत्पाद को सबसे बेहतर और उपभोक्ताओं के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद बताकर बेचती हैं लेकिन उनकी असलियत कुछ और होती है। भाजपा सरकार ने भी राज्यों को इसी तरह से चूना लगा दिया राज्य सरकारों ने अब इसका विरोध करना शुरू कर दिया है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1595 कैम्ब्राओं फ्रांस पर स्पेन ने कब्जा किया था। 1764 रूस ने बर्लिन पर अपना अधिकार कर लिया। 1877 उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी नेता गोप बंधु दास का जन्म। 1937 भारतीय वायुसेना अस्तित्व में आई। 1934 यूगोस्लाविया नरेश अलेक्जेंडर की हत्या मासेर्लेस फ्रांस में हुई। 1947 प्रादेशिक सेना का गठन हुआ। 1974 भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (मुंबई) में यूरेनियम का उत्पादन शुरू हुआ। 1972 अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सलाहकार और वियतनामी प्रतिनिधि के बीच पेरिस में गुप्त शांतिवार्ता शुरू हुई। 1987 काबुल में एक मस्जिद के पास कार बम विस्फोट में 27 व्यक्ति मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। 1984 हंगरी की नयी सोशलिस्ट पार्टी ने लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। 1992 जन.ए.एस.वैद्य के हत्यारे जिंदा व सुक्खा को फांसी दी गई। 1993 दक्षिण कोरिया में यात्री नौका डूबने से 285 व्यक्ति मारे गए।

## दैनिक पंचांग

**9 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.33 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृश्चिक | 08.48 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.04 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.09 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.56 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.28 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.59 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.39 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.37 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.51 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | सिंह | 02.07 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.19 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 283 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 12.15 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 05.15 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** सौभाग्य 06.37 बजे तदनन्तर शोभन 05.53 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** तैतिल 12.15 बजे तदनन्तर गर 00.29 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 06.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 22' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872127 **जूलियन दिन** 2460592.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 05 **विशेष** सरस्वती आवाहन, कल्पारंभ, विश्व डाक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore




# जापान में है दुनिया का सबसे महंगा पेड़

**दुनिया भर में एक से बढ़कर एक और अनोखी चीजें मौजूद हैं, जो हमेशा से ही लोगों को अपनी और आकर्षित करती आई है। कई चीज ऐसी है जो अपनी खासियत की वजह से लोगों को हैरान भी कर देती है। लोगों को अपने घर में पौधे लगाना अक्सर ही पसंद आता है और इनकी सामान्य कीमत 50 से 100 रुपए तक की होती है। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पेड़ के बारे में बता रहे हैं, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए में है।**

जाहिर सी बात है करोड़ों रुपए के पौधे के बारे में सुनकर कोई भी हैरान रह जाएगा। लेकिन यह कोई मजाक या सोचने वाली बात नहीं है बल्कि वाकई में सच है। आज हम आपको बताते हैं कि दुनिया का ये सबसे महंगा पेड़ कहां पाया जाता है, कैसा है और इसकी कीमत कितनी है।

दुनिया का सबसे कीमती पेड़ पाइन बोनसाई है, जो जापान में पाया जाता है। 2011 में हुए एक इंटरनेशनल इवेंट में इस पेड़ को 1.3 मिलियन डॉलर में बेचा गया था। भारतीय रुपयों में यह कीमत 10 करोड़ के बराबर होती है। इसकी खासियतें इसे दुनिया का सबसे कीमती पेड़ बनाती है।

## 800 साल का है पेड़

यह पेड़ मियाजिमा बौने देवदार पेड़ की प्रजाति का है, जिसकी लंबाई बहुत कम होती है। ऊंची पत्तियों वाले इस पेड़ का तना काफी मजबूत और घुमावदार होता है। बताया जाता है कि इसकी आयु 800 साल तक की होती है और यह देखने में काफी सुंदर लगता है।

## पेड़ की खासियत

इस शानदार से शेप वाले जापानी सफेद पाइन बोनसाई की विशेषताओं की बात करें तो यह बहुत ही अद्भुत है। जंगलों के पेड़ों की तरह इसमें तिरछा तना और मुड़ी हुई छाल दिखाई पड़ती है। यह शेप में किसी छतरी की तरह दिखाई देता है और इसकी लंबाई सिर्फ 1 मीटर है। इन सब के बावजूद भी यह सबसे कीमती पेड़ है।








# अटारी रेलवे स्टेशन जहां नहीं मिलती बिना पासपोर्ट और वीजा के एंट्री

**पासपोर्ट में आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि नाम, जन्मतिथि, राष्ट्रीयता, आदि शामिल होता है। जिसके बगैर किसी भी देश में एंट्री नहीं हो सकती है। ये तो हो गई विदेशों की बात लेकिन ऐसी एक जगह हमारे भारत में भी है, जहां बिना पासपोर्ट और वीजा के एंट्री नहीं मिलती है। जी हां, बिल्कुल सही सुना आपने तो चलिए आज हम आपको उस स्टेशन से रूबरू करवाते हैं, जहां पर बिना पासपोर्ट और वीजा के आपको एंट्री नहीं मिल सकती है।**

अपने देश से बाहर जाने यानि विदेश जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट की आवश्यकता होती है। बता दें कि वीजा एक अधिकार होता है जिसके तहत आपको दिए गए समय तक उस देश में रहने की अनुमति देता है जबकि पासपोर्ट आपकी पहचान को सत्यापित करता है और आपको अन्य देशों में प्रवेश करने की अनुमति देता है। पासपोर्ट में आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि नाम, जन्मतिथि, राष्ट्रीयता, आदि शामिल होता है। जिसके बगैर किसी भी देश में एंट्री नहीं हो सकती है। ये तो हो गई विदेशों की बात लेकिन ऐसी एक जगह हमारे भारत में भी है, जहां बिना पासपोर्ट और वीजा के एंट्री नहीं मिलती है। केवल इतना ही नहीं, नियमों का पालन नहीं करने पर आपको सजा भी हो सकती है।

## इस स्टेशन पर जरुरी है ये दस्तावेज

दरअसल, हम बात कर रहे हैं पंजाब राज्य में स्थित अटारी रेलवे स्टेशन की जो कि अमृतसर जिले में है। यहां से पाकिस्तान के लिए ट्रेन चलती है। यह भारत का एक मात्र ऐसा रेलवे स्टेशन हैं, जहां पासपोर्ट और वीजा दोनों की आवश्यकता है ताकि आप वहां के अंतरराष्ट्रीय इलाके में यात्रा कर सकें। यहां बहुत कड़ी सिक्योरिटी रहती है ताकि कोई भी चूक ना हो।

## बिना डॉक्यूमेंट्स हो सकती है सजा

अटारी रेलवे स्टेशन पर बिना वीजा और पासपोर्ट के पकड़े जाने पर 14 फॉरेन एक्ट का प्रावधान होता है। बता दें कि यह कानून बिना आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के अंतरराष्ट्रीय इलाके में पकड़े जाने पर केस दर्ज किया जा सकता है। जिसके बाद जमानत लेने के लिए कई साल लग जाते हैं।

## इन ट्रेनों का होता है संचालन

दिल्ली और अमृतसर से पाकिस्तान के लाहौर जाने वाली रेलगाड़ियां अटारी स्टेशन से ही गुजरती हैं। यह यात्रा भारत और पाकिस्तान के बीच समय-समय नागरिकों के लिए चलाई जाती है। जिनमें से समझौता एक्सप्रेस भी एक है। हालांकि, पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध बिगड़े हैं। जिसके कारण फिलहाल इस ट्रेन का संचालन बंद है।

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम

बता दें कि अटारी रेलवे स्टेशन पर कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इसके अलावा, यहां खुफिया एजेंसी की नजर 24 घंटे रहती है। यहां तक कि यहां कुली का भी रहना मना है। इसलिए आपको यहां अपना सामान भी खुद उठाना पड़ेगा। बॉर्डर इलाके पर स्थित इस स्टेशन की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम हैं ताकि कोई अनहोनी ना हो। अटारी रेलवे स्टेशन से किसी कारणवश ट्रेन लेट हो जाती है, तो भारत और पाकिस्तान दोनों के रजिस्टर में एंट्री होती है।

# ग्रीनलैंड में हेलीकॉप्टर और नाव से यात्रा करते हैं लोग

ग्रीनलैंड भौगोलिक रूप से उत्तरी अमेरिका में स्थित है। जिसका नियंत्रण डेनमार्क के पास है। ग्रीनलैंड का स्वतंत्र गणराज्य होने के बावजूद डेनमार्क द्वारा कुछ क्षेत्रों में प्रशासन और सुरक्षा उपायों का नियंत्रण बनाए रखा गया है। बता दें कि ग्रीनलैंड का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है और यह दुनिया का 12वां सबसे बड़ा देश है। इसका प्रमुख भूखण्ड बर्फ से ढका रहता है। ग्रीनलैंड की यात्रा बहुत अनोखी होती है। यहां पहुंचने के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध नहीं है। बता दें कि यात्री आमतौर पर डेनमार्क या आइसलैंड के माध्यम से ग्रीनलैंड जाते हैं और वहां पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर, नाव, प्लेन या डॉग स्लेज का सहारा लेते हैं, जिससे प्राकृतिक सौन्दर्य का अनुभव होता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ग्रीनलैंड में सड़क और रेल नेटवर्क भी नहीं है।



## रात में भी दिखता है सूरज

ग्रीनलैंड के उत्तरी क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में सूरज पूरी तरह से डूबता नहीं है और आप रात को भी सूरज देख सकते हैं। इस घटना को मिडनाइट सन या मिडनाइट सनशाइन कहा जाता है। यहां आप अगस्त के महीने में जाएं। इस दौरान आपको यहां बर्फ से ढकी ग्रीनलैंड सूरज के नीचे बेहद सुंदर नजर आएगी। इसके अलावा, यहां पर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है, जिसका नाम "Northeast Greenland National Park" है जो कि साल 1974 में स्थापित किया गया था।

## इस कारण पिघलता है ग्लेशियर

बता दें कि ग्रीनलैंड के केंद्र में बर्फ की चादर की मोटाई 3 किलोमीटर तक पहुंच जाती है, जिसके कारण ग्लेशियर पिघलता है। अनुमानों के अनुसार, ग्लेशियर के पिघलने का असर महासागरों में देखने को मिलता है। इससे विश्व महासागर का स्तर 6 से 7 मीटर तक भी पहुंच जाता है। दरअसल, ग्रीनलैंड की जलवायु बहुत ठंडी होती है, जिससे बर्फ का जमाव बड़े हिस्सों में होता है।



# इस गांव में शादी के बाद पहली पूजा श्मशान घाट में करता है नवविवाहित जोड़ा

**अब तक आपने सुना होगा कि शादी के बाद नवविवाहित जोड़ा अपने घर परिवार की कुलदेवी या देवता के मंदिर में जाकर पहली पूजा परंपरा अनुसार करते हैं। लेकिन क्या आपने एक ऐसे गांव के बारे में सुना है जहां शादी के बाद नवविवाहित जोड़ा पहले देवी देवता के मंदिर नहीं बल्कि श्मशान घाट में पहली पूजा करता है? नहीं सुना होगा। आज हम आपको एक ऐसे ही गांव के बारे में बताने जा रहे हैं जो राजस्थान में स्थित है। इस गांव में अनोखी परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस गांव में शादी करने वाले हर नवविवाहित जोड़े को शादी के बाद पहली पूजा करने के लिए श्मशान घाट में जाना पड़ता है। आखिर ऐसा क्यों किया जाता है चलिए चलते हैं**

## कहां है यह गांव

हम जिस गांव की बात कर रहे हैं वह राजस्थान के जैसलमेर से करीब 6 किलोमीटर दूर स्थित है। गांव का नाम बड़ा बाग गांव है। अनोखी परंपरा सदियों से चली आ रही है। दरअसल इस गांव में शादी करके आने वाला हर नवविवाहित जोड़ा ग्रह प्रवेश के बाद पहली पूजा श्मशान घाट में जाकर करता है। वह श्मशान घाट कोई आम नहीं बल्कि बेहद खास है। वह राजा परिवार का खानदानी श्मशान घाट माना जाता है। श्मशान घाट में 103 राजा और रानियों की याद में छतरियां बनाई गई है। जबकि वास्तुकला बेहद आकर्षक है। खास बात यह है कि सर पर नवविवाहित जोड़ा ही नहीं बल्कि हर शुभ कार्य से पहले श्मशान घाट में लोग पहली पूजा करने जाते हैं। यह बेहद ही अजीब परंपरा है आप भी इसे सुनकर हैरान रह गए होंगे।

## क्यों की जाती है पूजा?

आपको बता दे, जैसलमेर के इस अनोखे गांव में शादी कर आने वाला हर नवविवाहित जोड़ा पहले इस श्मशान घाट में जाकर राजा-रानियों की समाधियों पर पूजा करता है। यहां 103 राजा और रानियों की याद में छतरियां बनाई गई है। सदियों से इस गांव में परंपरा चली आ रही है। शादी के बाद पूर्णिमा के दिन पूजा की जाती है।

अपने नये जीवन की शुरुआत में दिवंगत राजा-रानियों का आशीर्वाद लेने से जीवन सुखद होता है। हालांकि यहां जाने से लोग डरते भी है। रात के वक्त यहां से कोई भी नहीं गुजरना चाहता है। लोगों को यहां अक्सर घुड़सवारों के घोड़ों की टाप और हुक्का की गुड़गुड़ाहट सुनाई देती है। इस वजह से लोग यहां नहीं जाना पसंद करते हैं।





# 92 लोगों को लेकर उड़ा विमान अचानक हो गया था गायब

## 35 साल बाद अचानक जमीन पर आया

**जर्मनी में 92 लोगों को लेकर उड़ा एक विमान गायब हो जाता है और 35 साल बाद अचानक ब्राजील की जमीन पर उतरता है। दुनियाभर के अखबार इस खबर को छापते हैं, लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आखिर 35 सालों से ये विमान कहां था? टाइम ट्रैवल पर यकीन करने वाले तो ये तक दावा कर देते हैं कि ये विमान समय के परे चला गया था, इस दौरान धरती पर 35 साल गुजर गए। लेकिन ये खबर सरासर गलत है। आज हम आपको बता रहे हैं भुतहा कही जाने वाली सेंटिगो की फ्लाइट 513 की कहानी।**

दुनिया में ऐसी कई कहानियां और रहस्य हैं जिनपर लोगों की दो राय हैं. कोई इन्हें महज अफवाहें बताता है तो कोई इनके संबंध में सामने आने वाली रिपोर्ट्स पर विश्वास करता है. ऐसी ही एक अनसुलझी पहेली है सैंटियागो फ्लाइट 513 की. इस फ्लाइट की कहानी 1954 से टेकऑफ करती है और 1989 में लैंड करती हैं लेकिन लैंडिंग के बाद भी आज तक इस उड़ान की कहानी सभी के लिए आश्चर्य का केंद्र बनी हुई है. 1989 में टैबलॉयड वीकली वर्ल्ड न्यूज द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार सैंटियागो एयरलाइंस की उड़ान 513 ने 14 सितंबर 1954 को पश्चिम जर्मनी के आचेन से उड़ान भरी थी. इस फ्लाइट को 18 घंटे बाद ब्राजील के पोर्टो एलेग्रे में उतरना था लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद ये उड़ान खोजकर्ताओं के लिए पहेली बन गई.

## विमान की खोज शुरू और बंद हुई

ये विमान अटलांटिक महासागर के ऊपर से उड़ान के दौरान गायब हो गया. लापता होने के समय अधिकारियों का मानना था कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इसके बाद शुरू हुई सैंटियागो फ्लाइट 513 की खोज. कुछ दिनों के बाद खोजकर्ताओं के एक दल का गठन किया गया लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा, न ही विमान का मलबा और न यात्रियों के अवशेष. उड़ान भले ही अनजान कारणों से रुक गई हो लेकिन समय नहीं रुका. विमान के लापता होने के दो साल बाद 1956 में सैंटियागो एयरलाइंस बंद हो गई और बाजार से बाहर चली गई. धीरे-धीरे दशकों बीतते चले गए. लंबे समय तक खोजकर्ताओं को कोई सफलता या सबूत हासिल नहीं हुआ और आखिरकार सर्च ऑपरेशन को भी बंद कर दिया गया.

## 35 साल बाद हुई लैंडिंग

फ्लाइट को गायब हुए 35 साल बीत चुके थे. लोग धीरे-धीरे उस हादसे को भूलने भी लगे थे लेकिन उड़ान भरने वाले विमान को अभी नीचे आना बाकी था. साढ़े तीन दशक बाद 12 अक्टूबर 1989 को ब्राजील मे पोर्टो एलेग्रे हवाई अड्डे पर एयरबेस के पास एक अनजान विमान दिखाई पड़ा. एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स ने पायलट से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. देखते ही देखते विमान रनवे के करीब आता जा रहा था और आखिर उस फ्लाइट ने लैंड किया. विमान एक दम नई हालत में था, उसका इंजन लैंडिंग के बाद भी बंद नहीं हुआ. एक अनजान विमान बिना अधिकारियों की अनुमति के एयरपोर्ट पर उतर चुका था. सभी हैरान थे. एयरपोर्ट अधिकारी सावधानीपूर्वक प्लेन के पास गए और उसका बाहर से दरवाजा खोला. अधिकारियों ने जो देखा उसने उनकी हड्डियों को भीतर तक ठंडा कर दिया. इन बातों में कितनी सच्चाई है, ये कोई नहीं जानता. हम इन बातों की पुष्टि नहीं करते.

## विमान के अंदर भरे थे कंकाल

जब सिक्युरटी टीम विमान के अंदर पहुंची तो सभी कांप गए। पूरे विमान के अंदर कंकाल भरे हुए थे। हर कंकाल अपनी सीट पर था। यहां तक विमान के कप्तान मिगुल विक्टर क्यूरी का कंकाल पायलेट कंट्रोल्स को पकड़े हुआ था और विमान का इंजन चालू था। दहशत में सिक्युरिटी स्टाफ विमान से उतर गया और ब्राजील सरकार को इसकी जानकारी दी।

## क्या है इस कहानी का सच

आपको बता दें कि जर्मनी के अखबार में छपी ये खबर सरासर गलत है। ये फर्जी खबर ईरविन फिशर नाम के रिपोर्टर ने छापी थी। इस फर्जी खबर की बिना जांच किए उस दौर में दुनिया के कई अखबारों ने छापा, जिसने लोगों के बीच डिबेट को जन्म दे दिया। कुछ लोग इस विमान को भुतहा कहने लगे, तो कुछ ने कहा कि ये टाइम ट्रैवल के जरिए संभव है। टाइम ट्रैवल को मानने वालों ने ये तक कह दिया कि विमान समय के भंवर में फंस गया था। जबकि सच तो ये है कि ऐसा कोई विमान ही नहीं था।

## हीरो मोटर आईपीओ खरीदने की तैयारी में बैठे निवेशकों को झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली के चलते शेयर बाजार में कमजोरी का असर आईपीओ मार्केट पर भी दिखने लगा है। हीरो ग्रुप की प्रमुख ऑटो कंपोनेंट कंपनी हीरो मोटर्स अब आईपीओ लेकर नहीं आएगी। कंपनी ने भारतीय शेयर बाजार नियामक सेबी के पास दाखिल 900 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के ड्राफ्ट पेपर को वापस ले लिया है। यह जानकारी मार्केट रेगुलेटर सेबी की ऑफिशियल वेबसाइट से मिली। हीरो मोटर्स लिमिटेड का प्लान था कि 900 करोड़ रुपए के आईपीओ में 500 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू और 400 करोड़ रुपए का ऑफर फॉर सेल शामिल हो। ऑफर फॉर सेल के जरिए प्रमोटर्स अपनी हिस्सेदारी बेचने वाले थे, जिसमें ओपी मुंजाल होल्डिंग्स 250 करोड़ रुपए, भाग्योदय इंवेस्टमेंट्स 75 करोड़ रुपए और हीरो साइकिल्स 75 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचने जा रहे थे। ओपी मुंजाल होल्डिंग्स के पास कंपनी में सबसे अधिक 71.55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने अगस्त 2024 में सेबी के पास आईपीओ लाने के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किया था लेकिन 5 अक्टूबर 2024 को इसे वापस लेने का फैसला किया। ड्राफ्ट पेपर्स के अनुसार, इस आईपीओ से जुटाए गए फंड का उपयोग कर्ज के भुगतान और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर स्थित प्लांट के विस्तार के लिए किया जाना था। हीरो मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक और नॉन-इलेक्ट्रिक दोनों पावरट्रेन बनाती है और इसके प्रमुख ग्राहकों में बीएमडब्ल्यू, डुकाटी, एनवायलो इंटरनेशनल, फॉर्मूला मोटरस्पोर्ट, हमिंग बर्ड ईवी और एचडब्ल्यूए जैसी कंपनियां शामिल हैं। यह भारत की एकमात्र कंपनी है जो वैश्विक ई-बाइक कंपनियों के लिए सीवीटी (कंटीन्यूअस वेरिएबल ट्रांसमिशन) मैन्युफैक्चरिंग करती है और इसके मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी भारत, ब्रिटेन, और थाईलैंड में स्थित हैं।

## क्रूड ऑयल की कीमतों में लगी आग, 80 डॉलर के पार निकला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट संकट के कारण क्रूड ऑयल की कीमतों में करीब 4 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के पार निकला है। ईरान पर इजरायल के हमले की आशंका से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। बता दें कि 1 दिन में कच्चा तेल करीब 5 प्रतिशत चढ़ा है और इसके भाव 2 महीनों की ऊंचाई पर पहुंचे है। ब्रेंट का भाव 81 डॉलर प्रति बैरल के पार निकला है जबकि डब्ल्यूटीआई का भाव 78 डॉलर के पार निकला है। बता दें कि पिछले कुछ समय से ऑयल फ्यूचर्स के भाव में काफी उतार-चढ़ाव दिख रहा है। पिछले महीने कमजोर मांग की आशंका के चलते इसके भाव 70 डॉलर के नीचे गिर गए थे और फिर एकाएक मिडिल-ईस्ट में गहराते तनाव के चलते पिछले हफ्ते 10 फीसदी से अधिक उछल गया। दरअसल कच्चे तेल में आई तेजी निवेशकों के बीच डर का सबसे बड़ा कारण है। निवेशकों को यह डर है कि इजराइल और ईरान के बीच लड़ाई में ऑयल फैसिलिटीज पर भी हमले हो सकते हैं। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों पर नजर डालें तो 1 हफ्ते में एमसीएक्स पर कच्चा तेल 9 फीसदी चढ़ा है जबकि ब्रेट क्रूड में 8 फीसदी की तेजी आई है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड 10 फीसदी चढ़ा है। इसी तरह 1 महीने में एमसीएक्स पर पर कच्चा तेल 12 फीसदी चढ़ा है। जबकि 1 साल में एमसीएक्स पर इसने 8 फीसदी की तेजी दिखाई है। जबकि 1 साल में ब्रेट क्रूड ने 5 फीसदी और डब्ल्यूटीआई क्रूड ने 8 फीसदी की बढ़त हासिल की है।

# 72 प्रतिशत ग्राहकों ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से बढ़ाई खरीदी की रफ्तार

## छोटे शहरों में तेजी से बढ रहा बाजार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोबाइल फोन और इंटरनेट के बढ़ने के कारण देश के छोटे इलाकों में भी अब ई-कॉमर्स से खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 72 फीसदी ग्राहकों का मानना है कि उन्होंने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अपनी खरीदी बढ़ा दी है। 21 फीसदी ने कहा, वे पहले की ही जितना खरीदी कर रहे हैं। सात फीसदी ने हालांकि कम शॉपिंग की है। फिक्की और डेलॉय की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र दूसरे व तीसरे स्तर के शहरों में तेजी से बाजार बढ़ा रहा है। मध्यम वर्ग के लोगों की आय में इजाफा हो रहा है। ऐसे में ई-कॉमर्स को इससे मदद मिल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स बाजार के 2023 के अंत तक 85 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद थी।

रिपोर्ट के अनुसार, 59 फीसदी का मानना है कि ई-कॉमर्स पर कम दाम में अच्छा सामान मिलता है। इसलिए वे खरीदी करते हैं। 59 फीसदी लोग सुविधाओं की वजह से जाते हैं। 56 फीसदी ने कहा, पसंद का सामान न होने पर उन्हें रिटर्न करने में सुविधा मिलती है। 51 फीसदी इसलिए खरीदी करते हैं क्योंकि उनको विशेष ऑफर्स मिलते हैं। सात फीसदी ने कहा, उनकी खरीदी का अनुभव अच्छा है।

सर्वे में 45 फीसदी लोगों ने कहा कि वे क्विक कॉमर्स से ग्रॉसरी मंगाते हैं, क्योंकि इसकी डिलीवरी जल्दी होती है। महानगरों में 49 फीसदी तो प्रथम स्तर के शहरों में 47 फीसदी लोग क्विल कॉमर्स से सामान मंगाते हैं। 50 फीसदी महिलाएं भी इसी प्लेटफॉर्म का उपयोग करती हैं। 43 फीसदी पुरुष उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा कि नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता के लिए एक समर्पित उपभोक्ता क्षेत्र परिषद बनाना चाहिए। इस कदम से हमें दो लाख करोड़ डॉलर के उपभोक्ता बाजार की उपलब्धि हासिल करने की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं। उपरोक्त कदमों से हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि 2030 तक हम तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएं।

### पर्सनल केयर, ब्यूटी में 25 फीसदी खरीद ऑनलाइन

रिपोर्ट के अनुसार, होम, ब्यूटी और पर्सनल केयर में 46 प्रतिशत लोग आधुनिक चैनलों से खरीदी कर रहे हैं। 18 प्रतिशत सामान्य चैनलों से और 25 प्रतिशत ई-कॉमर्स के जरिये खरीदी कर रहे हैं। उपभोक्ता और स्वास्थ्य वस्तुओं में 24 प्रतिशत लोग ई-कॉमर्स का सहारा लेते हैं। 33 फीसदी आधुनिक चैनल का उपयोग करते हैं। जिन लोगों की सालाना आय 24,000 डॉलर से कम है वे महंगाई के कारण कम खर्च कर रहे हैं। जिनकी आय 60,000 डॉलर से ज्यादा है, वे प्रमोशन और छूट पर खरीदारी करने पर जोर देते हैं। 78 प्रतिशत ग्राहकों का मानना है कि स्वास्थ्य उत्पादों पर वे ज्यादा कीमत देने को तैयार हैं। 63 प्रतिशत लोग प्राकृतिक तो 55 प्रतिशत लोग आर्गेनिक उत्पादों के लिए ज्यादा कीमत चुकाने को तैयार हैं।

### ज्यादातर लोग कमाई का 20 प्रतिशत तक करते हैं खर्च

सर्वे में 65 फीसदी ने कहा, वे अपनी आय का 20 फीसदी से कम खर्च ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदी पर खर्च करते हैं। 37 फीसदी लोग 20 फीसदी से ज्यादा खर्च करते हैं। 45 फीसदी भारतीयों का विश्वास स्थानीय ब्रांड पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था में एफएमसीजी चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है। 2023 में यह 144 अरब डॉलर का था। इससे 30 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। शहरी ग्राहकों में से 22 प्रतिशत लोग ई-कॉमर्स से एफएमसीजी उत्पाद खरीदते हैं। क्विक कॉमर्स से 12 प्रतिशत लोग खरीदारी करते हैं। सामान्य चैनलों से 25 प्रतिशत लोग खरीदी करते हैं।

## सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोना-चांदी खरीदने वालों को राहत मिली है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ 75,906 रुपए, जबकि चांदी के वायदा भाव 1.11 फीसदी गिर कर 91,328 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। ष्ट्श्वद्वद्ग× पर सोना 2,662.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछ्ला क्लोजिंग प्राइस 2,666 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.20 डॉलर की गिरावट के साथ 2,661.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



चांदी के वायदा भाव 32 डॉलर के भाव पर खुले, पिछ्ला क्लोजिंग प्राइस 31.94 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.35 डॉलर की गिरावट के साथ 31.65 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### सोना 78,700 रुपए के नए रिकॉर्ड पर, चांदी कमजोर

आभूषण विक्रेताओं की लगातार खरीदारी तथा विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोमवार को सोने की कीमत 250 रुपए बढ़कर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। शुक्रवार को सोना 78,450 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 200 रुपए की गिरावट के साथ 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई, जो शुक्रवार को 94,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपए की तेजी के साथ 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## अडानी के 3.26 अरब डॉलर फुर्र, अंबानी को भी नुकसान, एलन मस्क को सबसे बड़ा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार छठे सत्र में गिरावट आई। साथ ही अमेरिकी शेयर बाजारों में भी गिरावट का रुख रहा। इससे दुनिया के टॉप 20 में से 16 की नेटवर्थ में गिरावट आई। सबसे ज्यादा घाटे में एलन मस्क रहे। दुनिया के सबसे बड़े रईस की नेटवर्थ में सोमवार को 6.61 अरब डॉलर की गिरावट आई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस ने 5.12 अरब डॉलर गंवाए जबकि गौतम अडानी को 3.26 अरब डॉलर यानी करीब 2,73,77,88,75,000 रुपये का तगड़ा फटका लगा। एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 1.16 अरब डॉलर की गिरावट आई।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी 96.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 14वें नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 104 अरब डॉलर की तेजी आई है। उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सोमवार को 1.18 प्रतिशत गिरावट आई। सेंसेक्स सोमवार को 638 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में लगातार छह दिन गिरावट आई है और इस दौरान निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मस्क 256 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं। फेसबुक के मार्क जकरबर्ग 207 अरब डॉलर के साथ दूसरे और जेफ बेजोस 204 अरब डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर है। फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड अरनॉल्ट (197 अरब डॉलर) चौथे, लैरी एलिसन (181 अरब डॉलर) पांचवें, बिल गेट्स (160 अरब डॉलर) छठे, लैरी पेज (148 अरब डॉलर) सातवें, वॉरेन बफे (143 अरब डॉलर) आठवें, स्टीव बालमर (142 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (139 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

## टमाटर की बढ़ती कीमतों पर लगाम, अगले 3-4 दिनों में कीमतों में आएगी गिरावट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टमाटर की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में 50 स्थानों पर 65 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेचने की पहल की है। यह बिक्री नैशनल कोऑपरेटिव कंस्यूमर्स फेडरेशन की मोबाइल वैन के माध्यम से दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद में की जा रही है।

सोमवार को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई कि 7 अक्टूबर को दिल्ली में टमाटर का औसत भाव 90 रुपये प्रति किलो था, जबकि एक महीने पहले, 7 सितंबर को यह 43 रुपये प्रति किलो था। सालभर पहले के मुकाबले, जब टमाटर 27 रुपये प्रति किलो था, मौजूदा भाव में 233 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। महाराष्ट्र में भी टमाटर के भाव में भारी उछाल देखा गया है। 7 अक्टूबर को महाराष्ट्र में औसत भाव 61.26 रुपये प्रति किलो था, जबकि एक महीने पहले यह 34.68 रुपये था। पिछले साल के मुकाबले यह भाव 213 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा है। इतना ही नहीं उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने हृष्टष्टस्न की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि अगले 3-4 दिनों में टमाटर की कीमतों में गिरावट आने की उम्मीद है। सीधे मंडियों से टमाटर खरीदकर इन वैन के माध्यम से कम कीमत पर बेच रहा है। मंत्रालय का मानना है कि कीमतों में हालिया उछाल के पीछे बिचौलियों का भी हाथ हो सकता है, जो त्योहारी सीजन में ज्यादा मांग का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार की यह पहल बिचौलियों की हरकतों पर लगाम लगाने का प्रयास है।

## स्पाइसजेट के शेयरों की लंबी उड़ान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** संकट में घिरी एयरलाइन स्पाइसजेट के शेयरों में आज भारी तेजी आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 9.5 प्रतिशत बढ़कर 63 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने घोषणा की कि वह अपने फ्लीट और ऑपरेशन परिचालन को मजबूत करने के लिए नवंबर अंत तक 10 नए विमान जोड़ेगी। 12.15 बजे कंपनी का शेयर 8.10 प्रतिशत तेजी के साथ 62.22 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 79.90 रुपये है। कंपनी का शेयर इसी साल 16 सितंबर को इस मुकाम पर पहुंचा था। कंपनी ने एक्सचेंजेज को दी गई फाइलिंग में कहा कि स्पाइसजेट नवंबर के अंत तक अपने बेड़े का काफी विस्तार करने जा रही है। इसके तहत 10 विमान शामिल किए जाएंगे। यह एयरलाइन की विकास योजनाओं में एक बड़ा कदम होगा। कंपनी ने कहा कि इन 10 विमानों में से सात पट्टे पर लिए जाएंगे जबकि ग्राउंडेड तीन विमानों को फिर से सेवा में लाया जा रहा है। एयरलाइन ने पट्टे पर लिए गए विमानों के लिए पहले ही समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## हुंडई से लेकर स्विगी तक... 4 बड़े आईपीओ का है सबको इंतजार, दांव लगाने के लिए पैसा रखें तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कई दिनों के गिरावट के बाद मंगलवार को शेयर मार्केट में रौनक दिखाई दी। सेंसेक्स शुरुआत तीन घंटों में 300 से ज्यादा अंक चढ़ गया। वहीं दूसरी ओर पिछले महीने शेयर मार्केट में आईपीओ की जो बाढ़ आई थी, वह अभी रुक सी गई है। फिलहाल निवेशकों को बड़े आईपीओ का इंतजार है। अगले कुछ समय में चार बड़े आईपीओ आने वाले हैं। जिन चार बड़े आईपीओ का निवेशकों को इंतजार है, उनमें हुंडई, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी और एथर एनर्जी हैं। इनमें हुंडई देश का सबसे बड़ा आईपीओ ला रही है। यह आईपीओ 25 हजार करोड़ रुपये का होगा। वहीं दूसरी ओर स्विगी को लेकर भी निवेशकों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। इसका कारण इसे जोमैटो से जोड़कर देखा जाना है। क्योंकि जोमैटो के शेयर तेजी से बढ़ रहे हैं। हुंडई के आईपीओ का इश्यू साइज 25 हजार करोड़ रुपये का होगा। यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। इसे सेबी से अप्रूवल भी मिल गया है। अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ एलआईसी का था। एलआईसी साल 2022 में 21 हजार करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। हुंडई दो दशक बाद ऐसी पहली कार निर्माता कंपनी होगी जो आईपीओ लेकर आएगी। इससे पहले मारुति सुजुकी अपना आईपीओ लेकर आई थी।

## ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ शिकायतों का अंबार, सीसीपीए ने थमाया नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक के ई-स्कूटर के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। कंपनी द्वारा शिकायतों का ठीक से निपटारा नहीं करना ग्राहकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। इसलिए ग्राहक केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का रूख कर रहे हैं। इन शिकायतों को देखते हुए सीपीपीए ने भाविश अग्रवाल द्वारा संचालित ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीसीपीए ने कंपनी को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट है कि कंपनी के खिलाफ ग्राहकों की 10,000 से भी ज्यादा शिकायतें पहुंची है।



ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के संस्थापक और सीईओ भाविश अग्रवाल और स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर तीखी नोकझोंक हुई है। इसके बाद सोमवार को बीएसई पर इसके शेयर 8 प्रतिशत गिरकर 90.82 रुपये पर आ गए। उनका विवाद ओला इलेक्ट्रिक के स्कूटरों से संबंधित सेवा मुद्दों पर केंद्रित था। यह टकराव तब शुरू हुआ जब कामरा ने एक ओला डीलरशिप की तस्वीर के साथ एक पोस्ट साझा की, जिसमें बाहर खड़ी कई ओला स्कूटर धूल खा रही थीं। कामरा की पोस्ट आगे बढ़ गई, जब उन्होंने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को टैग करते हुए पूछा, क्या इस तरह से भारतीय ईवी का उपयोग करेंगे? उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विभाग को भी शामिल किया, और उनसे कोई जवाब के साथ इनपुट मांगा। इसके अलावा, उन्होंने ओला इलेक्ट्रिक से संबंधित मुद्दों वाले किसी भी व्यक्ति को टिप्पणियों में अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। जवाब में, अग्रवाल ने कामरा पर पेड ट्वीट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कामरा से चुप रहने और कंपनी को वास्तविक ग्राहकों के लिए मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, और जोर देकर कहा, हम अपने सेवा नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रहे हैं और जल्द ही बैकलॉग को पूरा करेंगे।

## अब कार खरीदने का सपना होगा पूरा, कंपनियों ने दिए बंपर डिस्काउंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप खरीदने की सोच रहे हैं तो इस फेस्टिव सीजन आपका सपना पूरा हो सकता है। त्योहारों के मौजूदा सीजन में कार कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों पर आकर्षक डिस्काउंट और बेनिफिट्स की पेशकश की है, जो 10 हजार से लेकर 3 लाख रुपए तक पहुंच रहे हैं। पिछले महीने की तुलना में कुछ मामलों में यह डिस्काउंट 680 प्रतिशत यानी 7.5 गुना अधिक है, जिससे बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। पिछले साल त्योहारों के दौरान रिकॉर्ड 5.5 लाख कारें बिकीं थीं और इस साल ये रिकॉर्ड टूटने की संभावना जताई जा रही है।



महिंद्रा एंड महिंद्रा ने डिस्काउंट में आक्रामक बढ़ोतरी की है। कंपनी ने अपने थार मॉडल पर कुल बेनिफिट्स बढ़ाकर 1.5 लाख रुपए तक कर दिया है, जबकि पिछले महीने ये बेनिफिट्स सिर्फ 20,000 रुपए थी। इसी तरह होंडा कार्स इंडिया ने अमेज मॉडल पर बेनिफिट्स को 96,000 रुपए से बढ़ाकर 1.12 लाख रुपए कर दिया है, जबकि सिटी पर भी यह 88,000 रुपए से बढ़कर 1.14 लाख रुपए हो गया है।

अक्टूबर के पहले हफ्ते में, कार शोरूम्स में ग्राहकों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। अक्टूबर में दशहरा और दीवाली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान कार कंपनियां साल की 40 प्रतिशत तक गाड़ियां बेचती हैं और इस साल की बिक्री में तेजी आने के संकेत मिल रहे हैं। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवरात्र से लेकर दिवाली तक सिर्फ 24 दिन में 5,47,247 कारें बिकी थीं। कार डीलरों और ऑटोमोबाइल कंपनियों का मानना है कि इस साल त्योहारी सीजन में पिछले साल से ज्यादा गाड़ियां बिक सकती हैं।

### दूसरी छमाही में बढ़ती बिक्री

मारुति सुजुकी इंडिया के सीनियर एक्जीक्यूटिव पार्थ बनर्जी ने कहा कि अगस्त और सितंबर के आंकड़ों में बिक्री में सुधार देखा गया है। इन दो महीनों में ग्राहकों की पूछताछ 14 प्रतिशत और बुकिंग 11 प्रतिशत बढ़ी है, जिससे वाहनों की रिटेल बिक्री में अब तक कुल मिलाकर 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र में तटीय संरक्षण के लिए 42 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक ( एडीबी ) ने महाराष्ट्र में तटीय और नदी तट संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए 42 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण को मंजूरी दी है । एडीबी के एक आधिकारिक बयान के अनुसार , स्वीकृत ऋण स्थानीय समुदायों और प्राकृतिक संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्रों के लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करेगा। एडीबी ने कहा कि महाराष्ट्र में इस ऋण के इस्तेमाल से सतत जलवायु-लचीलेपन के लिए तटीय संरक्षण और प्रबंधन परियोजना के तहत अपतटीय चट्टानें, शीट पाइल्स, समुद्र तट पोषण और वनस्पति रोपण जैसे काम किए जाएंगे ताकि समुद्र तट की स्थिति को बहाल और स्थिर रखा जा सके। एडीबी जल संसाधन विशेषज्ञ मैरी एलहोस्टिस ने कहा, यह परियोजना अपतटीय रीफ निर्माण और चट्टान संरक्षण कार्यों जैसे नए इंजीनियरिंग हाइब्रिड दृष्टिकोणों को अपनाने के लाभों से संबंधित है। इसके साथ ही समुद्र तट और टीलों के पोषण जैसे नरम प्रकृति-आधारित समाधान भी इसके जरिए हासिल किए जा सकेंगे।

## घाटे में चल रही है टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी, भारती एयरटेल ने खरीदने के लिए ठोका दम!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि उसका कोई बिजनस घाटे में चले। लेकिन ग्रुप की कंपनी टाटा प्ले घाटे में चल रही है। यह देश की सबसे बड़ी डायरेक्ट-टू-होम कंपनी है। सूत्रों की मानें तो सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल इस कंपनी को खरीदने के लिए टाटा ग्रुप के साथ बातचीत कर रही है। इसके पीछे उसका मकसद डिजिटल टीवी सेगमेंट में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। यदि यह डील होती है, तो टाटा की सब-स्केल कंटेंट और एंटरटेनमेंट ऑपरेशन से विदाई हो जाएगी।







टाटा ग्रुप और एयरटेल के बीच यह दूसरी डील होगी। इससे पहले भारती ने 2017 में टाटा के कंज्यूमर मोबिलिटी बिजनस को खरीदा था। टियर 1 और टियर 2 शहरों के उपभोक्ता छ्ज्ञ॥ के बजाय अब होम ब्रॉडबैंड पर ओवर-द-टॉप (ह्ज्ञ्ज्ञ) पैक्स में अपग्रेड कर रहे हैं और सस्ते ऑनलाइन विकल्पों का रुख कर रहे हैं। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ता तेजी से दूरदर्शन के फ्री डिश का विकल्प चुन रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि एयरटेल और टाटा के बीच कई सप्ताह से चल रही बातचीत ने अब गति पकड़ ली है और जल्द ही औपचारिक घोषणा की उम्मीद है। टाटा संस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

इस मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि टाटा ग्रुप ने टाटा प्ले के ग्रोथ पर दांव लगाया था। लेकिन मार्केट के डायनैमिक्स में बदलाव से स्थिति बदल गई है। ग्रुप का स्पष्ट तौर पर मानना है कि किसी भी बाजार में उसकी मजबूत और व्यापक उपस्थिति होनी चाहिए। ऐसा लगता है कि टाटा प्ले का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं हुआ। एयरटेल की रणनीतिक योजनाओं और उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले इसके पोर्टफोलियो में टाटा प्ले अच्छी तरह से फिट बैठता है। एयरटेल ने इस बारे में भेजे गए मेल का जवाब नहीं मिला। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के पास अभी टाटा प्ले का 70 प्रतिशत हिस्सा है। उसने अप्रैल में सिंगापुर की निवेश फर्म टेमासेक होल्डिंग पीटीई की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 835 करोड़ रुपये में खरीदी थी। इससे कंपनी का मूल्यांकन .1 अरब हो गया। महामारी से पहले कंपनी की वैल्यूएशन .3 अरब थी। कंपनी का 30 प्रतिशत हिस्सा वॉल्ट डिज्नी के पास है। वॉल्ट डिज्नी इस बिजनस से बाहर निकलने की तलाश में है। रूपर्ट मर्डोक की 21वीं सेंचुरी फॉक्स के साथ 2019 के मेगा-मर्जर के बाद डिज्नी को टाटा प्ले में स्काई की विरासत हिस्सेदारी मिली। टाटा स्काई के 20.77 मिलियन ग्राहकों के साथ 32.7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। भारती टेलीमीडिया 27.8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है। नकदी की कमी से जूझ रही डिश टीवी 20.8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे और सन टीवी डायरेक्ट 18.7 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चौथे नंबर पर है। टाटा प्ले फाइबर ब्रांड के तहत सेवा प्रदान करने वाली टाटा प्ले ब्रॉडबैंड के 480,000 ग्राहक हैं। एयरटेल डीटीएच मुख्य रूप से तीन प्रमुख क्षेत्रों दक्षिण, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में केंद्रित है।

# साउथ अफ्रीका को आयरलैंड ने 69 रन से हराया, फील्डिंग करने कोच जेपी डुमिनी मैदान पर उतरे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में आयरलैंड ने कप्तान पॉल स्टारलिंग और हैरी टैक्टर की शानदार पारी के दम पर प्रोटियाज को 69 रन से हरा दिया। इस मैच में आयरलैंड ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 284 रन बनाए और इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 46.1 ओवर में 215 रन पर आउट हो गई और उसे हार मिली।

प्रोटियाज को तीसरे मैच में हार मिली, लेकिन इस टीम ने 3 मैचों की इस वनडे सीरीज को 2-1 से जीत लिया। तीसरे मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए पॉल स्टारलिंग को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जबकि साउथ अफ्रीका के गेंदबाज लिजार्ड विलियम्स को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इस मैच के दौरान साउथ अफ्रीका टीम के कोच जेपी डुमिनी को फील्डिंग करने के लिए मैदान पर उतरना पड़ा।



## स्टारलिंग और टैक्टर की अर्धशतकीय पारी

आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले खेलने का फैसला किया था और कप्तान पॉल स्टारलिंग ने टीम के लिए अहम 88 रन की पारी 3 छक्के और 8 चौकों की मदद से खेली। हैरी टैक्टर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों पर एक छक्के और 4 चौकों की मदद से 60 रन की पारी खेली। बालबर्नी ने टीम के लिए 45 रन बनाए जबकि टकर ने 26 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की तरफ से लिजार्ड विलियम्स ने शानदार गेंदबाजी की और 10 ओवर में 56 रन देकर 4 विकेट लिए।

## जेसन स्मिथ की पारी गई बेकार

साउथ अफ्रीका के लिए इस मैच में जेसन स्मिथ ने 93 गेंदों पर 4 छक्के और 9 चौकों की मदद से 91 रन की पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल पाया। काइल ने 38 रन का योगदान दिया जबकि स्टब्स ने 20 रन तो फेहलुकवायो ने 23 रन की पारी खेली। आयरलैंड की गेंदबाजी काफी अच्छी रही और इस टीम के लिए ग्राहम ह्यूम और क्रेग यंग ने3-3 तो वहीं मार्क अडायर ने 2 विकेट लिए।

## जेपी डुमिनी ने की फील्डिंग

अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के तीसरे वनडे में साउथ अफ्रीका टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी को कुछ समय के लिए फील्डिंग करनी पड़ी। गर्मी के कारण कई प्रोटियाज खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा, जिसके कारण डुमिनी को मैदान में आकर टीम की मदद करनी पड़ी। गौरतलब है कि कप्तान टेम्बा बावुमा सॉफ्ट टिश्यू इंजरी के कारण तीसरे मैच से बाहर हो गए और वियान मुल्डर भी चोटिल हो गए थे।

# पाकिस्तान के खिलाफ जीत की स्टार रहीं अरुंधति रेड्डी को लगा झटका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे लीग मैच में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी जीत का खाता खोला था। इस मैच में भारत की तरफ से शानदार गेंदबाजी करने वाली अरुंधति रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, लेकिन इस मैच के दौरान उन्होंने कुछ ऐसा किया था जिसकी वजह से उन्हें आईसीसी ने सजा दी। अरुंधति रेड्डी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई। अरुंधती को खिलाड़ी या स्पोर्ट स्टाफ के लिए बनाई गई आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसके तहत उस खिलाड़ी को सजा दी जाती है जो बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करता है साथ ही उसे भड़काने की कोशिश करता है या फिर आक्रामक व्यवहार करता हुआ पाया जाता है। अरुंधति रेड्डी जब पाकिस्तान की पारी के दौरान अंतिम ओवर फेंक रही थीं तब उन्होंने ओवर की चौथी गेंद पर निदा डार को आउट किया और उन्हें इशारा करते हुए पवेलियन की तरफ जाने की बात कही। इस घटना के बाद उन्हें आईसीसी ने उनकी इस हरतक के लिए एक डिमेरिक अंक भी दिया। हालांकि अरुंधति ने अपना अपराध स्वीकार कर दिय और सजा भी स्वीकार कर ली। इसके बाद इसके लिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी।

# साक्षी मलिक ने राजनीति में जाने पर नहीं दी थी विनेश को बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने राजनीतिक डेब्यू में ही गोल्ड जीता। विनेश ने कांग्रेस के टिकट पर जुलाना से चुनाव जीता। उनकी इस जीत के बाद विनेश को सोशल मीडिया पर जमकर बधाई मिल रही है। विनेश को बधाई देने वालों में उनके साथ धरने देने वाली ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक भी शामिल थीं। साक्षी ने विनेश को राजनीति में जाने पर तो बधाई नहीं दी लेकिन विधायक बनने पर लड़ाई की याद जरूर दिलाई। विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया पिछले महीने कांग्रेस में शामिल हुए थे। हालांकि इस तिकड़ी की तीसरी पहलवान साक्षी मलिक ने राजनीति से दूरी बना ली। साक्षी ने दोनों के राजनीति में जाने को लेकर ट्वीट नहीं किया और न ही बधाई दी। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह विनेश और बजरंग का निजी फैसला है। वह इस पर कुछ नहीं कहना चाहतीं। मंगलवार को जब विनेश विधायक बनीं तो उन्हें बधाई देने वाले लोगों में साक्षी मलिक भी शामिल थीं। उन्होंने न सिर्फ विनेश को बधाई दी बल्कि उन्हें पुरानी लड़ाई की भी याद दिलाई। साक्षी ने एक्स पर लिखा, 'संघर्ष की साथी विनेश फोगाट को जीत की बहुत बहुत बधाई। जुलाना और हरियाणा की खूब सेवा करो, देश का नाम ऊँचा करो। जय हिन्द, जय हरियाणा ।'

# रोहित शर्मा 2025 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद लेंगे संन्यास!

## बचपन के कोच ने किया ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इसी साल जून में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. इस ऐतिहासिक जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है. वहीं, अब अगले साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है. टीम इंडिया इस बार भी फाइनल खेलने की बड़ी दावेदार है. ऐसे में सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद वनडे और टेस्ट से भी संन्यास ले सकते हैं. इसी बीच उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने बड़ा बयान दिया है.

दिनेश लाड ने रोहित शर्मा के संन्यास लेने की अफवाहों को खारिज कर दिया है. दिनेश लाड ने बातचीत करते हुए रोहित के संन्यास पर कहा, 'मैं ये नहीं कह रहा हूं कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बाद रोहित शर्मा संन्यास का ऐलान कर देंगे, शायद वह ऐसा कर भी सकते हैं. क्योंकि जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ रही है उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है टेस्ट से वह संन्यास ले सकते हैं. इसकी वजह यह भी हो सकता है कि वह वनडे क्रिकेट के लिए खुद को एक दम फिट रखना चाहते हो. हालांकि, मैं इस बारे में वादा करता हूं कि रोहित शर्मा 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे. रोहित जिस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं वो अविश्वसनीय है.

## क्या 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे रोहित

पिछले साल रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने काफी शानदार प्रदर्शन किया था. टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच जीते थे, लेकिन वह खिताब से एक जीत दूर रह गए थे. हालांकि कप्तान रोहित शर्मा ने 11 मैचों में 54.27 की औसत से 597 रन बनाए थे. वहीं, वनडे वर्ल्ड कप का अगला एडिशन अब 3 साल बाद यानी 2027 में खेला जाना है. इस हिसाब से अगले वर्ल्ड कप तक रोहित 39 साल के हो जाएंगे. टूर्नामेंट अगर सितंबर से नवंबर के बीच ही खेला जाता है तो वह 40 साल के हो जाएंगे. ऐसे में अगर रोहित को 2027 वर्ल्ड कप खेलना है तो उन्हें अपनी फिटनेस पर काफी काम करना पड़ेगा.

दिनेश लाड ने 2023 के फाइनल में मिली हार के बारे में बात करते हुए कहा, 'फाइनल की हार के बाद रोहित नर्वस हो गए थे, लेकिन उन्हें देश के लिए खेलना था आपने देखा ही होगा कि वो अपने देश के लिए हमेशा खेलने के लिए तैयार रहते हैं. उन्होंने आगे भी देश के लिए खेलना है. उस दिन को छोड़ दे तो रोहित शर्मा में शुरू से ही आत्मविश्वास है, आपने देखा होगा कि पूरे वर्ल्ड कप में रोहित सकारात्मकता से बल्लेबाजी कर रहे थे, हार के बाद नर्वस तो हो गए थे क्योंकि वर्ल्ड कप का फाइनल मैच था सारे मैच जीत कर यहां तक आए थे. उस मुकाबले की सबसे बड़ी बात यह रही कि रोहित जल्दी आउट हो गए थे.'





## भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज के बीच संन्यास का ऐलान कर सकते है महमुदुल्लाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश की टीमों के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है. सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने 7 विकेट से बाजी मारी थी. अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 मैच 9 अक्टूबर को दिल्ली अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मुकाबले से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है. एक बड़ा खिलाड़ी इस सीरीज के साथ ही अपने टी20 करियर को खत्म कर सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये खिलाड़ी इस सीरीज के बीच में ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करने वाला है.

# मार्को कर्टो पर नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए फीफा ने लगाया 10 मैचों का प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इतालवी डिफेंडर मार्को कर्टो पर वॉल्व्स फॉरवर्ड ह्वांग ही-चान के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए फीफा द्वारा 10 मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है, जिनमें से पांच मैचों को दो साल के लिए निलंबित किया गया है। कर्टो, जो वर्तमान में कोमो से सीरी बी क्लब सेसेना में ऋण पर हैं, को जुलाई में मार्बेला में एक दोस्ताना मैच के दौरान ह्वांग के साथ दुर्व्यवहार करने का दोषी पाया गया था। ह्वांग ने मैच के दूसरे हाफ के दौरान इस घटना की सूचना दी, जिसके परिणामस्वरूप उनके साथियों ने नाराजगी जताई और डैनियल पोडेंस को रेड कार्ड दिया गया।स्काई स्पोर्ट्स ने फुटबॉल की विश्व शासी संस्था के प्रवक्ता के हवाले से कहा, खिलाड़ी मार्को कर्टो को भेदभावपूर्ण व्यवहार के लिए दोषी पाया गया और उसे 10 मैचों के निलंबन की सजा सुनाई गई। इनमें से आधे मैचों में खेलने पर दो साल की परिवीक्षा अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है, और खिलाड़ी को सामुदायिक सेवाएं प्रदान करने और फीफा द्वारा अनुमोदित संगठन के साथ प्रशिक्षण और शिक्षा प्राप्त करने का आदेश दिया गया है। 25 वर्षीय कर्टो वॉल्व्स के खिलाफ दोस्ताना मैच के एक सप्ताह बाद एक सीजन के लिए लोन पर सीरी बी की टीम सेसेना में शामिल हुए थे।

# हांग-कांग सिक्सेस में हिस्सा लेगा भारत

## हांग-कांग सिक्सेस टूर्नामेंट में तेंदुलकर- धोनी भी ले चुके हैं हिस्सा भारत ने एक बार जीता है इसका खिताब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हांग-कांग सिक्सेस टूर्नामेंट की वापसी 7 साल के बाद हो रही है। यह एक ऐसा क्रिकेट टूर्नामेंट है जो अपने अनूठे प्रारूप के लिए जाना जाता है। इस बार भारत भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा और इसके इसके और रोमांचक होने की संभावना है। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम भी हिस्सा ले रही है ऐसे में एक बार फिर से क्रिकेट फैंस को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच देखने को मिल सकता है। इस टूर्नामेंट ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था जिसमें सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, शेन वार्न, वसीम अकरम, शोएब मलिक, सनत जयसूर्या, अनिल कुंबले, उमर अकमल, ग्लेन मैक्सवेल और डेमियन मार्टिन जैसे खेल के कई दिग्गज खिलाड़ी खेल चुके हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमें हैं जबकि भारत ने 2005 में इसका खिताब जीता था। जब भारत ने आखिरी बार 2012 में हांगकांग सिक्सेस में खेला था, तो उसका प्रतिनिधित्व शफीक खान, अमित उनियाल, अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र फागना, किंचित शाह, मिर्नल सैनी, नीरज चौहान और सुमित अब्बी जैसे खिलाड़ियों ने किया था।

क्रिकेट हांग-कांग ने इस टूर्नामेंट में भारत की हिस्सेदारी के बारे में जानकारी एक्स के जरिए दी। क्रिकेट हांग-कांग ने लिखा कि टीम इंडिया टीम इंडिया धमाकेदार प्रदर्शन करने के लिए कमर कस रही है! धमाकेदार पावर-हिटिंग और छक्कों की बौछार के लिए तैयार हो जाइए, जो दर्शकों को रोमांचित कर देगी! ज्यादा टीमों, ज्यादा छक्कों, ज्यादा उत्साह और ज्यादा रोमांच की उम्मीद करें! हांग-कांग-6 1 से 3 नवंबर 2024 तक वापस आ रहा है! इसे मिस न करें!

## हांग-कांग सिक्सेस के नियम

हांग-कांग सिक्सेस टूर्नामेंट का प्रारूप अपने आप में अनोखा है। इसमें छह-छह खिलाड़ी हर टीम में होते है और दो टीमें छह खिलाड़ियों के साथ मैच खेलती हैं और खेल 5 ओवर का होता है। लीग मैच में एक ओवर में 6 गेंदें फेंकी जाती है जबकि



फाइनल मैच में एक ओवर में 8 गेंदें फेंकी जाती है। वहीं इसके मैच में विकेटकीपर को छोड़कर फील्डिंग करने वाले हर खिलाड़ी को एक ओवर गेंदबाजी करनी होती है। आम तौर पर वाइड और नो-बॉल पर एक रन दिए जाते हैं, लेकिन इसमें 2 रन दिए जाते हैं। एक बल्लेबाज जब 31 रन बना लेता है तो उसे रिटायर होना पड़ता है, लेकिन अन्य सभी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद रिटायर होने वाला बल्लेबाज वापस आकर बल्लेबाजी कर सकता है।

# 15 अक्टूबर से उदयपुर में चौथे नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी क्रिकेट चैंपियनशिप-2024 का होगा शुभारंभ

**जयपुर, एजेंसी।** 40 वर्षों से दिव्यांगता के क्षेत्र में जुटी और दिव्यांग प्रतिभाओं के लिए 5 बार नेशनल प्रतियोगिता आयोजित कर चुके डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) और नारायण सेवा संस्थान (एनएसएस) के तत्वावधान में चौथे नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप-2024 का आयोजन उदयपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों के 400 दिव्यांग क्रिकेटर्स और 100 से अधिक खेल अधिकारी हिस्सा लेंगे। उदयपुर शहर के 5 ग्राउंड में 67 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता 15 से 25 अक्टूबर तक चलेगी। चैंपियनशिप के पोस्टर और ट्रॉफी का विमोचन डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान, महाराज प्रताप सिहं चौहान खाटूश्याम जी कमिटी के अध्यक्ष और पीडी एंड व्हीलचेयर क्रिकेट के चीफ पैट्रन, राजस्थान डिसेबल (डिफरेंटली एबल्ड) क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) की प्रेसिडेंट ज्योत्सना चौधरी और नारायण सेवा के पदाधिकारी जनसम्पर्क प्रमुख




भगवान प्रसाद गौ? एवं मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी ने किया।

इस अवसर पर डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि, नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री प्रशांत अग्रवाल और चेयरमैन संस्थापक श्री कैलाश जी मानव पद्मश्री अलंकृत का जितना अभिनंदन हो उतना कम है। आज तक दिव्यांगजनों हेतु उदयपुर शहर में पांच नेशनल प्रतियोगिता संपन्न हुई है। यह छठी प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचकारी रहेगी। दिव्यांग खिलाड़ी सामान्य लोगों को अपने हौसलों का दम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि, इन खिलाड़ियों का चयन पिछले एक वर्ष में हुए विभिन्न टूर्नामेंट में प्रदर्शन को आधार मानकर किया गया है। ये सभी खिलाड़ी 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के हैं। इस चैंपियनशिप में ज्यादातर खिलाड़ी एक हाथ या एक पैर से अथवा जन्मजात शारीरिक दिव्यांगता से ग्रस्त है। कुछ खिलाड़ियों के शरीर अर्द्धविकसित भी है। सच में दिव्यांगों को मंच देना और उन्हें अधिकार पूर्ण जिंदगी देने के लिए डीसीसीआई और नारायण सेवा संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

24 टीमें लेंगी हिस्सा - राजस्थान, केरल, दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर, बड़ौदा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मुंबई, छत्तीसगढ़, ओडिशा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, विदर्भ, तमिलनाडु, और बिहार।

5 ग्राउंड में होंगे 67 मैच, उद्घाटन और समापन फील्ड क्लब में- इस 11 दिवसीय दिव्यांग प्रतिभा के क्रिकेट कुंभ का भव्य शुभारम्भ 15 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे फील्ड क्लब तथा समापन समारोह इसी ग्राउंड पर 25 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे होगा। समापन समारोह में रोलिंग ट्रॉफी विजेता टीम को दी जाएगी। उदयपुर शहर के फील्ड क्लब, बीएन यूनिवर्सिटी ग्राउण्ड, गीतांजली ग्राउण्ड, नारायण पैरा स्पोटर्स एकेडमी, डबोक और करनपुर क्रिकेट ग्राउण्ड में कुल 67 मैच होंगे। 24 टीमों को चार ग्रुप में बाटा गया है। प्रतिदिन 8 मैच होंगे। दिनांक 15 से 22 अक्टूबर तक चारों ग्रुप के 60 लीग मैच होंगे। 24 अक्टूबर को ग्रुप ए की विजेता का ग्रुप डी की टीम से तथा ग्रुप बी की विजेता का ग्रुप सी की टीम से सेमीफाइनल होगा। दिनांक 25 अक्टूबर को फाइनल फील्ड क्लब में खेला जाएगा।डीसीसीआई के कॉर्पोरेट अफेयर्स कम्युनिकेशन के चेयरमैन व पीडी एंड व्हीलचेयर क्रिकेट के राजेश भारद्वाज ने बताया कि, मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि खाटूश्याम जी राजस्थान और पीडी एंड व्हीलचेयर क्रिकेट के मार्गदर्शन में भारत के बड़े कॉर्पोरेट जगत को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नारायण सेवा संस्थान के जनसम्पर्क प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि, नारायण सेवा संस्थान वर्ष 2017 से दिव्यांग खेलों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने लगा है।



# नेहा धूपिया करेंगी एमटीवी रोडीज सीजन 20 में वापसी

अभिनेत्री नेहा धूपिया एमटीवी रोडीज शो में मेंटर के तौर पर फिर वापसी करने जा रही हैं। नेहा को उनके बोल्ड अंदाज के लिए जाना जाता है। नेहा को इस शो में एक बार फिर से उसी सीधे सपाट फैसले लेते देखा जा सकेगा। नेहा धूपिया के साथ इस शो में रणविजय सिंह और प्रिंस नरूला को देखा जाएगा।

एमटीवी रोडीज के कुछ बहुत ही खास सीजन के बारे में बातें हो चुकी हैं। ये शो अब अपने अगले सीजन के साथ प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आया है। खबरों की मानें तो शो मेकर्स का कहना है कि हमने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन की बाढ़ देखी है और हम उनकी आवाजों को अनदेखा नहीं कर सकते हैं।

# ज़रीन ने विक्रमादित्य मोटवानी की CTRL की तारीफ़ की



**ज़रीन** खान उन मशहूर हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं, जो विक्रमादित्य मोटवानी के लेटेस्ट प्रोजेक्ट CTRL की प्रशंसा कर रहे हैं। खान ने फ़्लिम के बारे में अपने विचार अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए। इससे पहले, अनुराग कश्यप, सामंथा रूथ प्रभु और जैसे कई सेलिब्रिटीज ने फिल्म पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया। यह पहली बार नहीं है, जब ज़रीन ने अपने इंडस्ट्री के लोगों के काम की सराहना की है। अपने सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस ने अपने फैंस और फॉलोवर्स के साथ अपने एक्सप्रेशन और राय साझा करने में कभी संकोच नहीं किया।

खान फिलहाल अपने फिटनेस वीडियो के लिए सुर्खियों में हैं, जिसने उनकी सिल्वर स्क्रीन वापसी को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है। हाल ही में, आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान, एक्ट्रेस ने वादा किया था कि उनके दर्शक उन्हें जल्द ही स्क्रीन पर देख पाएंगे। अभिनेत्री ने कथित तौर पर कुछ दिलचस्प प्रोजेक्ट साइन किए हैं, जिनकी घोषणा वह जल्द ही करेंगी।

# गुडाचारी 2 के सेट पर घायल हुए इमरान

**इमरान** हाशमी हाल ही में गुडाचारी 2 की कास्ट में शामिल हुए हैं। हैदराबाद में एक इंटेंस एक्शन सीन की शूटिंग के दौरान गर्दन में चोट लग गई है। बताया जा रहा है कि अभिनेता जंप सीक्वेंस के दौरान घायल हो गए, जिससे उनकी गर्दन पर गहरा कट लग गया।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक तस्वीर में अभिनेता की चोट के साथ खून भी दिखाई दे रहा है, जिससे उनके प्रशंसकों में चिंता बढ़ गई है। इमरान हाशमी हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग कर रहे थे।

## अभिनेता का इलाज जारी

रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान हाशमी को यह चोट तब लगी, जब वे एक कठिन स्टंट फिल्मा रहे थे। प्रोडक्शन सेट से एक सूत्र ने बताया, इमरान एक एक्शन सीन की शूटिंग कर रहे थे, तभी उनकी गर्दन में चोट लग गई। चोट संभवतः जंपिंग सीन के दौरान लगी। सौभाग्य से, ऐसा लगता है कि चोट का इलाज किया जा रहा है और इमरान हाशमी जल्द ही फिल्मांकन फिर से शुरू कर सकते हैं।

## इमरान हाशमी की दूसरी तेलुगु फिल्म

अगस्त में अभिनेता अदिवी शेष ने इमरान हाशमी के गुडाचारी 2 में शामिल होने की घोषणा की थी, जिसने तुरंत प्रशंसकों को सहयोग के लिए उत्साहित कर दिया था।

यह फिल्म अदिवि सेश के साथ इमरान हाशमी की दूसरी तेलुगु परियोजना है, जिसने दर्शकों के बीच एक उच्च-ऑक्टेन जासूसी थ्रिलर होने की उम्मीद के साथ प्रत्याशा पैदा की है।



# इस्कॉन की ओर से तोहफा पाकर खुश हुईं प्रियंका चोपड़ा

**ऐतराज**, दिल धड़कने दो, फैशन और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास को स्कॉन की ओर से एक उपहार मिला, जिसे उन्होंने अपने फैंस के साथ शेयर किया है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में एक किताब और एक लेटर की तस्वीर शेयर की है। जिस पर उनकी बेटी का नाम लिखा है। अभिनेत्री ने तस्वीर पर बस धन्यवाद ही लिखा। इससे पहले अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा की और सबके बारे में बताया भी। लंबे चौड़े नोट से जाहिर किया कि इन दिनों उनका जीवन कैसा है कैसे वो प्रोफेशन और पारिवारिक दायित्वों को निभा रही हैं। पिक्स और शॉर्ट्स ज्यादातर सिटाडेल के लोकेशन से हैं। प्रियंका ने बताया है कि इस बार कैसे उनका किरदार नादिया कुछ अलग होगा। प्रियंका ने 1 से लेकर 15 तक तस्वीरें और छोटे वीडियो शेयर किए हैं। अभिनेत्री इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। डे टू डे लाइफ का अपडेट देती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी ग्रूमिंग और ग्रोथ की ओर इशारा करती तस्वीरें साझा की थी।



## रणवीर ने सिंघम अगेन में अपने को-स्टार

# टाइगर को अपना मैन क्रश बताया !

**बॉलीवुड** के यंगेस्ट एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ ने रोहित शेट्टी की कॉप-यूनिवर्स में सिंघम अगेन के साथ शानदार शुरुआत की है, जिसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज़ किया गया।

ट्रेलर लॉन्च के मौके पर, श्रॉफ के को-स्टार रणवीर सिंह ने यंगेस्ट एक्शन किंग की तारीफ़ की और खुद को उनका बहुत बड़ा फैन बताया। उन्हें अपना मैन क्रश बताते हुए सिंह ने कहा कि शायद दुनिया में टाइगर, जितना स्पेशल और उनके जितना स्किल्ड कोई नहीं है। उन्होंने श्रॉफ की माइकल जैक्सन की तरह डांस और ब्रूस ली की तरह लड़ने की क्षमता की भी प्रशंसा की। सिंह ने कहा, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूँ और आपके साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।



टाइगर ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, जस्ट ए टाइगर एंटरिंग द लायन डेन. ग्रेटफुल टू बी किककिंग एस अलोंगसाइड डीज लीजेंड्स. ट्रेलर आने के बाद से ही टाइगर के फैंस, जिन्हें टाइगेरियन के नाम से भी जाना जाता है, सोशल मीडिया पर एक्टर और उनकी अब तक की सबसे मासी स्क्रीन एंट्री की तारीफ कर रहे हैं।

एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, आवर मोस्ट फेवरेट एंड पावरफुल कॉप गूजबम्प्स। जबकि दूसरे यूजर ने उन्हें बाप ऑफ बॉलीवुड कहा। ट्रेलर लॉन्च के समय, टाइगर श्रॉफ के इर्द-गिर्द हिस्टीरिया साफ देखा जा सकता था, क्योंकि इवेंट खत्म होते ही एक्टर फैंस के प्यार से लबरेज नजर आए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वह अपने फैंस के साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ लेते नजर आ रहे हैं, जिससे उनकी विनम्रता लोगों का दिल जीत रही है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी डेब्यू फिल्म से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। जहां हीरोपंती वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 77.9 करोड़ रुपये की शानदार कमाई के साथ एक कमर्शियल हिट के रूप में उभरी।



# अमेरिकन एक्ट्रेस ओलिविया मुन्न के लिए ओरिगेमी से भी ज़्यादा मुश्किल है बेबी रैप

**अभिनेत्री** ओलिविया मुन्न को अभी भी पेरेंटिंग कला में पूरी तरह महारत हासिल नहीं है। 44 वर्षीय अमेरिकी अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इसका मकसद फैलो मॉम से बेबी रैप का सही तरीके से उपयोग करने की सलाह लेना था, ताकि वह अपनी 3 हफ्ते की बेटी मेई को सीने से लगाकर घूम सकें। इस वीडियो में मुन्न अपनी बेटी के साथ किचन में खड़ी हैं।

थोड़ी कंफ्यूज हैं और कह रही हैं, मुझे पता है कि मैं यह गलत कर रही हूं, इसलिए मैं ऐसे ही रहने दे रही हूं। मुन्न ने गुजरे वक्त को याद किया। उन्होंने अपने 2 साल के बेटे मैल्कम का जिक्र करते हुए कहा, मैं मैल्कम के समय से ही एक मॉम रैप बनाना चाहती थी, लेकिन मैं कभी नहीं समझ पाई। यह बहुत मुश्किल है। मुन्न ने इसके बाद करीने से समझाया है कि रैप होता क्या है बोले, अगर आपको नहीं पता कि यह क्या है, तो यह एक बड़ा, लंबा कपड़ा होता है जिसे आप अपने चारों ओर लपेटते हैं और यह आपके बच्चे को आपसे चिपका कर रखता है। इस वजह से आपके हाथ खाली होते हैं और आप कोई दूसरा काम कर सकते हैं - लेकिन क्या करूं मैं तो अब तक इसे समझ नहीं पाई हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि जो मां ऐसा कर सकती हैं, वे क्वीन हैं। इसके साथ ही उन्होंने माना कि वह अभी भी अपनी बेटी को सही तरीके से लपेटने के सबसे अच्छे ट्यूटोरियल की तलाश में हैं।

बोलती हैं, यह बहुत मुश्किल है। यह ओरिगेमी से भी ज्यादा मुश्किल है। यह बहुत पागलपन भरा है। मुझे नहीं पता कि यह कैसे करना है। मैंने यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टिकटॉक सब देखा है। और वहां कई मां आपको बताएंगी कि यह मुश्किल नहीं है, लेकिन यह है। यह बहुत कठिन है। इस पोस्ट पर मुन्न के कई प्रशंसकों और मांओं ने बेबी-वियरिंग रैप के इस्तेमाल का सही तरीका समझाया है।

# सिंघम अगेन में काम करने को लेकर बोलीं करीना...



रोहित शेट्टी की फिल्म का लंबे समय से दर्शकों को इंतजार रहा है। फिल्म का ट्रेलर मुंबई में भव्य तरीके से लॉन्च किया गया। इस दौरान करीना कपूर ने कहा कि यह फिल्म उनके बगैर अधूरी थी। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है। सिंघम अगेन का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार प्रशंसकों के लिए रिलीज हो गया है।

एक्शन और ड्रामा के शानदार कॉम्बो से साथ इस ट्रेलर में रामायण का एक दिलचस्प मोड़ भी दिखाया गया है। रोहित शेट्टी की फिल्म का लंबे समय से दर्शकों को इंतजार रहा है। फिल्म का ट्रेलर मुंबई में भव्य तरीके से लॉन्च किया गया। इस दौरान करीना कपूर ने कहा कि यह फिल्म उनके बगैर अधूरी थी। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है।

**करीना ने खुद को बताया जरूरी**

फिल्म में करीना कपूर एक बार फिर अवनी के किरदार में दर्शकों का मनोरंजन करने वाली हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, रामायण में सीता न हो ऐसे हो नहीं सकता, रोहित शेट्टी की फिल्म में करीना कपूर न हो कभी ऐसा नहीं हो सकता। बता दें कि अभिनेत्री गोलमाल रिटर्न्स से लेकर सिंघम रिटर्न्स और अब सिंघम अगेन तक शेट्टी की अधिकांश फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

**रोहित शेट्टी का किया धन्यवाद**

करीना ने आगे बताया, बहुत-बहुत धन्यवाद, जाहिर तौर पर, रोहित और अजय को हमेशा मेरा समर्थन करने के लिए और मुझे इस पुरुष-केंद्रित फिल्म में हमेशा विशेष भूमिका देने के लिए। इसके अलावा इस फिल्म में सीता मां का प्रतिनिधित्व करने के लिए, मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

**फिल्म के कलाकारों के लिए कही यह बात**

उन्होंने फिल्म से जुड़े सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया और कहा, रोहित और अजय हमेशा मेरे पसंदीदा रहेंगे। मुझे लगता है कि मेरे सारे फैंस और हर कोई यह जानता है। इसलिए टाइगर, रणवीर और मेरे प्यारे दोस्त अर्जुन और अक्षय जैसे बाकी कलाकारों के साथ काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं सबसे बहुत प्यार करती हूं।

**इन सितारों से सजी है फिल्म**

बात करें सिंघम अगेन की तो फिल्म में दीपिका शक्ति शेट्टी के रूप में नजर आएंगी, जो कॉप यूनिवर्स की पहली महिला हैं। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में रणवीर सिम्बा के रूप में अपनी भूमिका को फिर से दोहराएंगे। फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार जैसे कलाकार भी हैं।

# रवि किशन को सिंघम में मिला 'विराट किरदार'



**रोहित** शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिंघम अगेन' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेता रवि किशन ने रोहित शेट्टी और अजय देवगन की जमकर तारीफ की। उन्होंने अजय को अपना भाई और दोस्त बताया। साथ ही अभिनेता ने पूरे परिवार के साथ फिल्म देखने का आग्रह किया।

रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिंघम अगेन' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही। इस दौरान अजय देवगन, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, रवि किशन और अन्य लोगों को इवेंट के दौरान देखा गया। सभी ने फिल्म को लेकर अपने-अपने अनुभव साझा किए। अभिनेता रवि किशन ने रोहित शेट्टी के साथ काम करने के अपने अनुभव बताएं। अभिनेता ने बताया कि रोहित के साथ काम करने का उनका सपना था, जो कि अब जाकर पूरा हुआ। उन्होंने याद किया कि जब उन्होंने सिंघम थिएटर में देखी थी तभी सोच लिया था कि वह रोहित शेट्टी के साथ काम करेंगे।

## क्या कहा रवि किशन ने

ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रवि किशन ने खुद को भाग्यशाली बताया और कहा कि रोहित शेट्टी ने उन्हें बहुत विराट किरदार दिया। इसके लिए वह उनके आभारी हैं। अभिनेता ने कहा, 'मैं बड़ा भाग्यशाली हूं। हर कलाकार का सपना होता है, मैंने जब 'सिंघम' देखी तो मुझे लगा की मैं एक बार इनके साथ जरूर सिनेमा करना चाहूंगा। जब ग्रह नक्षत्र बदलते हैं तो यह हुआ'

## अजय के लिए कही यह बात

अभिनेता ने अजय देवगन को अपना भाई और दोस्त बताया। रवि किशन ने कहा, एक अच्छे भाई और मित्र के रूप में अजय सर मिले, बहुत समय के बाद एक दोस्त मिला मुझे। मैंने आपके साथ बहुत समय बिताया है। लोग कहते हैं ना दोस्त की परिभाषा क्या होती है मैंने 30 से 40 दिन आपके साथ बिताए। ये सारे लोग जो हैं हम इन्हें दिल से प्यार करते हैं। पूरा भारत, पूरा विश्व इनको प्यार करता है। ये वो लोग हैं। 'बहुत विराट रूप में लाया है मुझे'

रवि किशन ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, रोहित सर मुझे पूरे विराट रूप में लाए हैं। आप लोग देखेंगे, तो आपको अच्छा लगेगा, हमारे जो रामायण को जानना चाहते हैं। पूरा देश दिवाली के दिन धन्यवाद देगा रोहित सर को।' साथ ही अभिनेता ने दिवाली पर फिल्म को पूरे परिवार के साथ देखने का आग्रह किया।

# दूसरे धर्म में शादी पर बोलीं प्रियामणि

**सिनेमा** फिल्मों जगत में दूसरे धर्म में शादी करना और दिल लगाना आम बात है। इंडस्ट्री के ऐसे कई कपल हैं, जिन्होंने धर्म की दीवार तोड़कर अपना घर बसाया है। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने दूसरे धर्म में जहीर इकबाल से शादी की है। दोनों की शादी पर काफी बवाल मचा था। सोशल मीडिया पर ट्रोल्स ने जमकर सिन्हा परिवार पर निशाना साधा था और उल्टा सीधा बोला था। ऐसे में अब उन्होंने ट्रोल्स को जवाब दिया है और बताया क्या कुछ सहना पड़ा था। इस दौरान उन्होंने दूसरे धर्म में शादी पर ट्रोलिंग को लेकर खुलकर बात की और बताया कि कैसे लोग लव-जिहाद करने लगे थे।



प्रियामणि ने ट्रोलिंग पर बात करते हुए कहा कि वो जन्म से ही हिंदू हैं और हमेशा अपने धर्म का पालन करेंगी। उन्होंने बताया कि ईद सेलिब्रेशन की फोटोज शेयर करने के बाद लोग उन्हें ट्रोल करने लगते हैं कि उन्होंने नवरात्रि की तस्वीर क्यों नहीं शेयर की। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने बताया कि नेटिजन्स उन पर आरोप लगाते हैं कि उन्होंने धर्म परिवर्तन किया है और तो और उन्हें लव जिहाद, मुस्लिम और उनके बच्चे आतंकवादी बनने जा रहे हैं, जैसे मैसेज करते हैं।

-साभार एजेंसी